e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 81

# प्रभात मंत्र

शनिवार
25.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
महत्व इस बात का नहीं है कि आप कितने अच्छे है, महत्व इस बात का है कि आप कितना अच्छा बनना चाहते है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रोजा का समय

इफ्तार (25/03/23) 06:03
सेहरी (26/03/23) 04:25

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## मां कुष्माण्डा



**सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।**
**दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।**

माता दुर्गा के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्माण्डा पड़ा। नवरात्रों में चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहज चक्र में स्थित होता है। अतः पवित्र मन से पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। मां की उपासना मनुष्य को स्वाभाविक रूप से भवसागर से पार उतारने के लिए सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माता कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधिव्याधियों से विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाती है। अतः अपनी लौकिक, परलौकिक उन्नति चाहने वालों को कूष्माण्डा की उपासना में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### गिरिडीह और जमुई का हार्डकोर नक्सली सुनील मरांडी हथियार के साथ गिरफ्तार



**गिरिडीह :** बिहार की जमुई पुलिस ने एसएसबी के साथ ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन चलाकर गिरिडीह और जमुई के हार्डकोर नक्सली सुनील मरांडी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जमुई पुलिस ने सुनील मरांडी को दो दिन पहले गिरफ्तार किया है। लेकिनअभी तक आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा जा रहा है। पुलिस सूत्रों की माने तो सुनील मरांडी गिरिडीह के भेलवाघाटी और बिहार के जमुई के चरकापत्थर इलाके का एरिया कमांडर भी है। सुनील मरांडी जमुई के चरकापत्थर थाना के टोलापहाड़ गांव का रहने वाला है। सुनील मरांडी पर अर्जुन हेंब्रम और चतुर हेंब्रम की हत्या का आरोप है। दोनों पिता-पुत्र थे। साल 2019 में दोनों की हत्या को अंजाम दिया था। बताया जा रहा कि सुनील मरांडी का अपना दस्ता था। अपने दस्ते के साथ ही यह दोनों जिलों के इलाके में कमांड भी रखता था। सुनील मरांडी दोनों जिलों के ठेकेदारों से लेवी भी वसूलता था। दोनों ही जिलों की पुलिस को सुनील मरांडी की तलाश थी।

### सरहुल महोत्सव में शामिल हुए सीएम, सरना स्थल में विधि-विधान से की पूजा अर्चना

# जल-जंगल व जमीन के कारण है हमारा वजूद : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जल-जंगल-जमीन है,तभी हमारा वजूद है।अगर हम प्रकृति को संरक्षित नहीं कर पाए तो आने वाली पीढ़ी को कई बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में प्रकृति के साथ छेड़छाड़ को रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सिरमटोली सरना समिति की ओर से आयोजित सरहुल महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों की तरह शहर भी हरा -भरा रहे, इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सरना स्थल में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर राज्य वासियों के सुख- समृद्धि,उन्नति और खुशहाली की कामना की।।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरहुल का त्यौहार एक ओर हमें प्रकृति से जोड़ता है तो दूसरी तरफ अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति का सुखद अहसास कराता है। यही वजह है कि आदिवासी समाज वर्षों से प्रकृति पूजा की परंपरा को निभाते चले आ रहे हैं।।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में हमारी जरूरतें जिस तेजी से बढ़ रही है, उसी हिसाब से चुनौतियां भी सामने आ रही है। इसका सीधा असर हमारी प्राकृतिक व्यवस्था व्यवस्था पर पढ़ रहा है । अगर अपनी जरूरतों और चुनौतियों के बीच संतुलन नहीं बना पाए तो इसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा ।ऐसे में जरूरत है कि प्रकृति की गोद से जो हम हासिल कर रहे हैं, उसे पूरा लौटाना तो नामुमकिन है, लेकिन पेड़ लगाकर और पेड़ बचाकर हम प्रकृति के प्रति कुछ तो अपना योगदान कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने जंगल के साथ नदी-नाले और पहाड़ों को बचाने के लिए भी लोगों से आगे आने को कहा।



### करमटोली में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में हुए शामिल हुए सीएम

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आदिवासी छात्रावास करमटोली में सरहुल महोत्सव में पारंपरिक विधि- विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत मांदर बजाकर लोगों के साथ खुशियां बांटी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छात्रावासों को सुसज्जित और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का सरकार ने निर्णय लिया है । छात्रावासों के जीर्णोद्धार का कार्य भी शुरू हो चुका है । इस कड़ी में आदिवासी छात्रावास को भी नया आयाम देने की कार्य योजना बन चुकी है। यहां बच्चे और बच्चियों के लिए अलग-अलग मल्टी स्टोरी छात्रावास बनेगा, जहां पढ़ाई करने वाले 500 लड़के और 500 लड़कियों के रहने की मुकम्मल व्यवस्था होगी । उन्होंने रांची वीमेंस कॉलेज के साइंस और आर्ट्स ब्लॉक के जीर्णोद्धार करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना और मसना स्थल आदिवासियों की आस्था से जुड़ा है। इसे संरक्षित रखने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि सामाजिक धरोहरों को अक्षुण्ण रखने में समाज को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। सरकार के प्रयास और आपके योगदान से हम अपने सामाजिक -धार्मिक धरोहर को अलग पहचान दे सकते हैं।

# पीएम ने वाराणसी को दी 1780 करोड़ रुपए की सौगात



**एजेंसी**

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। यहां पहुंचने पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनकी अगवानी की. पीएम ने लगभग 1780 करोड़ रुपए की 28 परियोजनाओं की सौगात दी. प्रधानमंत्री ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित किया. कहा कि काशी नगरी शाश्वत धारा है. यह हजारों वर्षों से मानवता के प्रयासों और परिश्रम की साक्षी रही है. चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, जब सबका प्रयास होता है तो नया रास्ता भी निकलता है. मुझे विश्वास है कि टीबी जैसी बीमारी के खिलाफ वैश्विक संकल्प को काशी एक नई उर्जा देगी.

पीएम ने कहा कि एक देश के तौर पर भारत की विचारधारा वसुधैव कुटुंबकम् की रही है. यानी पूरी दुनिया एक परिवार है. ये विचार आधुनिक विश्व को एक जैसी दृष्टि और एकीकृत समाधान दे रहा है. जी20 की थीम भी एक दुनिया एक परिवार एक भविष्य रखा गया है. इससे पूर्व पीएम ने बटन दबाकर वन वर्ल्ड टीबी समिट की शुरुआत की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और अन्य के साथ संवाद भी किया.पीएम ने कहा है कि टीबी का कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहने पाए. इसके लिए हमने एक नई रणनीति अपनाई. टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग और ट्रीटमेंट के लिए इसे आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है.

इसके अलावा टीवी की बीमारी की फ्री में जांच के लिए देशभर में लैब की संख्या भी बढ़ाई गई हैं.बता दें कि क्षय रोग उन्मूलन को लेकर वाराणसी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. यह तीन दिनों तक चलेगा. इसमें देश के साथ ही विदेशों के विशेषज्ञ भी मंथन करेंगे. सम्मेलन में भारत समेत 10 देशों के स्वास्थ्य मंत्री व अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री, डॉक्टर व कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी अध्यक्षता करेंगे. हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है.

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, तीन घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका/राजमहल।** संथाल परगना छेत्र के दुमका व राजमहल में हुए सड़क दुर्घटना में तीन की मौत हो गई और तीन घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार शुकवार को राजमहल में दो छात्र और दुमका में एक महिला की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई ,जबकि इस हादसे में तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल के महाजन टोली निवासी सूरज राय उर्फ संचित राय उम्र 18 वर्ष पिता रंजीत राय , कासिम बाजार के रोहित साहा उम्र 17 वर्ष पिता महादेव साहा और तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दरला निवासी रोहन महतो उम्र 17 वर्ष पिता अंबिका महतो तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर राजमहल से तीनपहाड़ की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में राजमहल तीनपहाड़ मुख्य पथ




पर काटपुल के पास बाइक चालक का संतुलन बिगड़ने से उक्त बाइक पुल में लगे रेलिंग से टकरा गई। जिससे सूरज और रोहन दोनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई । जबकि एक छात्र रोहित साहा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण पुल में बने रेलिंग से बाइक की जबरदस्त टक्कर हुई। तीनों छात्रों को घटनास्थल पर पड़े देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राजमहल थाना के एसआई अमन कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तथा तीनों को अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया। जहां चिकित्सकों ने दो छात्रों को मृत घोषित कर दिया। इधर दुमका के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर सहारा ग्रामीण बैंक के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक महिला की पहचान थाना क्षेत्र के लूसीटांड गांव निवासी 66 वर्षीय भगवती देवी के रूप में हुई है। घायलों में थाना क्षेत्र के ही लूसीटांड़ गांव के रहने वाले 50 वर्षीय कमल दास और उसका 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार दास हैं। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी संतोष कुमार ने घायलों को फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेजा।

# झारखंड में 25 से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, येलो अलर्ट जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में शनिवार से फिर मौसम बदलेगा। तीन दिन तक आंशिक बादल के साथ मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। इसे देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी कर दिया गया है।

राज्य के दक्षिणी पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में 25, 26, 27 मार्च को कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात के साथ 30 से 40 किमी तेज हवा चलने की संभावना है। 28 मार्च को राज्य के पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं बारिश के साथ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.7 सेल्सियस सिमडेगा में दर्ज किया गया। वहीं, रांची का अधिकतम तापमान 31.2 सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.2 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### अगले छह दिनों में कैसा रहेगा मौसम का मिजाज

**25 मार्च :** सामान्यतः बादल छाये रहेंगे। एक-दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस की संभावना।

**26 मार्च :** बादल छाये रहेंगे। एक-दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस।

**27 मार्च :** आंशिक बादल छाये रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस।

**28 मार्च :** आंशिक बादल छाये रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस।

**29 मार्च :** गर्जन वाले बादल भी बन सकते हैं। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस।

# लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होना : सुबोधकांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध की गई कार्रवाई मोदी सरकार की तानाशाही का परिचायक है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कानून को ताक पर रखकर आनन-फानन में राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर अपनी मंशा जता दी है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। इससे भाजपा का चाल, चेहरा और चरित्र उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष पुराने मामले में सूरत के एक न्यायालय द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाने के बाद उसी कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी और शीर्ष न्यायालय में अपील करने के लिए 30 दिनों की मोहलत दी। इसके बावजूद केंद्र की मोदी सरकार ने न्यायालय के निर्देशों को दरकिनार कर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द करने संबंधी आदेश जारी कर दिया। मोदी सरकार की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि देश में संवैधानिक संस्थाओं का पूरी तरह दुरुपयोग किया जा रहा है।

श्री सहाय ने कहा कि संसद में राहुल गांधी अपना पक्ष रखने का अनुरोध करते रहे,लेकिन भाजपा के सदस्यों ने उन्हें बोलने नहीं दिया और जानबूझकर



सदन को बाधित किया। भाजपाइयों को यह पता चल गया था कि राहुल गांधी जब अपना वक्तव्य देंगे तो भाजपा को पूरी तरह बेनकाब कर देंगे। इसीलिए सोची-समझी साजिश के तहत संसद की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करते रहे और सदन को चलने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद संभवतः यह पहला अवसर है, जब सत्ता पक्ष ने ही सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी। श्री सहाय ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कृत्य अलोकतांत्रिक है। जनप्रतिनिधियों और जनता के मौलिक अधिकारों का हनन है। कांग्रेस पार्टी स्वच्छ संसदीय राजनीति में विश्वास रखती है और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने के लिए कृतसंकल्पित है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपानीत सरकार द्वारा राहुल गांधी के लोकसभा की सदस्यता रद्द किया जाना लोकतंत्र का गला घोंटने के समान है। यह कार्रवाई घोर निंदनीय है। उन्होंने केन्द्र सरकार के इस निर्णय की तीव्र भर्त्सना की।

# लोहरदगा: टांगी से काटकर दो की हत्या




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा:** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया टाना टोली में सुनील टाना (20) ने सगी बहन सुमति कुमारी (16) का टांगी से मारकर हत्या कर दी। भंडरा पुलिस ने हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में इस्तेमाल किये गए टांगी को बरामद कर लिया है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने वारदात की सूचना दी। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेजा गया है। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# रेलवे सुरक्षा बल जपला ने छत्तरपुर बाजार से रेलवे टिकट के दो अवैध कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद( पलामू) :** छतरपुर बाजार स्थित एस0के0 डिजिटल स्टूडियो एवं फोटोस्टेट, कंप्यूटर एंड प्रेस÷ नामक दुकान में रेलवे सुरक्षा बल थाना के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल जपला के अधिकारियों व स्टाफ के द्वारा छापामारी किया गया। उक्त छापामारी के दौरान दुकान में इस्तेमाल किया जा रहे लैपटॉपों व दुकान संचालक साथ सहायक के मोबाइलों को चेक करने पर उसमें से 17 भविष्य टिकट मूल्य ?36614.45/- तथा 35 पुराना रेलवे का टिकट मूल्य Rs 65948.85/- पाया गया। फलस्वरूप कानूनी कार्यवाही के दौरान दुकान में मौजूद दो लैपटॉप दो मोबाइल साथ 01 प्रिंटर व 02 माउस को जप्त किया गया और दुकान संचालक दीपक कुमार उम्र 25 वर्ष पिता महेंद्र साहू पता सुनार मोहल्ला छतरपुर छतरपुर पलामू झारखंड तथा सहायक आले रसूल उर्फ छोटू उम्र करीब 23 वर्ष पिता राशिद अंसारी पता पटखाही छतरपुर पलामू झारखंड को गिरफ्तार किया गया और जपला लाया गया जहां से समस्त कागजाती कार्यवाही करने के पश्चात दोनों को भेजा गया जेल। आम जनता को ज्ञात हो कि आईआरसीटीसी के पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे टिकट की खरीद फरोख्त, रेलवे टिकट का व्यापार करना गैर कानूनी है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव के समीप एनएच 98 पर गुरुवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में घायल 24 वर्षीय युवक नवीन कुमार की इलाज के दौरान वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। मृतक कौवाखोह स्थित अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय में कार्यरत सेमरवार निवासी कलपू पासवान का पुत्र था। स्वजनों ने बताया की वह गुरुवार की रात करीब 9 बजे अपने बाइक द्वारा सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा से अपने घर लौट रहा था। तभी उक्त स्थान पर अज्ञात ट्रैक्टर ने उसके बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ले जाया गया था जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेजा गया है।

## ब्रह्मचारी विश्वकर्मा की मौत की खबर सुन परिजनों से मिलने पहुंचे डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत बेलहरा ग्राम निवासी ब्रह्मचारी विश्वकर्मा की मौत 19 मार्च को हो गई थी जिसकी खबर सुन डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उनके घर पहुंचे एंव उनके परिजनों से मिल इस दुख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया एवं आर्थिक सहयोग भी किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा मैं इस परिवार के लिए हमेशा सुख-दुख में खड़ा रहूंगा. यह परिवार मेरे अपने परिवार से कम नहीं है। बताते चलें कि श्री चंद्रवंशी विश्रामपुर- मझियांव विधानसभा का एक ऐसे ऊर्जावान युवा प्रत्याशी हैं जिन्होंने इस क्षेत्र के लिए हमेशा समर्पित रहा है. मौके पर पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, महेंद्र प्रसाद साहू, रत्नाग पंचायत के मुखिया शशि भूषण पाल, महामंत्री मनोरंजन गुप्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री मिथुन, नागेश्वर यादव, नंदकिशोर चंद्रवंशी,सुखदेव राम, राधेश्याम विश्वकर्मा, डॉ अनिल विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, रघुवीर चंद्रवंशी, बैजू सिंह, पवन गुप्ता, अजीत सिंह, अजीत चंद्रवंशी, ओम प्रकाश, सुरेश पासवान, मनोज चंद्रवंशी, छोटू दुबे, प्रमुख प्रतिनिधि अरुण चंद्रवंशी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## ए के सिंह कॉलेज जपला के राष्ट्रीय सेवा इकाई में दहेज प्रथा उन्मूलन को लेकर निकाली रैली

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा योजना ए के सिंह कॉलेज जपला इकाई के द्वारा गोद लिए हुए गांव कोरिया डी, देवरी कला पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन के तीसरे दिन आज दहेज प्रथा उन्मूलन विषय पर विचार गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, और रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, ग्राम निवासी राजेंद्र प्रसाद मेहता व सरजू प्रसाद मेहता के द्वारा किया गया। यह शिविर भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल होकर कार्यक्रम से प्रेरणा लिए और सबों ने एक साथ इस तरह के कार्यक्रम को सराहना किया। नैंसी कुमारी दिव्या कुमारी आलोक कुमार विश्वकर्मा शक्ति ठाकुर शीतल कुमारी किरण कुमारी सुप्रिया कुमारी शुभम कुमार नीरज कुमार शुभम प्रकाश रिया कुमारी छोटी कुमारी अंजली कुमारी खुशी विश्वकर्मा अमरेश प्रेमशंकर अतुल कुमार सिंह अनिकेत ओझा विकी कुमार चंचल, बिंटेस कुमार रिंकी कुमारी रोशनी कुमारी अस्मिता कुमारी अमृता कुमारी और सहित अनेकों स्वयंसेवक व विद्यार्थियों ने उक्त सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# हैदर नगर, बहेरा नहर के पास 34 मवेशियों को पकड़कर हैदर नगर पुलिस प्रशासन को सौंप गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** हैदरनगर क्षेत्र गौ तस्करी के लिए आम हो गया है।आए दिन यंहा से बड़े पैमाने पर पशु तस्करी की जाती रही है। पशुओं के तस्करी के लिए तस्कर अलग-अलग तरह के पैतरे अजमा रहें है।अब ये गाड़ी में नहीं बल्कि हांक कर पशुओं को झारखंड के सीमा पार कर बिहार पहुंचा रहे हैं, ताकि किसी को शक न हो। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद सख्त हुई तो तस्करों ने तरीका बदल लिया। कई युवा पैसों के लालच में पशुओं को पैदल झारखंड से बिहार पँहुचाते है। जंहा से मवेशियों को गाड़ी पर लाद कर बंगाल भेजा जाता है। शुक्रवार की सुबह बजरंग दल व विहिप कार्यकर्ता सक्रिय दिखे।इन्हें सूचना मिली कि बड़े पैमाने पर पशुओं को ग्रामीण इलाकों के नहर मार्ग से ले जाया जा रहा है।सूचना मिलते ही वे बहेरा गांव के समीप नहर पर पँहुच गए। कार्यकर्ताओं को आता देख तस्कर पशुओं को छोड़ वंहा से भाग निकले। विहिप के कार्यकर्ताओं ने तत्काल हैदरनगर पुलिस को सूचना दी। कार्यकर्ताओं ने 30 पशुओं को पुलिस के हवाले कर दिया। गौ रक्षकों ने कहा कि आए दिन हैदरनगर से गौ तस्करी जारी है। गौ तस्करों में प्रशासन का कोई भय नहीं है।आखिर पुलिस गौ तस्करी रोकने में क्यों नकम है। पुलिस पशु तस्करों पर रोकथाम करें नही तो लोगो का आक्रोश कभी भी फुट सकता है।

# रोटरी स्कूल (आनंद शंकर), चैनपुर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** स्थानीय रोटरी स्कूल (आनंद शंकर), चैनपुर में आज दिनांक 24/03/2023 को सत्र 2022-23 का वर्ग एल.के.जी. से वर्ग IX एवं वर्ग XI का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पूरे सत्र में ऑफलाइन कक्षाएँ चली ढ्ढ शिक्षक / शिक्षिकाओं के प्रयास तथा अभिभावक के सहयोग से विगत वर्ष की अपेक्षा इस सत्र में प्राप्तांकों का प्रतिशत बढ़ा है ढ्ढ प्रत्येक कक्षा में प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को तथा पूरे सत्र में उपस्थित रहने वाले एवं विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहने वालों को उनके अभिभावक के समक्ष प्राचार्य एवं चैनपुर थाना प्रभारी श्री उदय कुमार गुप्ता के द्वारा पारितोषिक व प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस वार्षिक परीक्षा में वर्ग एल.के.जी. के प्रियंका कुमारी (100त्न), यू.के.जी के रौनक पाण्डेय (100त्न) एवं सृष्टि कुमारी (), वर्ग ढ्ढ की सृष्टि कुमारी (98.3प्रतिशत), ढ्ढढ्ढ की अंजली कुमारी (96.3त्न), ढ्ढढ्ढक्क की रिद्धि कुमारी(95.15त्न), ढ्ढढ्ढढ्ढ की आराध्या गुप्ता (95.5प्रतिशत), IIIB के सत्यम कुमार (96.1 प्रतिशत), IV की अपेक्षा कुमारी (96.6 प्रतिशत), V के अनंत राज (97.4 प्रतिशत), VIA की अफरीन फिरदोश (89.7 प्रतिशत), VIB के आकर्ष राज (92.1त्न), VIIA वेद प्रकाश (93.3त्न), VIIB की प्रिया कुमारी (94.1त्न), ङ्ख के देव पुकार पाल (98.6त्न), VIIIB के प्रियांशु सिंह (98.6 प्रतिशत), VIIIC के आयुष पाठक (96प्रतिशत), IXA के आनंद पाण्डेय (92.8त्न) एवं कुनाल सिंह (92.8 प्रतिशत), IXB के मयंक गोपाल (90.3 प्रतिशत), ढ्ढङ्ग्ष्ट की साक्षी दुबे (89.7त्न), ङ्गढ्ढ के पंकज कुमार(81.4त्न), ङ्गढ्ढक्क की अनु कुमारी (91त्न) ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। विद्यालय के अध्यक्ष रो. ए.एन. शर्मा ने परीक्षाफल पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ये बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं ढ्ढ इन पर हमें गर्व है ढ्ढ उन्होंने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में ऊँचाइयों को छुने की बात कही। विद्यालय के कार्यपालक निदेशक रो. ए.के. तिवारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आप अधिक से अधिक परिश्रम कर आगे बढ़ें। विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्लेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि वैश्विक महामारी ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ - 19 के कारण विगत सत्र का परीक्षाफल प्रभावित हुआ था , पर इस सत्र में नियमित ऑफलाइन कक्षाएँ चली हैं जिसके कारण प्राप्तांकों का प्रतिशत बढ़ा है ढ्ढ हमारा एक ही उद्देश्य है।

## रामकथा के दूसरे दिन भगवान राम तथा भगवान शिव भारतीय संस्कृति के बारे में बताया



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के चितविश्राम ग्राम में चैत नवरात्र के अवसर पर आयोजित रामकथा के दूसरे दिन मानस प्रिया सुमित्रा देवी ने कहा कि भगवान राम तथा भगवान शिव भारतीय संस्कृति के आदर्श है.उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने जहां राम के आदर्शो का गुणगान किया है, जो आज भी अनुकरणीय है वहीं शिव के महादानी होने के साथ समभाव रखने का संदेश भी दिया है.उन्होंने कहा कि सत्संग व रामकथा के पंडाल में आनेवाला बालक संस्कारवान बनेगा.उन्होंने कहा कि बच्चा आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर बनेगा की नही इसकी कोई गारंटी नही है, लेकिन यदि रामकथा के पंडाल में वह आयेगा तो इंसान जरूर बनेगा। उन्होंने कहा कि जिस घर मे बड़े, बुजुर्गो, माँ-बाप के चेहरे पर मुस्कान नही होती वह घर श्मशान है, वहां लोग शरीर रूप में तो रहते है पर इंसान रूप में नही रहते। उन्होंने कहा कि इंसानियत का पाठ इन्ही पंडालों में पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों में आज डिग्रियां तो बांटी जाती है पर वहाँ इंसानियत का पाठ नही पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग से ही विचार बदलते हैं. कुम्हार अपने विचार से ही सुराही बनाता है जो स्वयं शीतल रहकर लोगो को भी शीतल जल प्रदान करता है,वहीं कुम्हार चिलम बनाकर लोगो के जीवन मे भी आग लगाता है और स्वयं भी जलता है.उन्होंने कहा कि आज इंसानियत और चरित्र का निर्माण नही हो पा रहा है.ऊंचे ओहदे पर बैठा व्यक्ति भी चरित्र व इंसानियत से कोसो दूर जा रहा है.उन्होंने कहा कि आज हर गली में रावण भारत की संस्कृति व संस्कार का क्षरण करने के लिए बैठा है.इसलिए हर घर मे राम और लक्ष्मण के संस्कार व आदर्श की जरूरत है.श्री रामकथा में तेज प्रताप पांडेय, दुनिया सिंह,अवध पांडेय, दयानंद पांडेय, विनोद कुमार, देवेंद्र पांडेय, सुग्रीव चौधरी, विजय ठाकुर, इंद्रमणि सेठ, मनोगी राम, लक्ष्मण राम, दुर्गेश पांडेय, हरि पांडेय, सुमेद साव, सुग्रीव पांडेय, कमलेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय परशुराम भार्गव सेना ने झारखंड प्रदेश प्रवक्ता रामनिवास तिवारी को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** राष्ट्रीय परशुराम भार्गव सेना के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां सेना के प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी व पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता रामनिवास तिवारी को भगवा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। साथ हीं संगठन और भी बेहतर व मजबूत स्थिति में खड़ा करने का संकल्प दिलाया। विदित हो कि विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी रामनिवास तिवारी को राष्ट्रीय परशुराम भार्गव सेना का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। वे समाज के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं जिसे देखते हुए झारखंड ईकाई के द्वारा प्रवक्ता की जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राम निवास तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण को सरकार के द्वारा अपेक्षीत किया जाता रहा है। आरक्षण का लाभ ब्राह्मण को मिलना चाहिए। सरकार ब्राह्मण को 10 प्रतिशत ईडब्लूएस का लाभ दे कर लौलीपोप थमा दिया है। मौके पर उमेश तिवारी, बालमुकुंद तिवारी, रितिक चौबे आदि मौजूद थे।

## रामनवमी व रमजान को लेकर उंटारी रोड थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड थाना परिसर में शुक्रवार को रामनवमी और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी पर्व के अवसर पर शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकाली जानी चाहिए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित कुमार ने कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द वातावरण में संपन्न करें वहीं समितियों को बताया गया कि डीजे साउंड नहीं बजाना है। अगर कोई डीजे साउंड बजाते हुए पकड़ा जाएगा तो कार्यवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने कहा की असामाजिक तत्वों पर पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। मौके पर एएसआई राजकुमार शर्मा, चंडी प्रकाश, रमेशचंद्र महतो, पूर्व प्रखंड प्रमुख रामसेवक राम, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, समाजसेवी कृष्णा पाल, मुरमाखुर्द मुखिया रामबचन राम, ओमप्रकाश गुप्ता, रामपरिखा मेहता, अगस्त तिवारी, सतेश्व मेहता, अरबिंद मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर जल जागरूकता रथ को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता एवं अनुश्रवण हेतु प्रखंड वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों व गांवो में घूम-घूम कर आम लोगों को जल की गुणवत्ता एवं अनुश्रवण के साथ हमारे दैनिक जीवन में जल के महत्व के बारे में जागरुक करने का कार्य करेगी।मौके पर बीडीओ रतन कुमार ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में हम सभी को सामूहिक रूप से जल बचाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने प्रखंड वासियों से जल को बचाने की अपील की। मौके पर मोहम्मद शमीम, बीरेंद्र कुमार, कुंदन कुमार सिंह, सुनील यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## हैदरनगर के इमाम ने दी क्षेत्र के लोगों को रमजान उल मुबारक की मुबारकबाद

**हैदर नगर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूरे हिंदुस्तान में रमजान का चांद गुरुवार को नजर आया। शुक्रवार से रमजान उल मुबारक की शुरुआत हो गई। हैदरनगर की बड़ी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अहमद अली खान ने कहा कि रमजान उल मुबारक का महीना अल्लाह की इबादत का महीना है। दुनियाभर के मुसलमान के लिए रमजान का महीना बेहद खास होता है। रमजान के महीने में लोग एक महीना तक लगातार रोजा रखते हैं और पांच वक्त की नमाज अदा कर अल्लाह से दुआ मांगते हैं।उन्होंने क्षेत्र वासियों को मुबारकबाद देते हुए सौहार्द के साथ मानने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस माहे रमजान में अल्लाह ताला सभी को रहमतों और बरकतों से नवाजे। उन्होंने मुसलमानों से इस माह कसरत से इबादत करने, सदका व खैरात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस महीने में इबादत और अल्लाह की राह में खर्च करने का सवाब सत्तर गुणा ज्यादा मिलता है।

# किसान मित्र संघ ने बैठक कर किसानों की समस्या पर किया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड के किसान मित्र संघ की बैठक जपला स्टेशन परिसर में स्थित आशुतोष धाम मंदिर के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान मित्र संघ के अध्यक्ष सह हुसैनाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा जी ने की जबकि संचालन संघ के सचिव सुदर्शन सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में किसान मित्र एवम किसानों की समस्या पर विस्तार से चर्चा किया गया। संघ के अध्यक्ष बैठा ने कहा कि झारखंड सरकार किसान विरोधी सरकार है। सुखाड़ और महंगाई की मार झेल रहे किसानों की हालत बद से बदतर हो गई है। आजादी के पचहत्तर वर्ष के बाद भी किसान परिवार अच्छी शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, भोजन, कपड़ा और मकान के लिए तरस रहे हैं और इनके चुने गए प्रतिनिधि सरकार में बैठ कर गुलछर्रे उड़ा रहे हैं ।सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजना सिर्फ अखबार के पन्ने पर चल रही है। पीएम किसान योजना, फसल राहत योजना, sukhad राहत योजना, बीज वितरण योजना, केसीसी योजना, अन्य सभी योजनाओं से धीरे धीरे वंचित किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित किसान मित्र नागेंद्र सिंह, नवल किशोर उपाध्याय, जितेन्द्र सिंह, कन्हाई राम, जनेश्वर बैठा, राजकुमार पाल, सुनील पाठक, मदन सिंह, विजय सिंह, सुनील सिंह, सतेंद्र सिंह बिपिन सिंह, मधुसूदन पाठक, अर्जुन कुमार यादव, विनय यादव, सुजीत मेहता, मदन गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, अनिल यादव, राजकुमार यादव, मिथलेश सिंह, बिमल सिंह, प्रमोद सिंह, अरुण सिंह, अजय सिंह, विजय ठाकुर, अखिलेश सिंह, सुदामा यादव, एवम अन्य।

## पवित्र माह रमजान के पहला जुम्मे की नमाज अकीदत के साथ किया गया अदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पवित्र माह रमजान के पहला जुम्मे की नमाज शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा किया गया। पारंपरिक लिबास में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लाह की शान में सजदा किया। नगर उंटारी जामा मस्जिद, चेचरिया मस्जिद, बरडीहा जामा मस्जिद,नरही जामा मस्जिद, कधवन जामा मस्जिद, कोलझिकि मस्जिद, हुलहुला, सोनवर्षा, सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने जुम्मा की नमाज अदा किया.नमाज अदा करते समय मुस्लिम धर्मावलंबियों ने क्षेत्र में अमन और चैन की दुआएं मांगी. रमजान माह के अवसर पर इस विशेष नमाज में काफी संख्या में नमाजियों ने भाग लिया। जुम्मे के इस नमाज में जामिया इस्लामिया जब्बारिया पेश इमाम अब्दुल कादिर साहब ने पवित्र रमजान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने तकरीर में कहा कि रमजान रहमत और बरकत का महीना हैं. इस महीने में रोजा रखने से खुदा खुश होता है। इसी पाक महीने में कुरान पाक नाजिल हुआ.नगर उंटारी अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान ने कहा रोजेदार खुशनसीब हैं,जिसके लिए हर रोज जन्नत सजायी जाती हैं। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को खुदा से करीब करता है। अल्लाह ने फरमाया है रोजा मेरे लिए है और मैं ही इसका अजर बदला अता करूंगा। रमजान का महीना रहमतों की बारिश का महीना है। मौके पर सदर तौहिद खान, तस्लीम खान सीनियर, आमिन खान, तस्लीम खान, शमीम खान, शोएब आलम, महमूद आलम सीनियर, तौकीर आलम, फुलटुन खान, सहित अन्य लोग उपस्थित थे. बरडीहा मस्जिद में नमाज अदा करने वालो में सदर व पूर्व मुखिया मुश्ताक अहमद शेख, हाफिज मनउवर अंसारी, डॉ ताहिर हुसैन, डॉ रिजवान अहमद, साजिद रजा, मसउवर अंसारी,उस्मान अंसारी, अमीर हसन अंसारी, मौलाना आबिद हुसैन, हाफिज सैफुल्लाह अंसारी, तौहिद आलम, परवेज आलम, रासिब, भानु, मकसूद, गुलाम, समसिर अजीजी, अ सलम सहित बड़ी संख्या लोग शामिल थे।

## तीन बच्चों की मां निकली षड्यंत्र कर अपने प्रेमी की हत्या करने की आरोपी

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया भलवही मोड़ पर मिली शव का सतबरवा पुलिस ने 20 दिन के अंदर में हत्यारा को खोज निकाला। ज्ञात हो कि मनिका प्रखंड के दुंदु गांव निवासी अशोक राम 34 वर्ष का शव बकोरिया प्रेमी महुआ के पास मिला था जिसका अनुसंधान सतबरवा पुलिस ने करते हुए हत्यारा सुनील यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि अशोक राम की हत्या चंपा देवी नाम की महिला के त्रिकोणीय प्रेम संबंध में किया गया है, चंपा देवी का मायके जान्हो मनिका वही ससुराल दुन्दु मनिका है। शादी से पूर्व चंपा देवी का प्रेम संबंध सुनील यादव के साथ था और शादी के उपरांत अपने चचेरे ससुर अशोक राम के साथ बन गया था इस बात की भनक पूर्व प्रेमी सुनील को हो गई थी। जिसे लेकर 4 मार्च को सुनील के दबाव में आकर प्रेमिका चंपा देवी ने प्रेमी (मृतक) अशोक राम को फोन करके बुलाया और रात्रि में ही सुनील यादव अपने सहयोगी उदयपुरा तरहसी के कईला यादव के साथ मिलकर अशोक राम को आपने कब्जे में लेकर सतबरवा थाना क्षेत्र के प्रेमी महुआ के पास मारपीट करते हुए मफलर से गला घोट देता है जिंदा ना रहे इस बात को ध्यान में रखते हुए कनपटी पर पत्थर से वार कर हत्या कर दिया ओर दुर्घटना का रूप देकर रांची मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल सहित मृतक को फेंक देता है जिसे 5 मार्च को पुलिस ने शव को बरामद कर पलामू एसपी चंदन सिन्हा निर्देशानुसार अनुसंधान करते हुए हत्या का खुलासा किया और मामले दर परत खुलती चली गई।


आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
सुशासन
विकास
रोज़गार
डबल इंजन की सरकार
6 साल
यूपी खुशहाल
कानून का राज
75,746 माफियाओं/अपराधियों पर कार्रवाई
अवैध रूप से अर्जित ₹11,841 करोड़ की संपत्ति जब्त/ध्वस्त
खुशहाल किसान
₹2 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान
568 लाख मीट्रिक टन गेहूँ एवं धान क्रय कर किसानों को ₹1 लाख 4 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान
सामाजिक सुरक्षा
15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन
98.28 लाख निराश्रित महिला, वृद्धजन एवं दिव्यांगजन को ₹1,000 मासिक पेंशन
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
ऑपरेशन कायाकल्प से 1,38,000 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाएं
रोशन प्रदेश
ग्रामीण क्षेत्र को 18-20 घंटे, तहसील मुख्यालय को 20-22 घंटे तथा जनपद मुख्यालय को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति
सबको शुद्ध जल
हर घर नल योजना के अंतर्गत 35,495 ग्राम पंचायतों में पेयजल की सुविधा
एक जनपद - एक मेडिकल कॉलेज
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन
5.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी
यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023
₹35 लाख करोड़ निवेश के एमओयू
94 लाख रोजगार के अवसर
एक्सप्रेस प्रदेश
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 5 निर्माणाधीन
सर्वाधिक एयरपोर्ट
9 एयरपोर्ट संचालित, 12 निर्माणाधीन
सर्वाधिक शहरों में मेट्रो रेल सेवा
5 शहरों में संचालित, 5 में निर्माणाधीन
सर्वाधिक एमएसएमई
96 लाख इकाइयां संचालित
रेवेन्यू सरप्लस स्टेट
डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग हब
डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण
पर्यटन का उभरता केन्द्र
श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विकास
अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण
कुम्भ, दीपोत्सव, रंगोत्सव एवं देव-दीपावली का भव्य आयोजन
किसान कल्याण मिशन
मिशन शक्ति
मिशन रोज़गार
INVEST UP
एक जनपद एक उत्पाद
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# स्वास्थ्य मेला, स्वास्थ्य साक्षरता कार्यक्रम के रूप में हो रहा सफल : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के मुरहू प्रखण्ड के एल.एन हाई स्कूल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 600 से अधिक संख्या में ग्रामीणों ने इलाज कराया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सुगम रूप से मरीजों का इलाज किया। साथ ही मोबाईल यूनिट के माध्यम से भी चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, शशि रंजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसमें विशेष रूप से उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार ऊपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रमुख, मुखिया, जनप्रतिनिधि व अन्य शामिल हुए।



उपायुक्त ने सभी जांच शिविर का निरीक्षण किया, उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर परिवर्तन प्रदर्शित होगा।

आगे उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य का बेहतर रूप से परीक्षण व जाँच किया गया एवं उसके बाद उचित परामर्श दिया गया।

साथ ही, नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखो की जांच की जा रही है एवं दृष्टि प्रभावित लोगों के बीच चश्मा का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों, पारामेडिकल कर्मी की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया आयाम कायम हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रयास हमारी प्राथमिकता है। एक ही परिसर में मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, स्वास्थ्य परीक्षण, मोबाइल वाहन, सिकल सेल, विशेषज्ञों की टीम का परामर्श, न्यूरो से संबंधित गंभीर रोगों का इलाज किया गया है। साथ ही ग्रामीणों के बीच चश्मा का भी वितरण किया गया एवं निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही खूँटी जिला को पर्यटन के आकर्षण केंद्र के रुप में भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील विचारों का परिचायक खूंटी जिला नए आयाम बनाएगा। आगे उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा, कृषि व अन्य क्षेत्रों में भी उचित व सक्रिय कार्य किये जा रहे हैं। खूंटी जिला विकास की असीम संभावनाएं बटोरे हुए है और स्वास्थ्य मेला जैसे प्रयास ही इन्हें सार्थकता प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विकास का अहम मानक है जिसे बेहतर बनाने की दिशा में सभी सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि निश्चित ही ऐसे कार्यक्रम उदाहरण है कि किस प्रकार स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकता लोगों तक पहुंच रही है।

शिविर में विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों के इलाज के लिए उपस्थित रहें।

उक्त स्वास्थ्य शिविर में शिशु रोग, महिला रोग, दांत रोग, हड्डी रोग, हृदय रोग, टी.बी, चर्म रोग, पेट रोग, न्यूरो रोग, नेत्र रोग, यूरो रोग, मधुमेह रोग, रक्त रोग आदि रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहें।

साथ ही विशिष्ठ रूप से छ्वस्क्क कैंप, पेयजल कैंप, आयुष्मान कैंप, कृषि व पशुपालन विभाग , मनरेगा, ष्ठद्बष्ठ कैंप, एवं जिला समाज कल्याण के द्वारा कैंप लगाया गया। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच फोर्टीफाइड चावल का वितरण किया, साथ ही सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के तहत लाभ का वितरण किया गया।

हेल्थ कैंप में आने वाले लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था दाल भात योजना के तहत की गई थी। हेल्थ कैंप से मिलने वाले लाभ के लिए ग्रामीण उत्साहित रहें, उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण कराया साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की बीमारियों के संबंध में जानकारी भी ली। स्वास्थ्य मेला ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य साक्षरता कार्यक्रम के रूप में सफल बन रहा है।

इसी कड़ी में उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुरहू का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डों के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने एवं आमजनों को जागरूक करने हेतु स्वास्थ्य सेवाओं के डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा चिकित्सकों व नर्सिंग स्टॉफ की उपस्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य उपकरणों की आवश्यकता अनुसार सूची बनाई जाय। जिससे उचित रूप से स्वास्थ्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने कहा कि आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं के सम्बंध में निर्देशित किया, ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

# सदर विधायक ने सरना धर्मावलंबियों को दी सरहुल की बधाई, कहा प्रकृति के संरक्षण का संदेश है यह त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर भाजपा विधायक मनीष जायसवाल सदर प्रखंड स्थित पतरातु बस्ती (हुडहुडू) में सरना समिति, पतरातु बस्ती (हुडहुडू) द्वारा आयोजित सरहुल जुलूस में कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पहुंचने पर विधायक मनीष जायसवाल का झारखंडी रीती-रिवाज से स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। सरना धर्मावलंबियों ने सखुआ फुल भेंट कर,अबीर-गुलाल लगाकर, सरहुल पर्व का प्रतिक हरे रंग का पगड़ी बांधकर व फुल-माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। सदर विधायक श्री जायसवाल ने पतरातु बस्ती में सरना स्थल पर पूजा-अर्चना कर प्रकृति से जुड़े आराध्य देवी- देवताओं का ध्यान और मनन किया। यहां से सरहुल जुलूस को विधायक मनीष जायसवाल ने सरहुल मैदान धुमकुड़िया के लिए रवाना कराया।



इस क्रम में श्रद्धालु पुरी तरह सरहुल के रंग में सराबोर हो गये और खूब थिरके और नगाड़े पर भी जमकर थाप लगाया। सरहुल नृत्य की सतरंगी छटा व महिला- पुरुषों के थिरकते पावों की पुरनूर झंकार व गडगडाहट के पूरी तरह उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सरहुल भारतीय आदिवासी सभ्यता व संस्कृति के साथ प्रकृति के संरक्षण का संदेश समाज में बिखेरने का सकारात्मक कार्य करता है। यह त्यौहार हमें उत्साह, उमंग और जोश को बरकरार रखते हुए नए कोपलों संग नए तरीके से प्रकृति से जुड़कर जीवन जीने की कला भी सिखाती है।

उन्होंने यह भी कहा कि झारखंडी आदिवासी सभ्यता और संस्कृति का कायल समस्त विश्व रहा है। विधायक श्री जायसवाल ने सभी सरना धर्मावलंबियों को सरहुल की ढेर सारी शुभकामनाएं भी दी । मौके पर नगर निगम की महापौर रोशनी तिर्की, स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अविनाश यादव, पूर्व मुखिया महेंद्र बेक, सरना समिति हुडहुडू पतरातु अध्यक्ष कार्तिक कुजूर, सचिव देवतुल्य तिग्गा, दिनेश उरांव, पवन तिग्गा, रमेश कुजूर, मिकु तिग्गा, धनंजय तिग्गा, मिंटू कुमार, दिलीप यादव, नरेश कच्छप, सुरज बेक, धनश्याम लकड़ा, मुकुल तिग्गा, राजू कच्छप, निरंजन खाखा, आकाश कुजूर, अमर सिंह, पवन कुमार, छोटू खान, मुरली दास, शंकर प्रसाद, सूरज बहादुर, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# अरगड्डा झोपड़ी में सरना स्थल में जय सरना ट्रस्ट के ने किया सरहुल पूजा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा झोपड़ी में सरना स्थल में जय सरना ट्रस्ट के द्वारा सरहुल पूजा का आयोजन किया गया द्य और पाहन बेचन उरांव व पाहन रतु उरांव के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना कि गई द्य मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक उराँव ने कहा की प्रकृति की उपासना का पर्व सरहुल है सरहुल पर्व जल ,जंगल व जमीन से जुड़े सरहुल हमें पेड़ पौधों की पूजा करने की सीख देती है और आदिवासी समाज की महिलाओं व पुरुषों ने एक दूसरे को अबीर और सरईया का फूल लगाकर बधाई दी द्य मौके पर पाहनइन मंजू उरांव, पाहनइन सुनीता उरांव, सुरेंद्र मुंडा , सुखदेव बेदिया, निशा उरांव केंद्रीय सदस्य, विक्की करमाली ,गोपाल उरांव, आशीष उरांव, अभय उरांव, प्रिया ,मिक्की , नेहा , शांति , संगीता ,रावनी, संध्या , तनु आदि कोई उपस्थित थे ।

## धनवार रामनवमी महासमिति के कमेटी का विस्तार



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत धनवार के सुप्रसिद्ध शिव मंदिर धनवार के प्रांगण में सुबह 8ः00 बजे शुक्रवार को रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित की गई।नवनियुक्त रामनवमी महासमिति अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए।सचिव प्रकाश साव का चयन किया गया। सदस्य कृष्णा केसरी,छतरधारी साव, संजय केसरी, रामसहाय यादव, राजेश ठाकुर, उमेश यादव,अशोक सिंह, मनोज यादव, सकलदेव यादव, टुक लाल राणा,विजय साव, महादेव यादव, मनोज कुशवाहा, जागेश्वर साव, शंकर केसरी, मनोज केसरी, का चयन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार की रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की तरह हम सभी राम भक्तों को मर्यादित होकर भव्य तरीके से राम जन्म उत्सव मनाएंगे।उन्होंने धनवार वासियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था बनाने में महासमिति व जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। मौके पर महादेव यादव,प्रकाश साव, शिव शंकर महतो,मनोज कुमार यादव, मनोज कुमार कुशवाहा, सकलदेव यादव, कृष्णा केसरी, राजेश प्रसाद केसरी, विजय प्रसाद केसरी,अर्जुन साव,सहित कई राम भक्त मौजूद थे।

## आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिन : सुरजीत नागवाला

**हजारिबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने राहुल गांधी के सदस्यता रद्द होने पर भारतीय लोकतंत्र का काला दिन बताया। जिस तरह भाजपा की सरकार ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द कराने का काम किया है वह किसी भी रुप से लोकतंत्र के अस्तित्व समाप्ति की पहल है, भारत में जहां एक और गरीब आम जनता के पैसों को लेकर बड़े-बड़े व्यापारी देश छोड़कर भागने का काम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी बहुत ही बेबाकी से और मजबूती से देश के लोकतंत्र की मजबूती को लेकर निडरता से अपनी बातों को कह रहे हैं कि भाजपा को किसी भी तरह से स्वीकार नहीं है। आज जिस तरह केंद्र सरकार ईडी सीबीआई और तमाम जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और कांग्रेस के लोगों को दबाने का काम कर रही है यह देश की जनता भली-भांति देख रही है। केंद्र की सरकार गरीब आम जनता की सरकार नहीं है यह पूजी पतियों की सरकार है और अडानी और अंबानी जैसे लोगों को बढ़ा कर देश को गर्त में ले जाने का काम भाजपा के लोग कर रहे हैं। हम सभी कांग्रेस के साथी मजबूती से राहुल गांधी के साथ खड़े हैं और पूरी निडरता के साथ गलत का विरोध करते रहेंगे, जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर सदन तक अब जोरदार आंदोलन होगा और मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम कभी कांग्रेस के साथी करेंगे।



# कर्रा में निकाली गई सरहुल शोभायात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड स्तरीय सरहुल शोभा यात्रा में आज शुक्रवार को कर्रा चौक स्थित कर्रा पुलिस एंव कर्रा अंचल कार्यालय के सौजन्य से सरहुल में उपस्थित मां चाला आयो के हजारों भक्तों के बीच चना, गुड एवं शर्बत का वितरण किया गया। कर्रा पुलिस एंव अंचल कार्यालय परिवार द्वारा सभी प्राकृतिक के पुजारीक एंव उपासको को प्राकृतिक का पर्व की शुभकामनाएं दी।

# सरना समिति ने किया सरहुल पुजा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ गंडके में सरना समिति द्वारा सरहुल पुजा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो रामगढ़ उपप्रमुख पुनीता देवी सर्वप्रथम पहान द्वारा सखुवा फुल व गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया ।साथ ही पुजा के बाद जुलुश निकाला गया । जिसमें बजरंग महतो ने कहा कि झारखंड में प्रकृति का त्यौहार यानी कि सरहुल की शुरुआत सरहुल आदिवासियों का प्रमुख त्योहार माना जाता है। इस दिन आदिवासी समुदाय के लोग तालाब से मछली और केकड़ा पकड़ने का काम करते हैं. सरहुल के पहले दिन मछली के जल से अभिषेक किया जाता है और उस जल को अभिषेक किए गए जल को घर में छिड़का जाता है. दूसरे दिन उपवास रखा जाता है. तीसरे दिन पाहन (पुजारी) हम आदिवासी समाज के लोग धरती माता की पूजा किया करते हैं. भगवान और धरती माता से प्राथना करते हैं कि धरती पर मौजूद समस्त प्राणी और पेड़ पौधे स्वस्थ रहें. सभी जीव जंतुओं को दाना पानी मिलता रहे. बारिश ठीक से हो, ताकि हम खेती बाड़ी कर सकें. मौके पर कमेटी के लोग व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।



# खतियानी समर्थकों का गुस्सा फुटा, किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** जयराम महतो के द्वारा विधानसभा घेराव को लेकर हुई गिरफ्तारी के बाद सिल्ली खतियानी समर्थकों का गुस्सा फूटा।जयराम समर्थक द्वारा गुरुवार की शाम रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग एवं टाटा रोड को सिल्ली बुंडू चौक में घंटो जाम किया गया एवं मुरी गोला मुख्य मार्ग पर सिंगपुर चौक के पास सड़क पर टायर जलाकर सड़क को जाम किया गया !जयराम महतो की रिहाई की मांग की गई !



इधर जाम की सूचना मिलते ही सिल्ली अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ओपी प्रभारी बब्लू कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं जाम कर रहे समर्थकों को समझा-बुझाकर जाम हटाने के प्रयास किया गया। इस क्रम में लगभग दोनों साइड छोटी बड़ी वाहनो की लंबी कतार लग गई।जयराम के समर्थकों द्वारा सिल्ली अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया !जिसके बाद समर्थकों द्वारा सड़क को खाली कर दिया गया !

# मुरी रेलवे फाटक पर पत्थर का स्लैब लगने से लोगों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** रेल फाटक पर पत्थर का स्लैब लगा दिए जाने से जनता को इसमें परेशानी दिखाई दे रहा है। इस संबंध में कई लोगों ने रेलवे पर प्रश्न उठा दिया कि जब रास्ता रेलवे दूसरा नहीं बना कर दिया गया, तो फिर इसे बंद क्यों कर दिया गया। इसी बात को लेकर मुरी रेलवे एडीईएन से पूछने पर बताया कि रेलवे फाटक तो बंद ही रहता है और यह सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिल्कुल सही है जहां तक बात है उस पार जाने के लिए तो उसके लिए प्रॉपर रास्ता है



फिलहाल बरकाकाना रूट पर एक सबवे देना है जिस पर काम चल रहा है। फाटक से लोग जहां तक झुक कर पार हो जाते हैं जो खतरे का कारण है और इसमें सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे होते हैं बच्चों के लिए तो पुल दिया ही गया है जिससे वह पार हो सकते हैं और रास्ता तो प्रॉपर वे में है ही ,जहां से लोग आना-जाना कर सकते हैं इसमें लोगों को भी रेलवे के सहयोग देनी चाहिए।

# मारवाड़ी महिलाओं ने होली से प्रारंभ गणगौर पूजा का किया विसर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने गणगौर पूजा पुरी धूम-धाम से मनाया।

गण (शिव) तथा गौर(पार्वती) के इस पर्व को विवाहित महिलाओं के साथ कुंवारी लड़कियां भी मनपसंद वर पाने की कामना से करती हैं। विवाहित महिलायें इस व्रत को अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए करती हैं। इस दिन गणगौर माता को सजा-धजा कर पालने में बैठाकर विसर्जित किया जाता है गणगौर त्योहार चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। मुख्य रूप से इस पर्व को मारवाड़ी समुदाय के लोग मनाते हैं गणगौर पूजा होली के दिन से शुरू होकर 18 दिनों तक चलती है।



गणगौर पूजा करते वक्त साफ पटरा, कलश, काली मिट्टी, होलिका की राख, गोबर या फिर मिट्टी के उपले, सुहाग की चीजें मेहंदी बिंदी, सिन्दूर, काजल, इत्र, शुद्ध घी एवं कई सामान शामिल होते है। सुहागिनें इस दिन दोपहर तक व्रत रखती हैं। पूजा के समय शिव-गौरी को सुंदर वस्त्र अर्पित करती है माता पार्वती को सम्पूर्ण सुहाग की वस्तुएं चढ़ाती है चन्दन, अक्षत, धूप, दीप, दूब व पुष्प का इस्तेमाल करते हुए पूजा-अर्चना करती है इस दिन गणगौर माता को फल, पूड़ी, गेहूं चढ़ाये जाते हैं। दोनों हाथों में दूब लेकर इस जल से पहले गणगौर पर छींटें लगाए जाते हैं फिर महिलाएं उस जल को अपने ऊपर सुहाग के प्रतीक के तौर पर छिड़क लेती है अंत में माता को भोग लगाकर गणगौर माता की कथा सुनती है गणगौर पर चढ़ाया हुआ प्रसाद पुरुषों को नहीं दिया जाता है।

जो सिन्दूर इस दिन माता पार्वती को चढ़ाया जाता है, उसे महिलाएं अपनी मांग में भरती हैं।

मान्यता है कि गौरीजी की स्थापना जहां होती है वह उनका मायका हो जाता है और जहां विसर्जन होता है वह ससुराल। शाम को शुभ मुहूर्त में गणगौर को पानी पिलाकर किसी तलाब में इनको विसर्जन किया जाता है। इस दिन अविवाहित लड़कियां और विवाहत स्त्रियां दो बार पूजन करती हैं। जिसमें पपड़ी या गुने रखे जाते हैं। गणगौर विसर्जित करने के बाद घर आकर गणगोर कि राजस्थानी गीत गाये जाते हैं।

नन्हें रोजेदार



## जुगसलाई की 5 साल की अमीरा खान ने अपना पहला रोजा रखा और परिवार के साथ दुआ में हुई शामिल

## एक्सिस एस एंड पी 500 ईटीएफ फंड ऑफ फंड लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्युचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर - एक्सिस एस एंड पी 500 ईटीएफ फंड ऑफ फंड (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में निवेश करने वाले फंड का एक ओपन एंडेड फंड, एस एंड पी 500 टीआरआई, ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन) के लॉन्च की घोषणा की। नया फंड एस एंड पी 500 टीआरआई (रुपए) के बेंचमार्क का पालन करेगा। विनायक जयनाथ फंड का प्रबंधन करेंगे। फंड में न्यूनतम निवेश राशि 500 रुपए है और उसके बाद 1 रुपए के गुणकों में निवेश किया जा सकता है। एग्जिट लोड इस प्रकार रहेगा- अगर आवंटन की तारीख से 30 दिनों के भीतर रिडीम/स्विच-आउट किया जाता है तो 0.25 प्रतिशत और यदि आवंटन के 30 दिनों के भीतर रिडीम/स्विच-आउट किया जाता है तो शून्य। यह एनएफओ 22 मार्च से 05 अप्रैल, 2023 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। नए लॉन्च किए गए इस फंड का निवेश उद्देश्य ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन एस एंड पी 500 टीआरआई को दोहराते हुए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में निवेश करके एसएंडपी 500 टीआरआई के प्रदर्शन को दोहराना है।

## टीआरएफ लेबर यूनियन ने हिन्द आश्रमवासियों को कराया भोजन कराया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टी. आर. एफ. लेबर यूनियन के द्वारा भारत सेवाश्रम संघ में आश्रमवासियों को दोपहर का भोजन कराया गया। इस मौके पर आश्रम के मुखिया वैभव पाण्डेय के द्वारा टी.आर.एफ कंपनी एवं समाज के उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर टी.आर.एफ. कंपनी के प्रबंध निदेशक ऊमेश कुमार सिंह ने यूनियन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। टी.आर. एफ लेबर यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय के नेतृत्व में यूनियन के द्वारा समाज हित में लगातार कार्यक्रम किए जा रहें। आज के इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के बीच कुछ पल गुजारकर उनमें यह विश्वास जगाना है कि वे भी हमारे समाज का एक अभिन्न अंग हैं। इस मौके पर राकेश्वर पाण्डेय ने कहा कि हम सभी को अपने समाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर सी.एच.आर.ओ. मो. राशिद जाफरी, महाप्रबंधक विनोद कुमार सिंह, यूनियन के महामंत्री एम. एच. हीरामानेक, गुरमीत सिंह, अरविंद कुमार, डी.एम.(पर्सनल) एम.एच. उस्मानी, यू.आर. राजू, जयंत सिंहा, यूनियन के संजय कुमार, बलभद्र पूर्ती, अंजनी कुमार, नवीन कुमार, राजन शेरपा, डी.के. प्रजापति, सुशील कुमार, बेबी कुमारी आदि उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन सहायक सचिव अंजनी कुमार के द्वारा किया गया।

## घाघरा बूथ पर सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश एवं जिला कमेटी के निर्देशानुसार पटमदा मंडल अंतर्गत महुलबना पंचायत के घाघरा गांव के बूथ संख्या 143 में शुक्रवार को बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पटमदा मंडल बूथ सशक्तिकरण के प्रभारी इन्द्रनारायण महतो एवं महुलबना पंचायत के अल्पकालीन विस्तारक सुभाष महतो ने बूथ संख्या 143 में प्रवास करते हुए पुराना एवं नए बूथ सदस्यों को जोड़ते हुए एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्त्ताओं को संबोधित किया। मौके पर बूथ अध्यक्ष दिलीप महतो, सचिव अनिल महतो, प्रदीप महतो, सुनील महतो, रामपद महतो, विजय महतो, लुधुराम माझी, पशुपति महतो, सुफल कर्मकार, अक्षय महतो, अजित महतो, छुटुलाल महतो, धीरेन महतो, ताराचांद महतो, रमानाथ माहली, राजेन महतो, बृंदावन महतो, महाकाली मुदी, अरुण महतो, मनमथ महतो आदि उपस्थित थे।

## गम्हरिया बाजार में चोरी करते रंगे हाथ धराया चोर

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चोरों के आतंक से बेहाल गम्हरिया बाजार के दुकानदारों ने शुक्रवार को एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया जिसे आदित्यपुर पुलिस के हवाले कर दिया है। बताया गया है कि विगत दो- तीन दिनों से लगातार गम्हरिया बाजार में चोरी की घटना घट रही थी जिसे लेकर दुकानदारों ने एक योजना बनाई थी। उसी योजनानुसार दुकानदारों ने चोर को रंगे हाथ धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात एक फुटपाथी दुकानदार के लहसुन की बोरी एवं तीन महंगे लाईट की चोरी हुई थी। चोरी करते चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। शुक्रवार को दुकानदारों ने चोरी की घटना सीसीटीवी में देख चोर को पहचान लिया। उसके बाद बाजार के वॉलिंटियरो ने अन्य दुकानदारों के साथ मिलकर आरोपी को धर दबोचा। हालांकि इस दौरान चोर ने चाकू निकालकर हमला कर भागने का प्रयास किया। किन्तु, वॉलिंटियर एवं दुकानदारों की सूझबूझ से चोर गिरफ्त में आ गया, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस युवक को अपने साथ थाने ले गई जहां उसे पूछताछ की जा रही है।

### दलभंगा व आदिवासी सामाजिक मंच कुचाई ने किया सरहुल व बाहा मिलन समारोह का आयोजन

# लोगों ने प्राकृतिक संरक्षण का लिया संकल्प





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरहुल सह बाहा मिलन समारोह शुक्रवार को मुंडारी खूंटकट्टी 39 मौजा दलभंगा एवं आदिवासी सामाजिक मंच कुचाई के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। जिसकी शुरुआत पुजारी द्वारा विधिवत साल डाली पत्तियों व फूलों की पूजा अर्चना कर किया गया। आदिवासी मुंडारी नृत्य दल के महिलाओं एवं बच्चों ने मादल एवं नगाड़े की धुन पर ताल से ताल मिलाते हुए मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं आदिवासी मुंडारी नृत्य दल ने वातावरण पर गुंजन पैदा करने वाली बड़े ढोल की धुन पर थिरककर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुखिया करम सिंह मुंडा ने कहा कि बसंत के आगमन के साथ ही प्रकृति अपना श्रींगार करना शुरू कर देती है इंसान का अस्तित्व प्रकृति से है। जनजातिया सामुदायिक प्राकृतिक के इस महान पर्व को मना कर यह संदेश देते हैं कि प्रकृति यदि संरक्षित रहेगी तभी इंसान सुरक्षित रहेंगे। विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा व समाजसेवी मुन्ना सोय ने कहा कि सरहुल एवं बाहा पर्व प्राकृति से जुड़ा है। जनजातीय समुदाय के लोग जल जंगल एवं प्रकृतिक का संरक्षण का संकल्प लेकर ही आगे बढ़ते हैं। सरहुल व बाहा मिलन समारोह में मुख्य रूप से प्रमुख गुड्डी देवी मुखिया करम सिंह मुंडा मंगल सिंह मुंडा रेखा मनी उरांव बैकुंठ सिंह मुंडा भुवनेश्वर मुंडा लखीराम मुंडा धर्मेंद्र सिंह मुंडा करम सिंह मुंडा अजीत कुमार मुंडा शिव शंकर मुंडा भरत सिंह मुंडा मुन्ना सोय गारदी सोय सुरेश सोय सुखराम मुंडा देवचरण बानरा कृष्णा सोय? कारू मुंडा तुराम? सोय पार्वती गागराई विरेंद्र कुमार सोय चरम सिंह मुंडा दुर्गा मुंडा गोवरा मुंडा मोहन लाल मुंडा आदि उपस्थित थे।

# सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आगसीया में शुक्रवार को जोहार जाहेर सारना पूजा महली समिति द्वारा सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन विधायक सविता महतो, अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो, थाना प्रभारी गौरव मिश्रा, अध्यक्ष परेश महली, संयोजक उमापद महली आदि द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वही सरहुल पूजा साल का पेड़ पर पूजा अर्चना कर किया गया । सरहुल प्राकृतिक व भाईचारा का महापर्व सखुआ पेड़ पौधों की पूजा कर क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई एवं पेड़ पौधों का संरक्षण कर जीवित रखने का संकल्प लिया गया। सरहुल में पूजा अर्चना के बाद विधायक, सीओ, थाना प्रभारी एवं उपस्थित अतिथियों ने सिऔह बोंगा, सरहुल माता, ग्राम देवता से माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली, समय पर बारिश , पर्यावरण की रक्षा का कामना का कामना किया। सरहुल सह मिलन समारोह में सरहुल नृत्य रांची के बुड़दादीरी के दल द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्षेत्र के लोगों के साथ विधायक व अन्य अतिथियों ने भी सरहुल नृत्य का आनंद उठाया। मौके पर परेश महली, रंजीत, रमन ,गुरूचरण, अजित, रहिदास, कार्तिक, धनराज महली आदि उपस्थित थे।

## वार्ड सदस्य ने मदद के बहाने दिव्यांग पीएम आवास लाभुक का 85 हजार रुपये दबाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की कुमीर पंचायत अंतर्गत नेकड़ाकोचा मुदीडीह निवासी एक दिव्यांग शशधर मुदी (नेत्रहीन) के नाम पर पीएम आवास योजना के तहत 2021-22 में आवास आवंटित हुआ था। पहली किस्त के रूप में प्राप्त 40 हजार रुपये से उन्होंने लिंटर्न लेबल तक काम भी करवा लिया है। उनके बैंक खाते में आई दूसरी किस्त के रूप में 85 हजार की राशि को उनके ही चचेरे भाई खगेन मुदी ने मदद के नाम पर दबा लिया है। खगेन मुदी वार्ड सदस्य भी है जो दूसरी किस्त की राशि को यह कहकर अपने पास रख लिया है कि वह उसका अधूरा आवास का काम पूरा करवा देंगे। शुक्रवार को शशधर ने अपने 6 वर्षीय बेटे के सहारे पटमदा के बेलटांड़ बाजार पहुंचकर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार से मिलकर शिकायत की। झामुमो नेता ने जब वार्ड सदस्य को फोन लगाया तो वह फोन रिसीव नहीं किया। फिर उन्होंने बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज से दूरभाष पर ही बात करते हुए मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इस संबंध में बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज ने बताया कि मामले की जानकारी आज ही मिली है और वार्ड सदस्य को कल बुलाया गया है।

# टाटा स्टील ने एनएच 33 के सस्टेनेबल निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया

### टाटा स्टील ने खंड के विकास के लिए 1.2 मिलियन टन स्टील और आयरन स्लैग की आपूर्ति की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-33 के निर्माण में अपने स्लैग-आधारित संग्रह का उपयोग करके सस्टेनिबिलीटी का एक मानदंड स्थापित किया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा विकसित एनएच33 के सहरबेड़ा से महुलिया खंड तक 44.2 किलोमीटर लंबे चार लेन के निर्माण में 1.2 मिलियन टन से अधिक स्लैग-आधारित एग्रीगेट का उपयोग किया गया है। स्टील स्लैग का उपयोग करके निर्मित सड़क के इस हिस्से का उद्घाटन कल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री (एमओआरटीएच) नितिन गडकरी ने किया। इस अवसर पर श्री गडकरी ने इस अग्रणी पहल के तहत संसाधित स्लैग की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टाटा स्टील को धन्यवाद दिया। टाटा स्टील ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) के साथ तकनीकी सहयोग के तहत 2019 में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में प्रोसेस्ड स्टील स्लैग एग्रीगेट का उपयोग स्थापित किया था।

**टाटा एग्रीटो क्या है** - टाटा एग्रिटो भारत का पहला स्टील स्लैग-आधारित ब्रांडेड उत्पाद है, जिसका व्यापक रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में उपयोग किया जाता है, जिसने प्राकृतिक एग्रेगेट्स को संरक्षित करने और पर्यावरणीय फुटप्रिंट्स को कम करने में मदद की है। डिजाइन मिश्रण में सुविधा के लिए चार अलग-अलग आकार की रेंज के साथ 0-65 मिमी संसाधित एलडी स्लैग से टाटा एग्रेटो का उत्पादन किया जाता है। इसके आकार और बनावट के कारण, यह बिटुमिनस और कंक्रीट सड़क निर्माण में उपयोग के लिए उपयुक्त है।

## चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन युवक समिति कांड्रा बस्ती ने भगवती जागरण का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी के पूजा अर्चना करने के बाद युवक समिति कांड्रा बस्ती द्वारा रात्रि में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर जमशेदपुर के भजन कलाकार मनजीत दास एंड ग्रुप को आमंत्रित किया गया था। इस ग्रुप के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक माता के भजनों की प्रस्तुति की गई जिसमे श्रोता देर रात तक झूमते थे। इस दौरान राजकुमार एंड ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियों ने पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इससे पूर्व ल कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष धमेंद्र प्रसाद, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के सलाहकार सुनील ठाकुर, कांड्रा पंचायत के पूर्व मुखिया



होनी सिंह मुंडा, राजकुमार दास, सूरज कुमार तथा युवक समिति के अध्यक्ष लालबाबू महतो द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इसके आयोजन में समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप डे, सचिव महेंद्र नंदी, शंकर महतो, सीमन्त घटवारी, राकेश रजक, विश्वनाथ रजक, ग्राम प्रधान सुरेश महतो, नाचू महंती, संजय महंती, गौतम गोराई, बप्पा पात्रो, वीरू घटवारी, आदि थे।

## टाटा स्टील हॉट स्ट्रिप मिल में 1.44 एमडब्ल्यूपी की चौथी रुफटॉप सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स ने आज हॉट स्ट्रिप मिल में 1.44 एमडब्ल्यूपी क्षमता की चौथी रूफटॉप सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना की गई। हॉट स्ट्रिप मिल में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट स्टील मैन्युफैक्चरिंग चैतन्य भानु ने इस सुविधा का उद्घाटन किया। यह परियोजना टाटा पावर द्वारा टाटा स्टील के साथ बड़े समझौते के तहत विभिन्न स्थानों पर कुल 41 मेगा वाट की स्थापना के लिए छत के ऊपर, फ्लोटिंग और



ग्राउंड माउंटेड सौर पैनलों के संयोजन के साथ शुरू की गई है। सेंट्रल वेयरहाउस, कोल्ड रोलिंग मिल और सेंट्रल वेयरहाउस में कुल 5.13 एमडब्ल्यूपी की तीन रूफटॉप सौर परियोजनाएं पहले ही चालू की जा चुकी हैं। टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में 10.8 एमडब्ल्यूपी की फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना और सोनारी हवाई अड्डे पर 2.0 एमडब्ल्यूपी की ग्राउंड माउंटेड सौर ऊर्जा परियोजना की भी योजना है।

## टाटा पावर ने बिगेस्ट अवर फॉर अर्थ के लिए अर्थ अवर 2023 में दिया योगदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश एकीकृत बिजली कंपनी टाटा पावर ने अर्थ अवर 2023 को बढ़ावा देने के लिए वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) का समर्थन किया है। जलवायु परिवर्तन और प्रकृति की हो रही हानि के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप टाटा पावर ने यह कदम उठाया है। मार्च महीने में टाटा पावर ने डिजिटल इलेक्ट्रिसिटी बिलों और संदेशों के ज़रिए अपने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया था कि शनिवार 25 मार्च 2023 को




रात साढ़े आठ से साढ़े नौ तक अभी गैर-ज़रूरी लाइट बंद रखकर इस पहल में अपना योगदान दें। साथ ही दिल्ली, मुंबई और ओडिशा में महिला परिवर्तन एजेंट्स आभा के ज़रिए उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर समाज के सबसे निचले स्तर पर जागरूकता पैदा करने का काम भी कंपनी कर रही है।

# हजारीबाग में कुमार संजय ने मचाया धमाल, शानदार रहा कवि सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज हजारीबाग के तत्वावधान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन का मुख्य थीम एक शाम वीर शहीदों के नाम था। कवि सम्मेलन का प्रारंभ सरस्वती वंदना मुख्य अतिथि उदय भान नारायण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अधिराज नारायण सिंह एवं निदेशक विनय कुमार, शिक्षाविद उमेश राणा एवं शंभू कुमार के दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ किया गया। इस कवि सम्मेलन में हजारीबाग के



अनेक साहित्य प्रेमी एवं विद्वत समाज से जुड़े सैकड़ों प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा मे चार चांद लगाया। जमशेदपुर पुलिस लाइन के सार्जेंट एवं हास्य कवि कुमार संजय ने दर्शकों को खूब हंसा कर लोटपोट कर दिया। इसके अलावा गजल कार सरोज झारखंडी, डॉ सुरेंद्र कौर नीलम ने सरस्वती वंदना और श्रृंगार रस की कविताएं प्रस्तुत की। अंकिता सिन्हा, खुशबू वर्णवाल, चंदन प्रजापति ने देशभक्ति और मातृभूमि तथा शहीदों को समर्पित कविताएं प्रस्तुत की।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर लोगों को किया टीबी के प्रति जागरुक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व क्षय रोग (तपेदिक) दिवस के दिन शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के पी अहमद के निर्देश पर टीबी रोग के प्रति जागरूकता अभियान स्ट्रेट माइल रोड स्थित साकची के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया. कमलेश ने बताया कार्यक्रम का आयोजन वर्ष 2023 की थीम हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं के आधार पर किया गया .

# टाटा स्टील वर्क्स में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान का समापन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने गुरुवार को जमशेदपुर वर्क्स के अंदर स्टीलेनियम हॉल में औपचारिक रूप से 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान का समापन समारोह आयोजित किया। राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट सेफ्टी हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी (डेजिग्नेट) ने सड़क सुरक्षा के बारे में खुद को जागरूक करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर भारी वाहनों के लिए मॉडल पार्किंग जोन बनाने के प्रयासों



की प्रशंसा की और गलतियों से सीखने पर जोर दिया। उन्होंने इस तरह की महत्वपूर्ण पहलों में निरंतर समर्थन के लिए यूनियन को धन्यवाद देने के अलावा सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। नीरज कुमार सिन्हा, चीफ, सेफ्टी, टाटा स्टील ने स्वागत भाषण दिया और इस कार्यक्रम का संदर्भ निर्धारित किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा सेफ टॉक नामक पेशेवर व्याख्यानों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। टाटा वर्कर्स यूनियन के वाईस प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सभी स्थानों से सुरक्षा पहलकदमियों और व्यापक भागीदारी की सराहना की। उन्होंने सभी श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि स्वयं और सहकर्मियों को सुरक्षित रखा जा सके। इससे पहले, सेफ्टी टीम के द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। पुरस्कार विजेताओं में कर्मचारी, वेंडर पार्टनर शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न श्रेणियों के तहत सम्मानित किया गया।

## आरएसबी ट्रांसमिशन के एमडी एस के बेहरा बने सीआईआई पूर्वी का उपाध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कोलकाता में विगत 23 मार्च को सीआईआई पूर्वी क्षेत्र द्वारा डिजिटाइज-पूर्व में छवि, प्राद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और स्थिरता के माध्यम से निवेश वृद्धि विषय पर आयोजित वार्षिक क्षेत्रीय बैठक में नई पूर्वी क्षेत्र परिषद-2023-24 के सदस्यता की घोषणा की गई। इस दौरान निक्को इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शिव सिद्धांत कौल को सीआईआई पूर्वी क्षेत्र का अध्यक्ष और आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड के उपाध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुवेंदु कुमार बेहरा को सीआईआई पूर्वी



क्षेत्र का उपाध्यक्ष बनाया गया है। दोनों पदाधिकारी आगामी एक अप्रैल से पदभार ग्रहण करेंगे। विदित है कि सीआईआई 2023 के लिए बी20 का सचिवालय है। वहां नवनिर्वाचित दोनों पदाधिकारी अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व राज्य स्तरीय सहयोग, बातचीत और हस्तक्षेप के माध्यम से पूर्वी क्षेत्र में इस झंडे को ऊंचा उठाएंगे।

## संपादकीय

# नौ देशों में भूकंप

एक भूकंप ने भारत समेत नौ देशों को कंपा कर रख दिया। हालांकि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व हिंदुकुश का पहाड़ी इलाका था। भूकंप की धरती के भीतर गहराई काफी थी, नतीजतन उसके व्यापक कंपन महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 6.6 बताई जा रही है, लेकिन यह चीन, पाकिस्तान, तजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान आदि देशों के विभिन्न इलाकों में ज्यादा भी हो सकती है। भारत की राजधानी दिल्ली में इतनी तीव्रता का और ज्यादा समय का भूकंप पहली बार महसूस किया गया है। भूकंप के अचानक झटके रात्रि 10.20 बजे के करीब महसूस किए गए, जब घर के फर्श हिलने लगे, पलंग हिलने लगा और बंद पंखा भी डोलने लगा। भयभीत और बदहवास लोग घरों को छोड़ कर खुले में आ गए। दिल्ली के अलावा, करीब दर्जन भर राज्यों में भूकंप से धरती कांप उठी। भूकंप खौफनाक और विध्वंसक इसलिए लगता है, क्योंकि दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम आदि में लोग बहुमंजिला इमारतों में रहते हैं। आबादी का घनत्व काफी है और लोगों को संकीर्ण ज़िंदगी जीनी पड़ती है। कल्पना कीजिए कि भूकंप के झटके शुरू हो जाएं और लोगों को 20, 22, 15वीं मंज़िल से सीढियों के जरिए उतर कर खुले मैदान तक आना हो, तो सब कुछ राम-भरोसे है। इतनी देर में तो भूकंप इमारतों को ज़मींदोज कर सकता है। बहरहाल भूकंप अब हमारी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। उनकी पुनरावृत्ति जल्दी-जल्दी होने लगी है। दिल्ली में यमुना नदी के किनारे पर बसे इलाके भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ है कि अफगानिस्तान भूकंप का केंद्र हो और उत्तरी भारत के राज्य कांपने लगें। 2015 में जब नेपाल में 7.5 तीव्रता का भयावह और विनाशकारी भूकंप आया था, तो उसके करीब छह माह बाद उत्तरी भारत में भी कंपन महसूस किए गए थे। भूकंप के वे झटके अफगानिस्तान के लगभग इसी हिस्से में आए थे। जनवरी, 2018 में भी लगभग ऐसा ही हुआ था। इन तमाम संदर्भों में भूकंप धरती के भीतर 150 किलोमीटर से अधिक गहरा आंका गया। भूकंप विशेषज्ञों के मुताबिक, देर तक भूकंप के झटके इसलिए महसूस किए गए, क्योंकि इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट यूरेशियन प्लेट से टकरा रही है। भूकंप की दृष्टि से हिंदुकुश इलाका बेहद संवेदनशील है। चूंकि भूकंप का केंद्र राजधानी दिल्ली से करीब 1000 किलोमीटर दूर था और भूकंप की गहराई भी ज्यादा थी, लिहाजा कंपन दूर तक महसूस किए गए। ऐसी स्थितियों में नुकसान की आशंकाएं कम होती हैं। फिर भी बहुमंजिला इमारतों में रहने वालों को झटके ज्यादा महसूस हुए और कम ऊंचाई पर रहने वालों को हल्के झटके महसूस हुए। भूकंप 21वीं सदी में भी अनिश्चित हैं। इनकी कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। अलबत्ता भूकंप संवेदी इलाकों का वर्गीकरण किया जा सकता है कि कहां भूकंपों की ज्यादा संभावनाएं हो सकती हैं। अलबत्ता आईआईटी और अन्य वैज्ञानिक संस्थानों के स्तर पर ऐसे अनुसंधान जारी हैं, जिनसे भूकंप के बारे में निश्चित जानकारी दी जा सकेगी। ये जानकारियां कितनी सटीक होंगी, यह अनुसंधान के ठोस निष्कर्षों पर ही आधारित हो सकता है। अभी दुनिया ने तुर्किए के भूकंपों को देखा और महसूस किया है। तुर्किए तो भूकंप के ढेर पर बसा देश है, लिहाजा वहां बार-बार धरती हिलती है और विनाश होता है। जिस तरह तुर्किए में एक के बाद एक झटके महसूस किए गए, वैसा मौजूदा भूकंप में नहीं था। बुनियादी सरोकार यह है कि कई स्तरों पर अनुसंधान किए जाएं, ताकि भूकंप की अनिश्चितता समाप्त हो सके।

भूकंप खौफनाक और विध्वंसक इसलिए लगता है, क्योंकि दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम आदि में लोग बहुमंजिला इमारतों में रहते हैं। आबादी का घनत्व काफी है और लोगों को संकीर्ण ज़िंदगी जीनी पड़ती है। कल्पना कीजिए कि भूकंप के झटके शुरू हो जाएं और लोगों को 20, 22, 15वीं मंज़िल से सीढियों के जरिए उतर कर खुले मैदान तक आना हो, तो सब कुछ राम-भरोसे है। इतनी देर में तो भूकंप इमारतों को ज़मींदोज कर सकता है। बहरहाल भूकंप अब हमारी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। उनकी पुनरावृत्ति जल्दी-जल्दी होने लगी है। दिल्ली में यमुना नदी के किनारे पर बसे इलाके भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ है कि अफगानिस्तान भूकंप का केंद्र हो और उत्तरी भारत के राज्य कांपने लगें।

## कुछ अलग

# परिवर्तन सियासत तक

अपने छोटे से सफर के लंबे कदम गिनते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सौ दिनों के हिसाब में अपने इरादों की पारी को साझा किया है। जनता और सरकार की साझेदारी में कुछ कड़वे घूंट, कुछ मीठे पकवान और कुछ हकीकत के चूल्हे पर उबलते प्रश्नों के साथ मुख्यमंत्री ने अपने आर्थिक नजरिए, सुशासन की पद्धति, राजनीतिक कौशल, प्रभावशाली दक्षता और समय की भूमिका में स्थापित होने की प्रमाणकिता बताई है। यह तो कहना पड़ेगा कि सुक्खू सरकार निर्णायक, आत्मविश्वास और लीक से हटकर अपने हिसाब के चिन्ह व प्रतीक खड़े कर रही है। इसका अर्थ केवल व्यवस्था परिवर्तन में ही नहीं मिलेगा, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन में भी है। सियासत के जिस द्वार पर नेताओं की महत्त्वाकांक्षा आम तौर पर खड़ी रहती है, वहां से गुजरते मुख्यमंत्री अपने बागीचों की खुशबू बांट रहे हैं। कहीं पर्दों में सियासत, तो कहीं सरकार की भूमिका में पदों के सृजन में तासीर बदलती राजनीति और सरकार के कद्दावर व्यक्तियों की प्रस्तुति। यह सरकार पेश करना जानती है और इस लिहाज से तमाम फैसले चरणबद्ध तरीके से हिमाचल को आड़ोलित कर रहे हैं, तो कहीं नए आलेप में राहत देने का मंसूबा दर्शा रहे हैं। सरकार की प्रस्तुति में अगर बदलाव हैं, तो सरकार की भूमिका में मंत्रिमंडल के सहयोगियों में भी बदलाव है। कैबिनेट रैंक से सुशोभित और मुख्य संसदीय सचिव जैसे पदों में आगे निकले सत्ता के पार्टनर अपना इतिहास लिख रहे हैं। दरअसल सुखविंदर सुक्खू ने बड़े ही सलीके से सरकार के हस्ताक्षर बदले हैं और जिन्हें हर कार्रवाई के नीचे देख सकते हैं या जो तसदीक करते हैं कि यह मुख्यमंत्री परंपराओं से हटकर और राजनीतिक कुंठाओं से मुक्त होकर बड़े काम के साहसी अंजाम को रचने की हिम्मत रखता है। इसलिए विपक्ष की आलोचना के बावजूद सरकार अपनी मंजिल तक पहुंचने का खाका प्रकट कर रही है। यह कौशल भी माना जा सकता है कि अब तक के फैसलों में सुक्खू सरकार ने कम से कम यह तो बता ही दिया है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, प्रदेश की माटी से सोना निकालने की जिद्द बनी रहेगी। इसीलिए सरकार स्पष्ट है कि उसे चुनावी गारंटियों को किस मिकदार में बांटना है और कहां प्रदेश के मसलों से पंजा लड़ाना है। मुख्यमंत्री कथनी और करनी के भेदभाव से अलग यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि राजनीति की भाषा में लाग लपेट के इतर और बयानबाजी से परे ईमानदारी से कटिबद्ध हुआ जा सकता है। इसीलिए वह सरकार के पांच प्रमुख फ्लैगशिप क्षेत्रों को अनावृत्त करते हैं। पर्यटन, हाइड्रो पावर-ग्रीन एनर्जी, शिक्षा, चिकित्सा और उद्योगों के जरिए वह सरकार और निजी क्षेत्र की साझी हस्ती ही नहीं टटोल रहे, बल्कि स्वरोजगार की हिम्मत में युवाओं को कई अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। ग्रीन राज्य की उमंगों में यहां हिमाचल की तस्वीर केवल पर्यावरणीय फ्रेम नहीं, बल्कि युवाओं की उद्यमशीलता को परवान चढ़ाने की ऐसी कला साबित हो सकती है, जो कल सौर ऊर्जा या ई-वाहनों के जरिए बेरोजगारी को पस्त करने का एक सशक्त माध्यम भी साबित होगी। मुख्यमंत्री दूध की गंगा में रोजगार की डुबकी लगवाने का प्रयास करते हैं, तो पर्यटन की तमाम योजनाओं से युवाओं को आगे बढ़ने का निमंत्रण भी देते हैं। छोटे व्यापार में कम दर के ब्याज से वह ऐसे युवाओं को बढ़ावा देना चाहते हैं, तो कल तराजू पर आत्मनिर्भरता से भरे स्वरोजगार के पक्ष को झुका हुआ देख सकते हैं। सौ दिन की शाबाशी हासिल करना आसान हो सकता है, लेकिन असली परख तो राज्य के बजट को सही साबित करने की रहेगी। योजनाओं को जमीन पर उतारना और राजनीतिक जमीन पर जमे रहने के लिए मुख्यमंत्री ने यह एहसास तो करा ही दिया है कि वह व्यवस्था के साथ राजनीतिक परिवर्तन भी करते रहेंगे। ऐसे में राजनीतिक नियुक्तियों में चढ़े उनकी पसंद के रंग आंतरिक संतुलन का इंद्रधनुष बना देंगे या जिन क्षेत्रों में सियासी महत्त्वाकांक्षा अभी बिखरी पड़ी है, उसे भी संतुलित होने का अवसर मिलेगा। अभी परिवर्तन की मिट्टी को खोदा गया है, लेकिन बीजों को अंकुरित करने के लिए खाद और पानी की अपनी कहानी रहेगी।

## छोटे किसानों के लिए खेती यूं भी फायदे का धंधा नहीं है

# कृषि और उद्योग में संतुलन आवश्यक

आम जनता को किसानों की समस्याओं का अंदाज़ा नहीं है और हमारे नीति निर्धारक किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। कभी सूखा, कभी अकाल, कभी ओलावृष्टि और कभी बाढ़ किसानों की फसल को बर्बाद कर डालते हैं। तेज बारिश के समय फसल खराब होने के साथ-साथ किसानों और मजदूरों के कच्चे घर भी टपकने लगते हैं या ढह जाते हैं। अधिकांश छोटे किसान इस नुकसान को झेल नहीं पाते क्योंकि वे पहले से ही कर्ज में दबे होते हैं। कृषि संकट में आत्महत्याओं के ज्यादातर मामले नकदी फसलों से जुड़े किसानों के हैं। जब तक फसल किसान के पास रहती है, उसके दाम बहुत कम होते हैं लेकिन बाजार में पहुंचने के तुरंत बाद दाम बढ़ जाते हैं। नकदी फसलों से जुड़े किसान भी अपनी जरूरत का खाद्यान्न बाजार से खरीदते हैं जो उन्हें महंगे भाव पर मिलता है।

बदले हुए मौसम में अचानक आ रही बारिश ने किसानों का गणित बिगाड़ दिया है। अधिकांश किसानों की फसल या तो कटने वाली है या कट चुकी है। इस अनचाही बारिश से शहरों में बेशक राहत महसूस की जाए पर इससे किसानों को जो नुकसान होगा उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था गहरे संकट में आ जाएगी। छोटे किसानों के लिए खेती यूं भी फायदे का धंधा नहीं है। आम जनता को किसानों की समस्याओं का अंदाज़ा नहीं है और हमारे नीति निर्धारक किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। कभी सूखा, कभी अकाल, कभी ओलावृष्टि और कभी बाढ़ किसानों की फसल को बर्बाद कर डालते हैं। तेज बारिश के समय फसल खराब होने के साथ-साथ किसानों और मजदूरों के कच्चे घर भी टपकने लगते हैं या ढह जाते हैं। अधिकांश छोटे किसान इस नुकसान को झेल नहीं पाते क्योंकि वे पहले से ही कर्ज में दबे होते हैं। कृषि संकट में आत्महत्याओं के ज्यादातर मामले नकदी फसलों से जुड़े किसानों के हैं। जब तक फसल किसान के पास रहती है, उसके दाम बहुत कम होते हैं लेकिन बाजार में पहुंचने के तुरंत बाद दाम बढ़ जाते हैं। नकदी फसलों से जुड़े किसान भी अपनी जरूरत का खाद्यान्न बाजार से खरीदते हैं जो उन्हें महंगे भाव पर मिलता है, जिससे वे हमेशा कर्ज से दबे रहते हैं और सूखा या बाढ़ न होने पर भी उनका जीवन आसान नहीं होता। विभिन्न सरकारी नियमों ने धीरे-धीरे खेती को अनुपयोगी और अलाभप्रद बना दिया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अंधाधुंध प्रचार से प्रभावित किसानों ने आर्गेनिक खेती छोड़ कर विषैली खेती को अपनाया, कुछ समय तक फसल बढ़ती नजर आई पर कुछ ही दशकों में जमीन की उत्पादकता घट गई, पानी का स्तर नीचे चला गया और किसानों के बच्चे अन्य व्यवसायों में जाने के लिए विवश हुए, किसानों की आत्महत्याएं हुईं। कहा यह गया कि कृषि क्षेत्र में नए रोजगार संभव नहीं हैं, इसलिए उद्योग को बढ़ावा देना आवश्यक है। परिणामस्वरूप औद्योगीकरण के लिए पूंजी और संसाधनों को खेती के बजाए उद्योगों में लगा दिया गया। खेती के उत्पाद को कारखानों में बने सामान के मुकाबले कम रखकर ऐसा किया जा रहा है, क्योंकि कृषि लागत और मूल्य आयोग का कीमतें तय करने का फार्मूला ही गलत है। खेती को अकुशल कार्य मानकर यह कहा गया है




कि किसान साल में केवल 160 दिन काम करता है। इस तरह खेती की उपज का हिसाब बनाते समय उसकी मजदूरी कम लगाई जाती है। ट्रैक्टर, कल्टीवेटर, हार्वेस्टर चलाने वाला, मौसम को समझकर खेती के फैसले करने वाला, फसलों की किस्मों और बीजों को समझने वाला, सिंचाई के उपाय करने वाला, पैदावार को बेचने और हिसाब-खाता रखने वाला किसान तो अकुशल है, जबकि सफाई कर्मचारी, ड्राइवर, चपरासी, चौकीदार आदि को कुशल कर्मचारी माना गया है। इन सब को साल में 180 दिन की छुट्टियां मिलती हैं, यानी साल के 185 दिन काम करने के बावजूद पूरे 365 दिन का वेतन, महंगाई भत्ता और सालाना इन्क्रीमेंट मिलती है जबकि किसान को बिना किसी छुट्टी के अपनी फसल की चौकीदारी हर दिन करनी पड़ती है तो भी वह केवल 160 दिन की मजदूरी पाता है और वह भी अकुशल के ठप्पे के कारण कम दाम पर। सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मूल्य भी इन्हें नहीं मिलता क्योंकि सरकार खुद फसलों की खरीद करने के बजाय उन्हें दलालों-आढ़तियों के भरोसे छोड़ देती है जो हर तरह से उनका शोषण करते हैं। किसानों की आमदनी घटकर अलाभप्रद हो गई है। बासमती धान हो, कपास हो, गन्ना हो या आलू, टमाटर, सेब और दालें, किसानों को कम पैसे मिल रहे हैं जबकि खुदरा मूल्य बढ़े हैं। इसका दोहरा नुकसान हुआ है। आम जनता की खरीददारी की हैसियत में कमी आई है और किसानों की आर्थिक हालत और ज्यादा बिगड़ी है। इससे न शहरों में पैसा बचा है, न किसानों के पास। दालों के लिए हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता व आयातक है। दुनिया की कुल दाल की खेती के एक-तिहाई भाग में हम दाल की खेती करते हैं। दुनिया के दाल उत्पादन का 20 प्रतिशत उत्पादन हमारे यहां होता है। परंतु हमारे नेताओं ने दाल को दूसरे दर्जे का अनाज मानकर इसके विकास पर समुचित ध्यान नहीं दिया। हम गेहूं-चावल में ही लगे रहे और दाल आयात करते रहे। सरकारी उपेक्षा के कारण किसान इस फसल की ओर आकर्षित नहीं हुए क्योंकि लम्बी अवधि की फसल होने के साथ इसमें कीटों व बीमारियों का खतरा अधिक है, अच्छे बीजों की कमी है और बाजार में दालों के खरीददार भी नहीं मिलते। 2008 से सरकार ने दालों के समर्थन मूल्य की घोषणा शुरू तो कर दी परंतु सरकार द्वारा खरीद न करने के कारण किसान को व्यापारियों पर ही आश्रित रहना पड़ता है। विवश होकर किसान दलहन की फसलों से किनारा करते रहे। नतीजतन दलहन की खेती में वैसी बढ़ोत्तरी नहीं हुई जिसकी आवश्यकता है। सरकारी नियमों में इतने सारे झोल हैं कि चौतरफा कार्यवाही के बिना इस समस्या का पार पाना संभव नहीं है। यह कोई अजूबा नहीं है कि सब्जी मंडी में मूली का भाव एक रुपये किलो हो और मंडी के गेट के बाहर वही मूली दस रुपये किलो के भाव बिक रही हो। केंद्र सरकार इसे राज्य सरकार का मामला बताती है और राज्य सरकार इसका दोष पूरे देश की मार्केटिंग व्यवस्था पर मढ़ देती है। यही कारण है कि खेती घाटे का धंधा बन गई है। स्पष्ट है कि फसल बीमा योजना और रियायती कृषि ऋण तथा कभी-कभार मिलने वाले कुछ मुआवजे, यहां तक कि कर्ज माफी आदि भी काफी नहीं हैं और इस स्थिति से उबरने के लिए कृषि क्षेत्र की समस्याओं और चुनौतियों को बारीकी से समझने तथा उनसे निपटने के लिए योजनाबद्ध कार्य की आवश्यकता है। खेती और किसानी के लाभ के नाम पर जो तीन कानून बनाए गए थे उसमें झोल ही झोल थे, और किसानों के विरोध के कारण सरकार को ये कानून वापस लेने पड़े। यह समझना भी आवश्यक है कि कृषि के पक्ष की बात करने का मतलब यह नहीं है कि हम उद्योगों के विरुद्ध हो जाएं। सच तो यह है कि यदि आप विश्व की सौ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों की सूची बनाएं तो पहले 63 स्थानों पर भिन्न-भिन्न देशों का नाम आता है और शेष 37 स्थानों पर आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट तथा पेप्सिको जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हैं। विश्व के शेष देश भी इन कंपनियों से बहुत छोटे हैं।

# आजादी के नायक और अमृत महोत्सव

युवा पीढ़ी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के इतिहास को कभी न भूले। ये क्रांतिकारी नेता भारतीय समाज के लिए वह आदर्श हैं जिन्होंने अपनी अल्पायु में भारत को आजाद करवाने के लिए खुशी-खुशी फांसी चूम ली। आज हमें ऐसे क्रांतिकारी नेताओं के इतिहास को ढपना चाहिए। 23 मार्च के दिन देश और दुनिया की कई महत्वर्पूण घटनाएं दर्ज हुई हैं, लेकिन भगत सिंह व उनके साथी राजगुरु और सुखदेव को फांसी दिया जाना भारत के इतिहास में दर्ज सबसे बड़ी महत्वर्पूण घटनाओं में से एक है।भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में इस दिन को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है।अगर आज हम नौजवान युवा पीढ़ी को देखें तो वह ऐसे वीर युवाओं के इतिहास से अनभिज्ञ है। हमारी सरकारें भी उसी घिसे-पिटे इतिहास को रटाती हैं। बाबर, औरंगजेब, हुमायूं और गजनवी जैसे आक्रांताओं का इतिहास पढ़ाया जाता है, जिन्होंने भारत को कोई दिशा नहीं दी बल्कि भारत को लूटा, सोने की चिडिया कहे जाने वाले देश को गुलाम बना दिया। उस इतिहास को जानने की जरूरत है जिसमें युवाओं ने अपना बलिदान दिया है।

भारत में आजादी के 75 वर्षों के अवसर पर सभी ओर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, लेकिन यह आजादी मिली कैसी जो आज हम इस महोत्सव को मना रहे हैं? इस आजादी के अमृत महोत्सव को वर्तमान परिदृश्य में मनाने तक के सफर में न जाने कितने युवा, क्रांतिकारी व सेनानियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं जिनके प्राणों की आहुति से आज अमृत महोत्सव मनाए जा रहे हैं। ऐसे ही बलिदानियों में शुमार हैं भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव जो ऐसी उम्र में फांसी पर चढ़ गए जिस उम्र में आजकल युवाओं को अपने अच्छे या बुरे का बोध तक नहीं होता। युवा पीढ़ी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के इतिहास को कभी न भूले। ये क्रांतिकारी नेता भारतीय समाज के लिए वह आदर्श हैं जिन्होंने अपनी अल्पायु में भारत को आजाद करवाने के लिए खुशी-खुशी फांसी चूम ली। आज हमें ऐसे क्रांतिकारी नेताओं के इतिहास को पढना चाहिए। 23 मार्च के दिन देश और दुनिया की कई महत्वपूर्ण घटनाएं दर्ज हुई हैं, लेकिन भगत सिंह व उनके साथी राजगुरु और सुखदेव को फांसी दिया जाना भारत के इतिहास में दर्ज सबसे बड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में इस दिन को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। अगर आज हम नौजवान युवा पीढ़ी को देखें तो वह ऐसे वीर युवाओं के इतिहास से अनभिज्ञ है। हमारी सरकारें भी उसी घिसे-पिटे इतिहास को रटाती हैं। बाबर, औरंगजेब, हुमायूं और गजनवी जैसे आक्रांताओं का इतिहास पढ़ाया जाता है, जिन्होंने भारत को कोई दिशा नहीं दी बल्कि भारत को लूटा, सोने की चिडिया कहे जाने वाले देश को गुलाम बना दिया। उस इतिहास को जानने की जरूरत है जिसमें युवाओं ने अपना बलिदान दिया है। अपने बलिदान से भारत की धरती को सींचा है तो ऐसे नौजवानों के बलिदान को वर्तमान पीढ़ी जो है वह कभी भी नहीं भुला सकती। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत के वे सच्चे सपूत थे जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर कर गए। 23 मार्च यानी देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों को हंसते-हंसते न्यौछावर करने वाले तीन वीर सपूतों का शहीदी दिवस। यह दिवस न केवल देश के प्रति सम्मान और हिंदुस्तानी होने के गौरव का अनुभव कराता है, बल्कि वीर सपूतों के बलिदान को भीगे मन से श्रद्धांजलि देता है। उन अमर क्रांतिकारियों के बारे में आम मनुष्य की वैचारिक टिप्पणी का कोई अर्थ नहीं है। उनके उज्ज्वल चरित्रों को बस याद किया जा सकता है कि ऐसे मानव भी इस दुनिया में हुए हैं जिनके आचरण किंवदंति हैं। भगत सिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी। 'आदमी को मारा जा सकता है, उसके विचार को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है।' बम फेंकने के बाद भगत सिंह द्वारा फेंके गए पर्चों में यह लिखा था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने नौजवानों में पैदा कर दी थी स्वतंत्रता के प्रति दीवानगी। जब अंग्रेजों के अत्याचारों से त्रस्त हमारे देश में चारों ओर हाहाकार मची हुई थी तो ऐसे में इस वीर भूमि ने अनेक वीर सपूत पैदा किए जिन्होंने अंग्रेजों की दासता से मुक्ति दिलाने की खातिर हंसते-हंसते देश की खातिर प्राण न्यौछावर कर दिए। इन्हीं में तीन पक्के क्रांतिकारी दोस्त थे शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव। इन तीनों ने अपने प्रगतिशील और क्रांतिकारी विचारों से भारत के नौजवानों में स्वतंत्रता के प्रति ऐसी दीवानगी पैदा कर दी कि अंग्रेज सरकार को डर लगने लगा था कि कहीं उन्हें यह देश छोड़ कर भागना न पड़ जाए। तीनों ने ब्रिटिश सरकार की नाक में इतना दम कर दिया था जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 24 मार्च 1931 को तीनों को एक साथ फांसी देने की सजा सुना दी गई। इनकी फांसी की बात सुनकर लोग इतने भडक़ चुके थे कि उन्होंने भारी भीड़ के रूप में जेल को घेर लिया था। अंग्रेज इतने भयभीत थे कि कहीं विद्रोह न हो जाए। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने एक दिन पहले यानी 23 मार्च 1931 की रात को ही भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दे दी और चोरी-छिपे उनके शवों को जंगल में ले जाकर जला दिया। जब लोगों को इस बात का पता लगा तो वे गुस्से में उधर भागे आए। अपनी जान बचाने और सबूत मिटाने के लिए अंग्रेजों ने उन वीरों की अधजली लाशों को बड़ी बेरहमी से नदी में फिंकवा दिया। छोटी उम्र में आजादी के दीवाने तीनों युवा अपने देश पर कुर्बान हो गए। आज भी ये तीनों युवा पीढ़ी के आदर्श हैं। इन तीनों की शहादत को पूरा संसार सम्मान की नजर से देखता है और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। जहां एक ओर भगत सिंह और सुखदेव कालेज के युवा स्टूडैंट्स के रूप में भारत को आजाद कराने का सपना पाले थे, वहीं दूसरी ओर राजगुरु विद्याध्ययन के साथ कसरत के काफी शौकीन थे और उनका निशाना भी काफी तेज था। वे सब चंद्रशेखर आजाद के विचारों से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने क्रांतिकारी दल में शामिल होकर अपना विशेष स्थान बना लिया था। इस क्रांतिकारी दल का एक ही उद्देश्य था, सेवा और त्याग की भावना मन में लिए देश पर प्राण न्यौछावर कर सकने वाले नौजवानों को तैयार करना। लाला लाजपत राय जी की मौत का बदला लेने के लिए 17 दिसंबर 1928 को भगत सिंह और राजगुरु ने अंग्रेज अफसर सांडर्स पर गोलियां चलाईं और वहां से भाग निकले। हालांकि वे रक्तपात के पक्ष में नहीं थे लेकिन अंग्रेजों के अत्याचारों और मजदूर विरोधी नीतियों ने उनके भीतर आक्रोश भडक़ा दिया था। अंग्रेजों को यह जताने के लिए कि उनके अत्याचारों से तंग आकर पूरा भारत जाग उठा है, भगत सिंह ने केंद्रीय असैंबली में बम फैंकने की योजना बनाई। वह यह भी चाहते थे कि किसी भी तरह का खून-खराबा न हो। इस काम के लिए उनके दल की सर्वसम्मति से भगत सिंह व बुटकेश्वर दत्त को चुना गया। कार्यक्रम के अनुसार 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय असैंबली में ऐसी जगह बम फैंके गए थे जहां कोई मौजूद नहीं था। भगत सिंह चाहते तो वहां से भाग सकते थे, लेकिन उन्होंने वहीं अपनी गिरफ्तारी दी। 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए उन्होंने कई पर्चे हवा में उछाले थे ताकि लोगों तक उनका संदेश पहुंच सके। शहीदी दिवस पर पूरा देश आजादी के इन नायकों को नमन करता है।




## देश दुनीया से

# वैज्ञानिक कालगणना और भारतीय अध्यात्म

भारतीय नव वर्ष का शुभारंभ प्रकृति की नवचेतना के साथ होता है। वृक्ष नए रूप में पल्लवित होते है। प्रकृति सर्वत्र उत्साह का संचार करती है। मां दुर्गा की उपासना से माहौल भक्तिमय हो जाता है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना का आविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह कालगणना निरन्तर जारी रहेगी। प्रासंगिक रहेगी। इसके नववर्ष में प्रकृति भी नए रूप में परिलक्षित होती है। यह संधिकाल आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करने का अवसर होता है। इसमें पाश्चात्य नववर्ष की तरह देररात का हंगामा नहीं होता। भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने कालगणना का श्रीगणेश किया। नवरात्रि का प्रथम दिवस मत्स्यावतार, प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य तिलक इसी दिन हुआ था। यह सभी अवसर भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक कालगणना कि विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य कालगणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे। कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अ य न , सं व त्स र , दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया है। काल को कल्प और मन्वन्तर युग में विभाजित किया गया है। इसमें चार युग -सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं। इनकी चक्रीय व्यवस्था है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते-जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अनुरूप इस समय ब्रह्मा की आयु के दूसरे खंड में, श्वेतावाराह कल्प में, वैवस्वत मन्वन्तर में 20वां कलियुग चल रहा है। इस कलियुग की समाप्ति के पश्चात चक्रीय नियम में पुनः सतयुग आएगा। वस्तुतः यह अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना परम सत्ता से संबंधित है। भारतीय कालगणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। यह इसलिए कि इसका आविष्कार उस समय हुआ था जब दुनिया में अन्यत्र मानव सभ्यता नहीं थी। इस काल का आकलन ईसा पूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह कालगणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है। चारों युग समाप्त होंगे। नए युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह कालगणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आएगा। इसके लिए प्रकृति की समझना होगा। प्रकृति के निकट जाना पड़ेगा। जीवनशैली में उसी के अनुरूप परिवर्तन करना होगा। कर्म और प्रारब्ध या भाग्य का यह अविनाशी चक्र निरंतर चलता रहता है। अपने विचारों में परिवर्तन कर श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए। नव वर्ष का शुभारंभ नवदुर्गा से होना भी विलक्षण है। यह आध्यात्मिक चेतना का अवसर है। नवरात्रि शक्ति आराधना का आध्यात्मिक पर्व है। इस समय प्रकृति में विविध रंग होते है। मां दुर्गा के इस पावन पर्व में रंगों का बहुत अधिक महत्व होता है। नवरात्रि में नौ दिन दुर्गा मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रथम दुर्गा शैलपुत्री माता हैं। वह पर्वतराज हिमालय के घर में जन्मी थीं। इसके कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैलपुत्री माता की पूजा के दौरान पीले रंग वस्त्रों का महत्व है। दूसरी माता ब्रह्माचारिणी हैं। ब्रह्माचारिणी माता की पूजा नवरात्रि के दूसरे दिन की जाती है। इस दिन हरे रंग के वस्त्र ठीक रहते है। मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चंद्रघंटा है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। चंद्रघंटा माता की पूजा के दौरान स्लेटी रंग का विधान है। मां दुर्गा की चौथी शक्ति कुष्मांडा माता हैं। कुष्मांडा माता के आठ भुजाएं हैं।

भारतीय कालगणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। यह इसलिए कि इसका आविष्कार उस समय हुआ था जब दुनिया में अन्यत्र मानव सभ्यता नहीं थी। इस काल का आकलन ईसा पूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह कालगणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है। चारों युग समाप्त होंगे। नए युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह कालगणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आएगा। इसके लिए प्रकृति की समझना होगा।

## नागरिक बोध

# अरविंद केजरीवाल ने किया राहुल का समर्थन

सूरत जिले की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ग़ैर बीजेपी नेताओं और पार्टियों पर मुक़दमे करके उन्हें ख़त्म करने की साजिश हो रही है। उन्होंने आगे कहा, "हमारे कांग्रेस से मतभेद हैं मगर राहुल गांधी जी को इस तरह मानहानि मुक़दमे में फ़साना ठीक नहीं। जनता और विपक्ष का काम है सवाल पूछना। हम अदालत का सम्मान करते हैं पर इस निर्णय से असहमत हैं।"सजा के बाद राहुल गांधी ने महात्मा गांधी के शब्दों को ट्वीट कर कहा, "मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन।" राहुल गांधी को सजा पर उनकी बहन प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा, "डरी हुई सत्ता की पूरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद लगाकर राहुल गांधी जी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे। सच बोलते हुए जिये हैं, सच बोलते रहेंगे। देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे। सच्चाई की ताकत व करोड़ों देशवासियों का प्यार उनके साथ है।" राहुल गांधी की सजा पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उन्हें ज़मानत मिल गई है। ये लोग पहले जज को बदलते गए, हमें अंदाज़ा लग रहा था लेकिन हम कानून में विश्वास रखने वाले लोग हैं। कानून के तहत ही हम लड़ेंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी की सजा के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि आज न्यायपालिका पर दबाव है... राहुल गांधी की जो टिप्पणी है, ऐसी राजनीतिक टिप्पणी चलती रहती हैं। ऐसी टिप्पणियां अटल जी ने, आडवाणी जी ने पता नहीं कितनी की होंगी। लेकिन पहले इस तरह से मामला दर्ज नहीं होता था। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में सही फैसला होगा।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता व उपायुक्त सरना टोंगरी पकरिया चतरा में आयोजित प्रकृति पर्व सरहुल पूजा महोत्सव में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सरना टोंगरी पकरिया चतरा में आयोजित प्रकृति पर्व सरहुल पूजा महोत्सव में मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता एवं उपायुक्त श्री अबु इमरान शामिल हुए। मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त श्री अबु इमरान के कार्यक्रम स्थल आगमन पर पूजा समिति के लोगों ने तिलक और अबीर गुलाल लगाकर, सरई फूल देकर स्वागत किया। इसके उपरांत पूजा स्थल परिसर में माननीय मंत्री ने सखुआ पौधा का वृक्षारोपण भी किया। तत्पश्चात माननीय मंत्री, उपायुक्त व अन्य गणमान्य ने नगाड़े, मांदर के थाप सरहुल उत्सव का आनंद लिया। मंत्री श्री भोक्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल वसंत ऋतु में मनाए जाने वाला आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व है। सरहुल पूजा हमसब को सीधे तौर पर प्रकृति से जोड़ती है। आदिवासी समाज अनंतकाल से ही प्रकृति पूजक व पर्यावरण संरक्षक रहा है। यह पर्व नए साल की शुरुआत का भी प्रतीक माना जाता है। यह पर्व झारखंड, बिहार, उड़ीसा और बंगाल में भव्य तरीके से मनाया जाता है। इस सरहुल पूजा कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, समाजसेवी नवलकिशोर यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# निकाला गया भव्य जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्रामों से आए सरना पूजा सार्धालुओ तथा दर्शको ने सरना पूजा प्रांगण में पूर्वजों के रीति रिवाज से सरना पुजारी के द्वारा पूजा अर्चना कराते हुए सभी सरना भक्तों को सिंदूर का तिलक लगाकर सखुआ पेड़ का पुजारियों के द्वारा पूजा की विशेषता की बताया गया इसके साथ नाच गान का कार्य क्रम सुरू किया गया तथा जुलूस को रामजानकी मंदिर प्रांगण तक जाकर भीड़ एकत्रित होकर सभी नृतको ने हरसौल्लास के साथ मनाया गया मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल थाना प्रभारी सुभम कुमार देवनंदन प्रसाद पर मौजूद रहे प्रमुख जिलापरिषद उपप्रमुख पंचायत समिति उपेन्द्र यादव उप मुखिया राजबली यादव शिवनाथ रजक समाज सेवी सुनील रवि समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## बायं के समीप प्रशासन ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान बिना हेलमेट वालों को लगाई कड़ी फटकार



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बाय के समीप थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल के आदेशानुसार 24 मार्च शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्य जायरा बखला एसआई के निगरानी किया जा रहा था। जहां बिना हेलमेट बिना जूता के चल रहे दो पहिया वाहन के चालकों को जमकर फटकार लगाई। एवं कड़ी आदेश देते हुए बताएं। कि जिंदगी आपकी है सवारना आपको है अगला बार से पकड़े जाएगा तो जुर्माना के साथ कानूनन दंडनीय किया जाएगा। मौके पर उपस्थित प्रशासन के दल बल मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने गांव में पत्थर माइन्स नहीं खोलने का जताया विरोध



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत इचाक गांव में बीते बुधवार को ग्रामीणों ने बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि गांव में पत्थर माइंस कार्य किसी भी परिस्थिति में नहीं होने देने हैं। इसे लेकर ग्रामीणों नें कहा कि पूर्वजो का धरोहर है। जिसे बचाना सभी ग्रामीणों का दायित्व है। और संपदा को बचाने के लिए कमिटी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष बसंत कुमार सिंह उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह संयोजक बद्री साव सचिव सुरेश यादव उपसचिव मुकेश साव कोषाध्यक्ष नरेश यादव उपकोषाध्यक्ष अजय पासवान को बनाया गया।इसके अलावा सदस्य दिलीप कुमार सिंह आशीष कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह बजरंग सिंह कामेश्वर राणा दामोदर राम जहूर मियां लक्ष्मी सिंह अनुज सिंह आदित्य प्रसाद संजय प्रसाद कैलाश भुइयां राजू भुइयां प्रसांत कुमार यादव को बनाया गया है।कमिटी ने इसे लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया।

# महुआडांड में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड :** प्रखंड में आदिवासी सरना समाज के द्वारा प्रकृति पर्व सरहुल पूरे धूमधाम से मनाया गया। सरहुल महोत्सव को लेकर सरना समिति महुआडांड़ के बैनर तले इस वर्ष भी स्थानीय फुलवार बगीचा सरना स्थल में स्थानीय बैगा पाहन द्वारा प्रकृति पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। अंततः सभी सरना समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जो बिरसा मुंडा चौक, रामपुर चौक, डीपाटोली पकरीमुहल्ला मुख्य बाजार, शास्त्री चौक होते हुए वापस फुलवार बगीचा पहुंची जहा पर जुलूस सभा मे तब्दील हो गई। इस शोभायात्रा में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। वहीं हजारों की संख्या में आदिवासी सरना समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा पहने पारंपरिक हथियार एवं ढोल नगाड़ो के साथ आदिवासी नृत्य करते हुए धरती माता की जय, सरना समाज की जय, आदि का नारा लगाते हुए जुलूस मे शामिल हुए। अंततः सरना स्थल में प्रखंड के हरेक गाँव से आये प्रतिभागी अपना अपना नृत्य प्रस्तुत किये। **थाना प्रभारी व बजरंग दल के तत्वाधान में चना और गुड़ की थी व्यवस्था :** इस सरहुल के विशाल जुलुस में शामिल लोगों के लिए महुआडांड़ के थाना प्रभारी आशुतोष यादव व बजरंग दल के सदस्यों द्वारा शास्त्री चौक में चना, गुड़ व पानी का उचित प्रबंध किया गया था. जो कि जुलुस में शामिल लोग इसका सेवन कर पाये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रांची जिला के जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष मनोज भगत, पवन कुमार यादव, जम्पा भगत, आदिवासी सरना समाज महुआडांड़ के अध्यक्ष छत्रपति बड़ाइक, कोषाध्ष्य रूपम राकेश भगत, जिला परिषद इस्टेला नागेसिया, विनय उरांव , प्रदीप कुमार नागेसिया, विजय कुमार नागेसिया, जगरनाथ भगत, शंकर बड़ाइक, बिरजू नागेसिया, राजेन्द्र नागेसिया व हजारों की संख्या में सरना समाज के लोग उपस्थित रहे।

# धूम धाम से मनाई गई सरहुल पर्व

## साल की पूजा कर मांदर के थाप पर थिरके सरना के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के सिकरी मोड़ चरकी टोंगरी के सरना मैदान में मुख्य अतिथि मुखिया बिनोद महतो ने विधिवत फिता काट कर उद्घाटन किया। जहां सरना समिति के लोग धूमधाम से सरहुल पर्व मनाया। आदिवासियों ने पारंपरिक तरीके से साल पेड़ को पूजा किया। और मांदर नगाड़े के थाप पर खूब जश्न मनाया। बता दें कि प्रकृति पर्व सरहुल आदिवासियों का वसंत ॠतु में मनाया जाने वाला है एक प्रमुख पर्व है। पतझड़ के बाद पेड़-पौधे की टहनियों पर हरी-हरी पत्तियां जब निकलने लगती है, आम के मंजर तथा सखुआ और महुआ के फुल से जब पूरा वातावरण सुगंधित हो जाता है। तब मनाया जाता है आदिवासियों का प्रमुख प्रकृति पर्व सरहुल। यह पर्व प्रत्येक वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होकर चैत्र पूर्णिमा के दिन संपन्न होता है। इस पर्व में साल अर्थात सखुआ के वृक्ष का विशेष महत्व है। आदिवासियों की परंपरा के अनुसार इस पर्व के बाद ही नई फसल (रबि) विशेषकर गेहूं की कटाई आरंभ की जाती है। इसी पर्व के साथ आदिवासियों का शुरू होता है नव वर्ष। मौके पर पाहन सोमा उरांव, बुधू उरांव, सुखदेव उरांव, सुधीर उरांव, राजेश उरांव,जय उरांव, रामदेव उरांव, चन्दा उरांव, सिरवा उरांव, सोहैल उरांव, अनूप उरांव के अलावे दर्जनों सरना

## धूमधाम से मनाया गया सरहुल



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 मार्च 2023 दिन शुक्रवार को सरना समिति, लातेहार के द्वारा प्रकृति का पर्व सरहुल महोत्सव आदिवासी वासा ओड़ा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हजारों हजार महिला, पुरुष मौजूद थे। वासा ओड़ा सरना समिति के तत्वावधान में आदिवासी वासाओड़ा में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव को लेकर सरना समिति लातेहार के बैनर तले वासा ओड़ा में स्थानीय बैगा पाहन द्वारा प्रकृति पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत कि गयी। एवं सरना समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जो वासा ओड़ा से होकर लातेहार मुख्य शहर में पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़े के साथ झूमर खेलते हुए धरती माता की जय सरना समाज की जय की नारे लगाते हुए। रेहड़ा अखाड़ा तक गयी और मांदर के थाप पर झूमकर, झूमर भी खेले। बढ़चढकर। हिस्सा लिए एवं सरना समिति के द्वारा सरना समाज को पूरष्कृत किया गया। वहीं जगह जगह पर शुरक्षाकर्मी तैनात रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, लातेहार विधायक बैधनाथ राम ने कहा कि प्रकृति का पर्व जल, जंगल, जमीन बचाने का त्यौहार है। प्रकृति व जंगल ही जीवन बचा सकता है। वहीं उपायुक्त भोर सिंह यादव ने मांदर के थाप? पर नाचे और लोगों की हौसला अफजाई किया सरहुल पर्व की बधाई देते हुए।जिला वासियों को प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लेने की अपील की। वहीं महोत्सव में अतिथिगण, रौशन कुमार वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार दिनेश कुमार सिविल सर्जन, लातेहार कविता खलखो जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार दिव्या गुलाब बा मत्स्य पदाधिकारी, लातेहार पुनम देवी जिला परिषद अध्यक्ष सीतामणी तिर्की अध्यक्ष, नगर पंचायत लातेहार बिन्देश्वरी ततमा निदेशक आईटीडीए, लातेहार बंधन लांग नजारत उप समाहर्त्ता, लातेहार प्रिंस कुमार जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार डॉ. सोभना टोप्पो जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, लातेहार रोहित कन्डुलना जिला जन संपर्क पदाधिकारी, लातेहार मेघनाथ उराँव प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार रूद्र प्रताप अंचल पदाधिकारी, लातेहार आलोक शिकारी कच्छप उप विकास आयुक्त, लातेहार जितेन्द्र कुजूर कार्यपालक अभियंता, क्षश्वष्ठ लातेहार विनोद उराँव जिला परिषद्, पूर्वी डॉ जगमनी टोपनो सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार सुनिता कुमारी महिला थाना प्रभारी, लातेहार चन्द्रमणि बाखला महिला चिकित्सा पदा., लातेहार लक्ष्मी कुमारी श्रम अधीक्षक, लातेहार लोग उपस्थित थे।

## प्राकृतिक का धरोहर है सरहुल : एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी बोर्ड मैदान में शुक्रवार को प्रकृति पर्व सरहुल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सरना महासमिति सिमरिया के द्वारा आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी उपस्थित थे।समिति के सदस्यों ने अतिथियों को पगड़ी पहनकर स्वागत किया साथ हीं ढोल नगाड़े के साथ पाहनो ने जलवर्षा कर सखुआ के वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरहुल प्रकृति पर्व है। यह पर्व खुशियो का पर्व है जो पूर्वजों के समय से इस पर्व को लोग मनाते आ रहे है। सरहुल हमलोगों को पेड़ पौधों की रक्षा और सुरक्षा की सीख देती है। उन्होंने लोगो को पेड़ पौधों को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। एसडीपीओ ने कहा कि सरना धर्मालम्बी लोग प्राकृतिक के गोद मे बसे हुए है।पूर्वजो की धरोहर को हमेशा बचाए रखने की बात कही।उन्होंने समाज के लोगो को नशापान से दूर रहने की अपील की। वही समिति अध्यक्ष जितेंद्र उरांव और कोषाध्यक्ष छोटू सिंह भोगता ने कहा कि आदिवासी जिस तरह से घर की पूजा करते है।वैसे ही सरहुल की भी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति का धरोहर है। इसे सजाने और सवारने की जरूरत है ।उन्होंने सरहुल पर्व के विषय पर लोगो को जानकारी दी।उन्होंने वनों की रक्षा और सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# सीसीएल कर्मी संजय महतो की अज्ञात अपराधियों ने कि निर्मम हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली कोल परियोजना अंतर्गत ग्राम होन्हे निवासी सह सीसीएल कर्मी संजय महतो को अज्ञात अपराधियों के द्वारा अपहरण कर हत्या कर दिया गया। मृतक संजय महतो आम्रपाली परियोजना में सीसीएल कर्मी के पद पर पीओ कार्यलय में कार्यरत थे। मृतक संजय महतो के परिवार वालों के द्वारा बतया गया कि गुरुवार संध्या 7:00 बजे अपने घर से मोबाइल से बात करते हुए बाहर निकले और कुछ क्षणों में गायब हो गए। कुछ देर बीत जाने के बाद जब घर परिवार वालों के द्वारा खोजबीन किया गया परंतु कुछ भी पता नहीं चलने के बाद लापता होने की सूचना टंडवा थाना को दिया गया। सूचना मिलते ही टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह दल बल के साथ उनके घर पहुंचे एवं परिवार वालों से मिलने के बाद लापता होने की जानकारी लेते हुए अपने स्तर से रात्रि में ही खोजबीन किया। परंतु रात्रि का समय होने के कारण कहीं पता नहीं चल पाया। शुक्रवार की सुबह कुछ व्यक्तियों के द्वारा किसी व्यक्ति का शव शिवपुर कोल साइडिंग के आगे रेलवे लाइन पर देखा गया। शव को देखते ही पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गया। शव मिलने की घटना की जानकारी मिलते ही टंडवा एसडीपीओ शंभू सिंह, थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, सराडू पुलिस पिकेट प्रभारी राजेश राम सहित पुलिस बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटना की शिनाख्त में जुट गए। इधर मृतक संजय महतो के परिवार वालों ने शव मिलने की सूचना पाते ही घटनास्थल पर पहुंचा एवं घरवालों एवं गांव वालों के द्वारा शव का पहचान संजय महतो के रूप में किया गया। घटना की पूरी जानकारी पता करने के लिए फॉरेंसिक जांच टीम एवं स्क्रायर डॉग भी घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद पूरी घटनास्थल की जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतक के शव को अंत्य परीक्षण के लिए चतरा भेज दिया गया। घटना की विस्तृत जांच टंडवा पुलिस प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। मृतक संजय महतो अपने पीछे अपनी बूढ़ी मां, पत्नी,एक पुत्र, एवम दो पुत्री को छोड़ गए। इस आकस्मिक घटना से परिवार वालो का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।वही हत्या के पीछे जांच के लिए उनके परिवार वालों के द्वारा टंडवा थाना में करवाई हेतु आवेदन देने की प्रक्रिया किया जा रहा था।

# रामनवमी पूजा महासमिति का किया गया गठन, सुबोध पांडेय अध्यक्ष, बिष्णु प्रसाद बने सचिव

### नव चयनित सदस्यों ने की रामनवमी पर्व निर्बाध सम्पन्न होने की कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** श्रम मंत्री के सिमरिया अनुमंडल प्रतिनिधि सुबोध कुमार पांडेय को रामनवमी पूजा महासमिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उनका चयन शुक्रवार को सर्वसम्मति से बैठक आयोजित कर किया गया। बैठक अनुमंडल मुख्यालय के किसान भवन में आयोजित कर किया गया। जिसमें सभी अखाड़ो के अध्यक्ष और सचिव मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद बिहारी पासवान ने किया। बैठक में अध्यक्ष के अलावे सचिव बिष्णु प्रसाद, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, उपाध्यक्ष मनोरंजन महाजन और संयोजक दयानिधि सिंह, संरक्षक विनोद बिहारी पासवान, जिप सदस्य देवनंदन साहू, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह, प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप, राम गुलाब राम, नेमधारी महतो, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, अमित कुमार साहू, कुमार शुभम सिंह, सुधीर सिंह, सेवा साव, करम साहू और उपेंद्र सिंह को बनाया गया। जबकी कार्यकारिणी की जिम्मेवारी भोला सिंह, संजय सिंह, शिबू यादव, आलोक रंजन, रंजीत सिंह, प्रदुमन साहू, मुकेश कुमार सिंह, नरेश यादव, बिजेंद्र भारती, लक्ष्मण यादव, सीकू सिंह, नारायण शाहा, परमेश्वर यादव, दशरथ महतो सहित 21 सदस्यों को सौंपी गई है। समिति गठन के बाद सभी नव चयनित सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सदस्यों ने संकट मोचन हनुमान मंदिर में माथा टेका और रामनवमी का पर्व निर्बाध रूप से सम्पन्न होने की कामना की। जिसके बाद सभी सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जमकर जयकारे लगाए। मौके पर नित्यानंद सिंह, प्रदीप राम, रविंद्र ठाकुर, जवाहर यादव, धीरज कुमार, जीवन सिंह, मनोज सिंह, कुलदीप कुमार, सुमन सिंह, संतोष सिंह, हीरो सिंह, बॉबी सिंह, प्रमोद सिंह, आशीष कुमार, कैलू भुइयां, बजरंगी भुइयां सहित सभी अखाड़ा के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य मौजूद थे।

# सरहुल पर्व हर्षोल्लास व शांति पुर्ण तरीके से संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत स्थित पहाड़ा भवन नचना में प्रकृति का महापर्व सरहुल विधिवत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुजा स्थल का परिसर प्रकृति प्रेमी व सरना धर्मालंबियों से भरा हुआ था। इस पावन पर्व सरहुल पुजा का प्रारंभ मुख्य पाहन शिवा पाहन द्वारा, धर्म अगुआ प्रधान उरांव के सहयोग से एक दिन पहले गुरुवार को सरना स्थल पर पानी घड़ा रखने की पारंपरिक रिवाज को पूरा किया गया था। धर्म अगुआ तेतर उरांव द्वारा डंडा कटना का रस्म पुरा किया गया। उपस्थित सरना मां के उपासक महिलाओं द्वारा पारंपरिक रिति-रिवाज से पुजा की गई साथ ही फुलसु पंचायत के बारिबांध के किशोर व किशोरियों द्वारा ढोल मांदर के थाप पर मनमोहक पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सभी पाहनो द्वारा चन्दन व कानों में (सखुआ फूल) सरई लगाकर फुलखोसी का रस्म पुरा किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी , प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, उपप्रमुख निशा शाहदेव व मिडिया कर्मी सहित अन्य उपस्थित मंचासिन समाज के सम्मानित लोगों को पुजा समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन जगदीश उरांव ने किया। इस मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी चौधरी ने सभी लोगों से एक एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा ने सरहुल पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। धर्म अगुआ तेतर उरांव ने बताया कि सरहुल प्रकृति का पर्व है , हम-सब जल जंगल जमीन से जुड़े हुए हैं, प्रकृति पर हमें पुर्ण आस्था हैं और विश्वास है।इसे आदिवासीयों का पर्व कहा जाता है। जबकि प्रकृति किसी भी जाति समुदाय,चल व अचल जीव से भेदभाव नहीं करता है, प्रकृति के बिना किसी चीज की कल्पना करना संभव नहीं है.प्रकृति सबके लिए एक सम्मान है, सबको इसका पुजा करना चाहिए, सभी समुदायों के लोगों को सरहुल पर्व मनाना चाहिए। इस पर्व में अपने लिए नहीं बल्कि हम प्रकृति मां सरना से अपने क्षेत्र में निवासरत सभी जीव प्राणियों के लिए सुख समृद्धि की मंगलकामनाएं करते हैं, इस महत्वपूर्ण अवसर पर बारियातू प्रखण्ड के विभिन्न गांवों के आदिवासी समुदाय के लोगों ने खोढा टीम के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए।

## ओबीसी विरोधी है राज्य सरकार : रमेश वर्मन

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय में हुई बैठक में स्वागत भाषण जाते हैं ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश साहू ने कहा की वर्तमान की राज्य सरकार ओबीसी वर्ग को चलने का कारण कर रही है सिमडेगा जिला में ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया जबकि मुख्यमंत्री जोहार यात्रा में सिमडेगा यात्रा के दौरान भाषण में कहा था ओबीसी वर्ग को 27 परसेंट आरक्षण दिया गया है वर्तमान के ठग बंधन सरकार ओबीसी वर्ग को छलने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि के तौर पर ओबीसी मोर्चा के जिला प्रभारी रमेश वर्मन ने कहा की यूपीए सरकार में ओबीसी वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में ओबीसी वर्ग को 27 परसेंट आरक्षण का वादा किया गया था पर सरकार बनने के साढ़े तीन वर्षो के बाद भी ओबीसी वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है झारखंड के 5 जिलों में जिसमें सिमडेगा भी है ओबीसी को आरक्षण जीरो कर दिया गया है सरकार के इस फैसले का भारतीय जनता पार्टी पुरजोर विरोध करती है और आने वाले समय में ओबीसी वर्ग इसका जवाब जरूर देगी। भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा के ओबीसी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण विंग है, ओबीसी वर्ग के कार्यकर्ता सरकार के जन कल्याणकारी कार्यो को जन जन तक पहुंचाएं और राज्य सरकार के विफलताओं को भी बताएं। पूर्व विधायक श्रीमती विमला प्रधान ने कहा की झारखंड में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तो निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग को 27त्न का आरक्षण दिया था पर वर्तमान की गठबंधन सरकार सिर्फ ओबीसी वर्ग को ठगने का कार्य किया है सिमडेगा जिला में ओबीसी वर्ग बड़ी संख्या में है पर उन्हें आरक्षण 0 कर के राज्य सरकार ने ओबीसी वर्ग के साथ धोखा किया है मंच संचालन महामंत्री दीपक पुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन सुभाष साहू ने किया मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक साहू ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर उपाध्यक्ष सतीश पांडे मनोज साय कोलेबिरा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा सिमडेगा पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद श्री लाल साहू अनिरुद्ध सिंह पिंकी प्रसाद कंचन निशा दीपिका कुमारी नंदनी दास सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता सीताराम प्रसाद मुन्ना साहू भोला प्रसाद असोक रजक श्रीलाल साहू सुरजन बड़ाईक आदि मौजूद रहे ।

# गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है हजारीबाग की रामनवमी की पहचान,इसे कायम रखना हम सबकी जिम्मेवारी : नैंसी सहाय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांप्रदायिक सौहार्द के साथ व्यवस्थित तरीके से गरिमामय माहौल में विख्यात रामनवमी के आयोजन के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में संपन्न हुई। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक एवं प्रशासन की प्राथमिकता है। शोभा यात्रा एवं पर्व के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं, सेवा मिले इसके लिए प्रशासन संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है, सभी विभागों के स्तर से सर्वेक्षण का कार्य एवं चीजों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। वरीय अधिकारियों के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा शांतिपूर्ण, भक्ति भाव तरीके से ऐतिहासिक रामनवमी संपन्न हो इसके लिए ज़िला प्रशासन पिछले साल की तरह लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा शोभा यात्रा में लाउडस्पीकर पर सादगी और भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं है। भड़काऊ और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले गाने और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालु पारंपरिक शस्त्र का उपयोग जुलूस में कर सकेगें। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटर लोगों पर निगरानी रखी जा रही है, एतिहातन पुलिस निषेधात्मक उपायों के तहत् कुछ लोगों को नोटिस जारी कर नियंत्रण रखने की कारवाई किया गया है। पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा शांति समिति के सदस्यों की सक्रियता एवं प्रशासनिक मुस्तैदी से पर्व त्योहारों में किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां की जा रही।

पुलिस प्रशासन सभी पर्व त्यौहार को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय की भावना, नागरिक सुविधाओं को दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों के निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी कैमरा का उपयोग किया जाएगा। शहर में सड़कों एवं मकान की छत पर ईट, पत्थर जमा कर रखने वाले का जांच शुरू कर दिया गया है।

उन्होंने कहा लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं दे, सोशल मीडिया पोस्ट के सत्यता परख करें। पुलिस की आईटी सेल भ्रामक पोस्ट के माध्यम से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों पर पैनी नजर बनाए रखी है। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने कहा जुलूस मार्ग पर सुगम ट्रैफिक व्यवस्था एवं जाम की स्थिति से निपटने के लिए जगह जगह बेरकेटिंग कर पुरुष एवं महिला सिपाही की तैनाती की जाय। ज़िला के विभिन्न हिस्सों में आयोजित रामनवमी के मद्देनजर बिजली,पानी, सड़क आदि को दुरुस्त किए जाने की मांग रखी।शोभा यात्रा में आने वाले पुरुषों महिलाओं के लिए अलग-अलग अस्थाई शौचालय की पर्याप्त सुविधा हो, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए अलग से प्रेस दीर्घा की व्यवस्था एवं उनकी पहचान हेतु टीशर्ट मिले।

साथ ही उन्होंने प्रशासन से अखाड़ा समितियों की भावना का ख्याल रखते हुए सर्वमान्य सुविधा एवं नियमों में ढील दी जाए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से शांतिपूर्ण, व्यवस्थित तरीके से रामनवमी आयोजन के लिए प्रशासन से सहयोग का भरोसा दिलाया।

नगर भवन में आयोजित शांति समिति की बैठक में विभिन्न प्रखंडों, थाना क्षेत्र से आए लोगों ख़ासकर विभिन्न समुदाय से जुड़े शांति समिति के सदस्यों ने रामनवमी पर्व के मद्देनजर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, अतिरिक्त फोर्स की तैनाती करने, शराब के धंधेबाजों पर पुलिस कारवाई करने, अस्पताल में सुविधा दुरुस्त रखने, एंबुलेंस की व्यवस्था, बाहर से आने वाले और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, चीजों पर कड़ी नजर रखने का की मांग सदस्यों द्वारा की गई इसके अलावा बिजली कटौती में सुधार, अवैध रूप से शराब,नशा के कारोबार करने वालों पर कारवाई की मांग शांति समिति के रूप में मौजूद सदस्यों के द्वारा की गई।

## हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण शिविर रामगढ़ महाविद्यालय में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के रामगढ़ जिला चेयरमैन धनंजय कुमार पुटूस ने प्रशिक्षण प्राप्त किये बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस प्रशिक्षण शिविर में रोवर रेंजर को टेंट लगाना,दिशा का ज्ञान, प्राथमिक उपचार व अन्य प्रकार की समस्याओं को निपटाने का प्रशिक्षण दिया गया।

रामगढ़ जिला के चेयरमैन धनंजय कुमार पुटूस ने प्रशिक्षण प्राप्त रोवर रेंजर्स को आशीर्वाद दिया और राष्ट्र हित मे कार्य करने व अगला प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश संयुक्त सचिव नेहा सिंह ने रोवर रेंजर्स द्वारा बनाए गए टेंट का निरीक्षण किया और उनका मनोबल बढ़ाया। प्रशिक्षण शिविर में लगभग सौ बच्चो ने प्रशिक्षण लिया।

कार्यक्रम में रामगढ़ महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ रेखा प्रसाद, डॉ अर्चना पांडे, डॉ सुनील अग्रवाल, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड कि राज्य मुख्यालय से आई संयुक्त सचिव नेहा सिंह, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त हैदर अली ,राज्य संगठन आयुक्त शाहबाज जमील व जिला की शिक्षिका उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में बैरक, फ्लैग पोस्ट व पार्किंग शेड का उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा पुलिस लाइन हजारीबाग में नवनिर्मित बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत तरीके से नए भवन की पूजा पाठ के साथ की गई। पूजा संपन्न होने के बाद नए सभागार में सभी एकत्रित हुए जहां पर मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारी एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। एनटीपीसी, पुलिस विभाग को निरंतर सहयोग करती आई है और आज इसी का परिणाम है कि हम सब गुणवत्ता पूर्ण तरीके से बने इस नए सभागार में मौजूद हैं। उन्होंने एनटीपीसी के कामों की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी संस्था होने के बावजूद एनटीपीसी ने बेहद सराहनीय काम किया है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक, चोथे मनोज रतन भी मौजूद थे। उन्होंने एनटीपीसी और पुलिस विभाग की परस्पर समन्वयता का जिक्र करते हुए कहा कि हम एनटीपीसी ने पुलिस विभाग को हमेशा सहयोग किया है। उन्होंने नवनिर्मित सभागार का जिक्र करते हुए कहा कि जब हमें सौ पचास पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग करनी होती थी तो उन्हें धूप, बरसात में ही खड़े करके बातें बतानी पड़ती थी लेकिन अब इस सभागार के बन जाने से हमें इस समस्या से निजात मिलेगी। हम अपने पुलिसकर्मियों को सही तरीके से ब्रीफ कर पाएंगे। पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने इस मौके पर कहा कि पुलिस और प्रशासन के सहयोग से ही हम सुचारू ढंग से अपना काम कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोयला खनन कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण सहभागिता पुलिस प्रशासन की रही है। मुख्य महाप्रबंधक ने यह भी आश्वासन दिया कि एनटीपीसी की ओर से भविष्य में भी जो सहयोग पुलिस विभाग को चाहिए वह मुहैया करवाए जाएंगे और देश सेवा में हम साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। नवनिर्मित सभागार फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग सेट के अलावा डीआईजी के आवासीय कार्यालय में सुरक्षाकर्मियों के लिए नवनिर्मित रसोईघर का भी उद्घाटन किया गया।

## सरहुल पर्व प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है : सी के पाण्डेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड में सरना धर्म के अनुयायियों ने सरहुल पर्व के अवसर पर बीती रात को ध्वजारोहण एवं परंपरागत तरीके से धर्म के पाहन ने सरना माता की पूजा की साथ ही सखुआ के फूलों को एक दूसरे को देकर बधाई दिया। पूजा के बाद सांस्कृतिक एवं परंपरागत झूमर नृत्य भी आयोजित किया गया। लोगों ने नगाड़े एवं मांदर की थाप पर देर शाम तक नृत्य करते रहे। अतिथियों ने प्रकृति के प्रति अपने प्रेम जाहिर किया। जिप प्रतिनिधि व समाजसेवी सी के पाण्डेय ने कहा की सरहुल प्रकृति के प्रति प्रेम दिखाता है। वर्तमान समय में वनों को जिस तरह से उजाड़ा जा रहा है इससे हम सभी का जीवन संकट में होता जा रहा है। झारखंड की महान संस्कृति एवं पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि सह् झारखण्ड नव निर्माण युवा सेना के संस्थापक सी के पाण्डेय (समाजसेवी शिक्षक),थाना प्रभारी गोरहर कृष्ण कुमार साहा,पंचायत बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी,भारत जकात मांझी परगना बरकट्ठा प्रखण्ड अध्यक्ष रामजी बेसरा,रामधनी मांझी,पंचायत बेलकप्पी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पाण्डेय,पंचायत गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल,सुरेश कुमार पाण्डेय,किशुन हांसदा,दुर्गा बास्के, रिंकू माली,संतोष पाण्डेय, शंकर गोस्वामी,सुनील कुमार,पंकज पाण्डेय,आदित्य पाण्डेय, ज्ञानदीप पाण्डेय ,महादेव मुर्मू, विनोद बास्के ,रामु मरांडी, सहदेव मरांडी,बिनोद बेसरा, बिनोद बास्के,महादेव जी, छोटेलाल मुर्मू,परमेश्वर हांसदा, सोमरा बास्के,तालो बास्के, सुरेश टुडू, रामसहाय मांझी, मुकेश टुडु, सामेल टुडु,प्रकाश टुडु, अनिल टुडु, सुनील सोरेन,सुंदर मांझी,सुरेश मुर्मू,महेश मांझी, केशोलाल मुर्मू ,के अलावे जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

## रमजान के पहले जुम्मे की नमाज हुई अदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, गांव चपरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय में शुक्रवार को रमजान के पाक मौके पर पहले जुम्मे की नमाज जामा मस्जिदो में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा किया। वही बुधबाजार सिरका जामा मस्जिद में भी मुस्लिम ग्रामीणों ने रमजान के जुम्मा की नमाज पढ़ा। सभी ने खुदा से रमजान की रामतों को बरसाने की दुआ मांगी। अपने परिवार और दुनिया के लिए सबब की गुजारिश किया। लोगों ने बताया कि रमजान के पाक महीने में जुम्मे की नमाज खासम- खास होती हैं। इस महीने में अल्लाह की इबादत करने का मौका हर बंदे को मिलता हैं। इसलिए सभी इसमें शिरकत करते हैं। मौके पर समसुद खान, कमरुद्दीन खान ,मो. चांद ,मो. मुबारक, परवेज खान, मोनू खान, असगर खान, मिंटू खान, मो. गुलाब, महमूद खान, तोहिद खान, रिजवान खान, रेहान आलम, इसराफुल हुसैन, कुसूर राई, मोहसिन खान, कल्लू खान, मो. तसाव्वर आलम आदि मौजूद थे।

## उत्पाद विभाग हजारीबाग और बड़कागांव पुलिस की संयुक्त छापेमारी में 600 किलो जावा महुआ और 70 लीटर शराब जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** उपायुक्त हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग तथा सहायक आयुक्त उत्पाद हजारीबाग के निर्देशानुसार आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर शुक्रवार को उत्पाद विभाग हजारीबाग तथा बड़कागांव थाना के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। बड़कागांव थाना अंतर्गत बादम, हरली, महुदी, कांडतरी एवं राजाबागी में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में चार अवैध चुलाइ शराब निर्माण स्थल पर शराब बनाने का जावा महुआ और उपकरण को नष्ट कर दिया गया।इस दौरान लगभग 600 किलो जावा महुआ और 70 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब को जप्त कर लिया गया। छापेमारी दल में एसआई प्रकाश मिश्रा, एएसआई लखन मुंडारी, उत्पाद विभाग के कांस्टेबल, होमगार्ड के जवान तथा बड़कागांव थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नउवाडीह एन0एच2 पथ मार्ग के समीप शुक्रवार को ट्रक के चपेट में आने से एक युवक 22 वर्षीय शाहिद रजा पिता इशाक अंसारी की मौके पर मौत हो गई।जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक इम्तियाज अंसारी पिता अनवर हुसैन, मोहम्मद अली पिता स्व0 सहदुल मियां दोनों ग्राम नरकंडी (टोला करमाटांड़) हूरलुग निवासी जो दिहाडी मजदूरी ग्राम बराय इस्लामपुर जाने के लिए निकले ग्राम नउवाडीह फोरलेन बाईपास के समीप सड़क के किनारे खड़े थे,इसी दौरान, ट्रक संख्या पीबी 65 बीसी1395 सुबह करीब आठ बजे तेजगति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए तीनों लोगों को सामने से धक्का मार दिया। जिससे मो0शाहिद रज़ा की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ मौजूद दो अन्य साथी इम्तियाज अंसारी एवं मो0 लकी गंभीर रूप से घायल हो गए जिससे आनन-फानन में बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग सदर रेफर कर दिया है।वहीं आसपास के ग्रामीणों द्वारा ट्रक वाहन चालक को पकड़ा गया है। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 61/ 23 दिनांक 24.3.2023 धारा 279/ 304ड्ड/338 भा0द0वि दर्ज की गई है।वहीं मृतक के शव को विष्णुगढ़ पुलिस ने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग सदर भेज दिया गया है।

## विष्णुगढ़ पुलिस ने छापामारी कर जब्त किए सैकड़ो लीटर शराब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ के नेतृत्व में विष्णुगढ़ थाना की पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाई करते हुए शराब के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध ग्राम - न?उवाडीह में सघन छापामारी अभियान चलाया गया।जिसमें करीब 100 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 600 किश्ग्राश्र महुआ को जप्त किया गया तथा 1100 किश्ग्राश्र महुआ के अर्ध निर्मित जावा को भी बरामद कर नष्ट किया गया । इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या-64/23दिनांक 23.03.23 धारा -290/ 272/ 273/ 34 भाश्दश्विश एवं 47(A) उत्पाद अधिनियम के तहत पांच नामजद अभुयुक्तो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# टीबी के इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सबसे उपयुक्त, सभी सुविधाएं उपलब्ध : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले वासियों एवं टाउन हॉल में उपस्थित सभी को विश्व यक्ष्मा दिवस की शुभकामनाएं दी।मौके पर उन्होंने टीबी रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग की टीम, अधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना करते हुए कहां की आपके द्वारा अब तक रामगढ़ जिले को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य जो भी कार्य किए गए हैं वह सच में सराहनीय है। लेकिन अभी हमें और भी कार्य करना है, 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान इसमें जरूर दें। मौके पर उपायुक्त ने टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचानने एवं इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालो, एजेंसियों आदि के महत्व की सभी को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ प्रभात कुमार के द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेने की सराहना करते हुए स्वयं भी 5 मरीजों को गोद लेने एवं उनके इलाज के दौरान पोषण फूड बास्केट उपलब्ध कराने की घोषणा की। मौके पर उपायुक्त ने देश से टीबी रोग को खत्म करने के उद्देश्य से सभी सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद हुए वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में टीबी रोग का सबसे बेहतर इलाज संभव है क्योंकि किसी मरीज के टीबी से ग्रस्त होने के उपरांत ना केवल मरीज को निशुल्क दवाइयां/जांच उपलब्ध कराई जाती हैं बल्कि महीने का ?500 भी उपलब्ध कराया जाता है वही अगर सही समय पर रोग की पहचान कर ली जाए और ससमय दवाइयां ली जाए तो 6 महीने के अंदर यह रोग ठीक भी हो जाता है। उपायुक्त ने सभी से टीबी रोग को पहचानने एवं इसके उपचार के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए सभी को विश्व यक्ष्मा दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने टीबी मरीजों के इलाज हेतु जिले में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के संबंध में भी सभी को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन ने पांच टीबी मरीजों को गोद लेते हुए उन्हें इलाज के दौरान फूड बास्केट उपलब्ध कराने की घोषणा की।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## प्रकृति महापर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत कोतो में प्रकृति महापर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को कोतो सरना स्थल में सभी लोगों एकत्रित हुए,जिसके बाद विधि विधान पूर्वक पाहन दुबराज मुन्डा द्वारा पूजा अर्चना कि गई द्ध पुजारी पाहन ने कहा कि सरहुल पर्व अमन, सुख, शांति व भाईचारा का प्रतीक है। वहीं वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि 25 मार्च को दोपहर में गाजे-बाजे के साथ ग्राम कोतो से सरहुल जुलूस हेसला के लिए प्रस्थान करेगी। जिसमें सैकड़ों सरहुल प्रेमी शामिल होंगे। मौके पर दुबाराज मुन्डा धनराज मुन्डा जानकी मुन्डा गोविंद कुमार प्रदीप मुन्डा संतोष मुन्डा मक्खन मुन्डा सुनिल महली विकास मुन्डा आदि शामिल रहे।

## सरहुल शोभायात्रा में विधायक हुई शामिल

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम तालाटांड कुंम्बा टोला में आदिवासी छात्र संघ के बैनर तले सरहुल के शुभ अवसर पर शोभायात्रा निकली गई द्ध जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित हुई। मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा सरहुल के अवसर पर साड़ी का वितरण किया। शोभा यात्रा को सफल संचालन करने वाले आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष दिनेश उरांव सचिव यसवंत उरांव मुखिया रिझन देवी चरणदेव उरांव अनिता टोप्पो चिलो सुनैना देवी अनिता उरांव पाको देवी मुकेश उरांव छोटेलाल मुण्डा सुनिता देवी महेश मुण्डा शिला देवी एवं कांग्रेश पाटी के प्रखंड अध्यक्ष रोहित पटेल विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह अंजन प्रसाद योगेंद्र सिंह खरवार अजीत सिंह खरवार पवन सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## सरहुल पूजा समारोह का किया गया विधिवत उद्घाटन

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चेचकप्पी के लाल मैदान खैरियो में सरहुल पूजा समारोह का उद्घाटन मुखिया रीता देवी,पंचायत समिति सदस्य सुरजमुनी देवी,उप मुखिया ममता देवी,झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो0कुदुश अंसारी एवं महेश मुर्मू ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव,शिबू मांझी,राजाराम मांझी, वार्ड सदस्य बाबूलाल मांझी,बाबूराम मरांडी, संजय हांसदा,मैनो देवी,अर्जुन मुर्मू, सहदेव मरांडी, राजू मुर्मू, मेराज खान,गणेश मुर्मू, महादेव मांझी,रामसहाय मांझी,बाबूराम मांझी,दिलीप हांसदा,धनी टुड्डु,दिलीप हांसदा समेत सैकड़ों लोग प्राकृतिक पर्व सरहुल में उपस्थित थे।

## रामगढ़ थाने में व्यक्ति के गुम होने का आवेदन दिया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना में महेश प्रसाद वर्णवाल पिता जगदीश वर्णवाल जो शास्त्री नगर नईसराय रामगढ के निवासी ने आवेदन देकर एक व्यक्ति के गुम होने की सूचना दी है इस आवेदन में महेश वर्णवाल ने बताया कि मेरी दुकान में 15/3/2023 को मेरे पास काम करने के लिए फागूराय पिता लुड्डु राम ग्राम पिपराडीह पोस्ट धोइजी थाना भेलवाधाटी जिला गिरिडीह का निवासी आया था । जिसका उम्र लगभग 18 वर्ष, रंग सांवला , लंबाई लगभग 5% 2 इंच है जो कि दिनांक 18/3/2023 सुबह लगभग 10ः00 बजे मेरी दुकान से निकल का घर जाने के लिए निकला जो आज तक अपने घर गिरिडीह नहीं पहुंचा है काफी खोजबीन करने के बाद पता नहीं चल पा रहा है इसको लेकर रामगढ़ थाने में आवेदन दिया गया है और उपरोक्त व्यक्ति के संबंध में सनहा दर्ज करने का आवेदन की दिया गया।

## झारखण्ड में अल्पसंख्यक के शिक्षा,रोज़गार व विकास से जुड़े मामलों को हल करने की माँग



**राँची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के नेतृत्व में आल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा सत्र के आखरी दिन विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात कर अल्पसंख्यकों के बुनियादी एवं संवैधानिक मुद्दों को उठाया और कार्यरूप देने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, उर्दू अकैडमी, मदरसा शिक्षा बोर्ड का गठन सहित अल्पसंख्यक के रोजगार एवं विकास से जुड़े अन्य मामलों को रखा । प्रतिनिधिमंडल में आल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव मो सगीर अंसारी, झारखंड प्रदेश के महासचिव (संगठन) अब्दुल करीम अंसारी एवं रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद शामिल थे।

## पांच साल का हम्माद ताहा ने पहला रोजा रखा



**राँची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मौलाना आजाद कॉलोनी के रहने वाले अम्बर शाहबाज के साहेबजादे हम्माद ताहा ने आज अपना पहला रोजा रखा और देश दुनिया सभी लोगो की खुशहाली के लिए दुआ भी मांगी। साथ ही हम्माद ने तरावीह की नमाज भी अदा की।

## रोड़ रोलर को तमाड़ पुलिस के हवाले किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के पुण्डीदीरी निवासी मंटू कुमार गुप्ता के द्वारा सुचिता कंपनी कोलकाता के रोड रोलर को तमाड़ पुलिस के हवाले किया गया. ज्ञात हो कि इसी रोड रोलर से मटु के भाई का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी और उसी समय रोड रोलर को तमाड़ पुलिस को सुपुर्द की गई थी.मगर तमाड़ पुलिस द्वारा रोड रोलर को छोड़ दिया गया था.इस संदर्भ में 82/2021 के तहत एक मामला तमाड़ थाना में दर्ज की गई थी.23 मार्च 2023 गुरुवार रात को मंटू द्वारा उक्त रोड रोलर को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़कर तमाड़ पुलिस के हवाले कर दिया गया. फिलहाल तमाड़ पुलिस कार्रवाई में जुट गई है. और रोड रोलर को तमाड़ थाने में रखी है।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं एस. जी. 664–20–संकेत–2022–23. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम : धनबाद मंडल में विभिन्न स्वीकृत मुख्य इंजीनियरिंग प्राकलन संख्या 01, 02, 04, 06, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26 & 27 of 2022-23 और संकेत उप प्राकलन संख्या 11, 12, 13, 14, 15, 18, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 39, 40, 41, 42 & 43 of 2022- 23 के अधीन CTR, TTR, TSR, TRR, TWS+CMSC, FS+CS+CMSC, DS, SEJs & GJs से संबंधित सिग्नलिंग कार्य हेतु। 2. कार्य का आकलित मूल्य : ₹1,65,70,071.81 (लगभग), 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹2,32,900/–, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 11.04.2023 (12:30 बजे) | 5. ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता /पूमरे/धनबाद

पीआर/02415/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/22–23/44


## प्रकृति पर्व सरहुल, गद्दी, बाहा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के टेरो गांव में सरहुल के कार्यक्रम में छोटनागपुर संस्कृतिक संघ के सहयोग से सरहुल पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार उपस्थित थे उन्होंने कहा सरहुल का त्योहार आदिवासी समाज के द्वारा प्रकृति के समर्पण का प्रतीक है प्रकृति धरती माता और धर्मेश के मिलन से नए फूल और फल देती है तो उसका पहला समर्पण धर्मेश, धरती माता और पूर्वजों को दिया जाता है। प्रकृति को नए उपायों को सर्वप्रथम समर्पित के करने के उपरांत ही आदिवासी समाज उनका उपभोग करता है। आदिवासी समाज जल जंगल और जमीन का सच्चा संरक्षक है, उन्हीं के प्रयास से झारखंड में जल जंगल जमीन का अस्तित्व कायम है। उन्होंने गांव की युवाओं का आह्वान किया उनका गांव के विकास में वे सहयोग करें तो गांव आदर्श गांव में बदल सकता है। सच्ची कुमारी, छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ ने कहा कि उन्होंने गांव के विकास के लिए काफी प्रयास किया है 1-1 दीदी को मोटिवेशन किया है और वह शतत इसमें लगी हुई है । उन्हें ग्रामीणों से नाशापान से दूर रहने, बच्चों को शिक्षित करने एवं कौशल विकास की योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य एवं ढोल मांदर के साथ सभी अतिथियों को स्वागत करके सरना स्थल तक लाया। सभी अतिथि सरना स्थल पर जाकर सरना मां और सर्वशक्तिमान धर्मेश को प्रणाम की उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली के लिए उनसे प्रार्थना किया। कार्यक्रम में समाज सेवक नवल सिंह, बीपीओ संजय तिर्की, गांव के पहान, पूजार, ग्राम प्रधान, पुनिया उरांव,मणी उरांव, मनोज उरांव और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सत्र 2023 25 रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का द्विवार्षिक चुनाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** उत्तरी छोटानागपुर का सबसे महत्वपूर्ण व्यवसायिक संस्था रामगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 का द्विवार्षिक चुनाव दिन रविवार 02 अप्रैल 2023 को चेंबर भवन में होने जा रहा हैं। इसी क्रम में सशक्त समृद्ध एवं प्रभावशाली चेंबर के निर्माण हेतु विनय कुमार अग्रवाल के गुटके सभी सदस्यों ने नईसराय,नईसराय हॉस्पिटल कॉलोनी, नई सराय बस्ती के साथ-साथ सैयद कॉलोनी में चलाया गया। जनसंपर्क अभियान उपस्थित सभी सदस्यों ने व्यापारियों से नम्र निवेदन करते हुए कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 वार्षिक चुनाव में इस टीम के सभी सदस्यों को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजय बनाएं। सेवा करने का अवसर प्रदान करें । हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम सभी आपकी सेवा में समर्पित रहेंगे। वहीं विनय कुमार अग्रवाल ने मतदाताओं से मुलाकात कर चेंबर के हितों की रक्षा के लिए वोट करने की अपील की गई। विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि रामगढ़ एक औद्योगिक और व्यावसायिक जिला माना जाता हैं। हमलोग जिले में नए उद्योग लगाने के लिए उद्योगपतियों से आग्रह करेंगे। जिले में उद्योग लगाने के लिए माहौल बनाया जाएगा। विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिला के व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के लिए हमारी टीम पूरी तरह से काम करेगी?। हमलोग रियाडा से मिलकर रामगढ़ जिले में उद्योग लगाने के लिए नए क्षेत्र बनाने की मांग करेंगे। हम सबों के साथ हैं। औंर आगे भी साथ रहेंगे। हमारी टीम कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हर सुख और दुख में साथ के साथ रहेंगे।

## रामनवमी पूजा को लेकर पतरातू थाना में हुई शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातू :** शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से रामनवमी पूजा मनाने को लेकर पतरातू थाना में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संचालन थाना प्रभारी ने किया। प्रशासन द्वारा सभी अखाड़ा प्रमुख एवं आमजनों को रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। साथ ही लोगों से किसी भी अफवाह में नहीं जाने और तुरंत थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी से संपर्क करने को कहा गया ।इसके अलावा सोशल मीडिया पर पूजा के दौरान कड़ी नजर रखने कि भी नसीहत दी गई द्य बैठक में अंचलाधिकारी शिवशंकर पांडे सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार साहू दिनेश तिवारी समाज सेवी जयप्रकाश सिंह ननकी किशोर महतो पालू मुखिया पानो देवी नगीना देवी गिरिजेश कुमार देवराज राम पंसस अजय सिंह ज्योति गुप्ता परमानंद राजीव राजकुमार राम उपेन्द्र सिंह सुनील ठाकुर फनु सिंह जलेश्वर महतो गणेश ठाकुर प्रेमनाथ महतो संतोष स्वर्णकार प्रदीप महतो दीपक सिंह आदि लोग उपस्थित थे ।

## विष्णुगढ़ में बहा पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतो में सरहुल बड़े धूमधाम से मनाया गया। विशेष कर विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित कुसुम्भा पंचायत में झारखण्ड आदिवासी संथाल समिति के द्वारा प्रकृति पर्व बाहा(सरहूल) धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मेहीलाल मरांडी,संचालन गणेश हांसदा ने किया तथा पूजा नायके(पूजारी) धनीराम हेम्ब्रम के नेतृत्व में किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम आदिवासी झारखण्ड सहित पूरे देश में प्रकृति पूजा बाहा पर्व को बड़े



धूमधाम से मना रहे हैं। फागुन मास में जैसे ही पेड़ पौधों में नये फूल फल पत्ते उग आते हैं हम अपने ईष्ट देवता मरांग बुरू और जाहेर आयो को उनके समक्ष प्रस्तुत कर पूरे देश, दुनिया और समाज के लिए सुख शांति और समृद्धि के लिए स्तुति या प्रार्थना करते हैं।हम आदिवासी ही इस देश के असली नागरिक है ये सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है। किन्तु अभी तक प्रकृति पूजक आदिवासियों को सरना धर्म कोड नहीं मिला है। यदि हम प्रकृति पूजक आदिवासियों को स्वतंत्र धार्मिक मान्यता नहीं मिलेगा तो हम हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई आदि में विलीन हो जाएंगे।हम आदिवासियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।इसी तरह आदिवासियों की एक ही राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सबसे बड़ी आदिवासी भाषा संथाली है,जिसे अभी तक झारखंड में प्रथम राजभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है,इसे जल्द राजभाषा का दर्जा दिया जाए,यदि हमारी भाषा ही नहीं बचेगी तो संस्कृति नहीं बचेगी। गिरिडीह जिले में स्थित मरांग बुरू जो झारखंड की हेमन्त सोरेन सरकार ने 5 जनवरी 2023 को जैनों को बेचा है,वो हम आदिवासियों का ईश्वर है इसे जल्द आदिवासियों को वापस किया जाए।इसी तरह कुर्मी को आदिवासी बनाने के लिए जो पार्टी नेता उन्हें समर्थन करते हैं हम उनका विरोध करते हैं। दिनांक 21मार्च को बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संताली भाषा (ओलचिकी)का विरोध किया है।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व यक्ष्मा दिवस, 90 टीबी मरीजों को दिया गया पोषण आहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी व संचालन बीपीएम नारायण राम ने किया। मौके पर डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की देश के प्रधानमंत्री का लक्ष्य है की आगामी 2025 तक टीबी रोग से देश को मुक्त करना है, और यह कार्य तभी संभव है जब सभी मिलकर इस पर कार्य करेंगे। वहीं उन्होंने टीबी रोग होने वाले लक्षण को बताया और उसका उन्मूलन पर विस्तार से प्रकाश डाले। साथ ही कहा की क्षेत्र में दो सप्ताह से जिन्हे खांसी हो रही है, वैसे लोगो को चिन्हित कर इलाज करायें, अस्पताल में इसकी इलाज की व्यवस्था निशुल्क है। वहीं पंचायत के जनप्रतिनिधियों से टीबी मुक्त कराने में सहयोग करने की आग्रह किया। वहीं शकुंतला शरण ट्रस्ट मेमोरियल के अध्यक्ष संगीता चौधरी ने बताया कि टीबी उन्हीं लोगों को होती है, जो अत्यंत कमजोर होते हैं। टीबी रोगियों को सावधानियां बरतनी चाहिए। इसके लिए नशेपान से बचना चाहिए, चूंकि टीबी के कीटाणु छीकने से हवा में फैलती है, इसलिए टीबी मरीज छीकने के समय नाक पर रूमाल या टिशु पेपर अवश्य रखें। इस दौरान 13 निक्षय मित्रो को डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी व उपस्थित अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सात स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर 13 निक्षय मित्रो द्वारा 90 टीबी मरीजों को पोषण आहार दिया गया। सम्मानित होने वाले निक्षय मित्रों में शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष संगीता चौधरी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पंचमाधाव पंचायत के मुखिया नीलम देवी, धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, कोनरा मुखिया यासमीन तबस्सुम, किरण देवी शामिल थे।

## जल, जंगल व जमीन और प्रकृति का त्यौहार है सरहुल : सुनीता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 31 के चेटर मे सरहुल महोत्सव मनाया गया। जिस के मुख्य अतिथि रामगढ़ के विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद के अध्यक्ष युगेश बेड़िया , रामगढ़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, वार्ड पार्षद श्रीमती ललिता देवी ,वार्ड पार्षद रोशन महतो शामिल हुए सरहुल महोत्सव के अवसर पर श्रीमती सुनीता चौधरी ने कही कि सरहुल जल जंगल जमीन एवं प्राकृतिक से जुड़ा हुआ परब है इसे झारखंड के सभी जगहों पर ढोल नगाड़ा एवं मांदर साथ नाचते झूमते हुए इस परब को मनाते हैं इस अवसर पर मनोज महतो ने कहा कि सरहुल आपसी भाईचारे को बढ़ाता है सरहुल के अवसर पर सभी को जल जंगल एवं की रक्षा का शपथ लेना चाहिए इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अरविंद महतो, किशून राम मुंडा, राजेश महतो, राजेंद्र महतो ,करण कुमार ,जयशंकर महतो, डालचंद ओहदार, श्रीधर मुंडा, सुनील कश्यप, मनोज कुमार, नरेश महतो ,अजय आदि लोग उपस्थित हुए ।

## दौलत महतो बीएड महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना(एन.एस.एस.)के तत्वाधान में इकाई द्वारा सरहुल और रामनवमी पर्व के उपलक्ष में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के उद्घोष विचार में कहा कि प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए कलात्मक कार्यों से सृजनात्मक कौशल का विकास होता है।राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस)कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्र ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें सृजनशील होना आवश्यक है।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के आयोजन पर प्रशिक्षुओं ने सरहुल व नवरात्रा से संबंधित आकर्षक पोस्टर्स बनाए। इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले प्राध्यापकों में बबली कुमारी, संजय कुमार चौरसिया,ओमकार नाथ शर्मा,वीरेंद्र देव,शशि भूषण देव,राघवेंद्र प्रताप आदि थे ।

## रामनवमी को लेकर विहिप के पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** शुक्रवार को बरही डीएसपी नाजिर अख्तर अपने आवास पर विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) के पदाधिकारियों के साथ रामनवमी महापर्व को लेकर व शोभायात्रा को लेकर बैठक किया। मौके पर रामनवमी महापर्व हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इस पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर डीएसपी नाज़ीर अख्तर ने कहा की प्रशासन की दृष्टि में संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, पूर्व में कई अवसर पर प्रशासन को संगठन के विशेष सहयोग की प्रशंसा भी की।पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण रामनवमी सम्पन्न करने में संगठन से सहयोग के लिए अपील की। मौके पर धार्मिक आयोजन की सुरक्षा संबंधी हर संभव सहयोग की



बात कही। वही विहिप ज़िला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता द्वारा प्रशासन के इस आश्वासन के प्रति विहिप की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन कई विपरीत अवसर पर अपने आदर्श वाक्य, सेवा, सुरक्षा और संस्कार का अक्षरसः पालन करते हुए, प्रशासन की हरसंभव सहायता के लिए सदैव खड़ा रहा है। समय-समय पर ऐसे मैत्रीपूर्ण वातावरण में बातचीत एवं व्यवहार से समाज में एक नई ऊर्जा एवं शांति का संदेश प्रसारित होता है। चौपारण, बरही एवं बरकट्ठा संगठन ने भी इनको आश्वस्त करते हुए विश्वास दिलाया की संबंधित क्षेत्रों में, इस वर्ष रामनवमी में सैकड़ों बजरंगी सेवा, सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगा। रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से मनाने तथा आपसी भाईचारा और शौहार्द को बनाए रखने इत्यादि के बारे में तथा रामनवमी पूजा को लेकर आवश्यक बिन्दुओं पे विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही कहा कि, सभी पंथ के लोग मिलकर- जुलकर रामनवमी उत्सव को प्रशासन के गाइड लाइन अनुसार, भव्य तरीक़े से मनाए । त्योहार कोई भी हो सभी को मिलकर खुशी -खुशी मनाना चाहिए न कि असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास हो। बैठक में विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, मंत्री सत्यम भारती, धर्म प्रचार धीरज गुप्ता, चौपारण विहिप प्रखंड मंत्री शेखर गुप्ता, तथा बहेरा खंड मंत्री(चौपारण) अविनाश मिश्रा, सदस्य दयानंद कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## विधायक मनीष जायसवाल का हुआ स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारिबाग :** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस पर साल 2023 में लगाए गए तमाम प्रकार के प्रतिबंध हटाने की मांग को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सड़क से लेकर सदन तक किए गए अथक प्रयास और विशेषकर सदन पटल पर कुर्ता फाड़कर राज्य सरकार और जिला प्रशासन का पुरजोर तरीके से विरोध किए जाने का हजारीबाग वासियों ने अभिनंदन और स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। गुरुवार को झारखंड विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के उपरांत विधायक मनीष जायसवाल के हजारीबाग लौटने पर शुक्रवार को कई सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा



कार्यकर्ता और उनके समर्थकों एवं चाहनेवालों ने अनोखे अंदाज से उनका स्वागत और सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाया। विधायक मनीष जायसवाल के विशेश्वर दयाल पथ स्थित विधायक सेवा कार्यालय परिसर में अहले सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों का जुटान शुरू होने लगा था। जैसे ही वे अपने कार्यालय में पहुंचे किसी ने धर्मग्रंथ तो किसी ने पुष्पगुच्छ, कोई भगवा पगड़ी पहनाकर, कोई भगवा गमछा ओढ़ाकर, कोई तलवार भेंटकर तो कोई शॉल ओढ़ाकर अपने अपने तरीके से उनका अभिनंदन कर रहा था। यह सिलसिला अहले सुबह से देर शाम तक जारी रहा ।लोगों ने विधायक मनीष को सनातन धर्म के ध्वजवाहक के रूप में संबोधित किया और सड़क से सदन पटल तक पुरजोर तरीके से सनातनियों के हित में पारंपरिक रामनवमी को लेकर मांग रखने के लिए आवाज बुलंद करने पर आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया ।विधायक मनीष जायसवाल ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा की इस सम्मान व स्नेह के लिए हजारीबाग वासियों का आभारी रहूंगा। उन्होंने यह भी कहा की रामनवमी हम सबों के आस्था का केंद्र है, त्योहार की भव्यता बरक़रार रहे और इसमें अधिक वृद्धि हो इस ओर हरसंभव प्रयास किया हूँ ।

## 10 बजे रात से सुबह 6 बजे तक नहीं बजेंगे डीजे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ वन विश्रामागार में शुक्रवार को तमाड़ -अड़की प्रखंड के डीजे संचालकों की एक बैठक संपन्न हुई,ओर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन संबंधित चर्चा की गई, इस अवसर पर एक कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति से जिसमें सर्वसम्मति से, महासचिव रामकृष्ण सिंह,अध्यक्ष रणविजय सिंह, उपाध्यक्ष मालू महतो, सचिव आदित्य प्रमाणिक, सह सचिव अनुज गोस्वामी, कोषाध्यक्ष सुबल गांगुली, उप कोषाध्यक्ष कार्तिक कुमार एवं संरक्षक में काशीराम मुंडा, कृष्णा मुंडा संजय मुंडा,संजय स्वासी, सुभाष मुंडा चुने गए, साथ ही बैठक सरकार के निर्देशो का पालन करते हुए शादी विवाह चाहे कोई भी कार्यक्रम हो रात्रि 10ः00 बजे से सुबह 6ः00 बजे तक डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया गया, वहीं रात्रि कार्यक्रम के तहत रामायण पाठ, कीर्तन, छ नित्य चाहे कोई भी कार्यक्रम हो संबंधित समिति द्वारा प्रशासनिक सहमति आदेश लेने के बाद ही सरकारी प्रावधान के अनुसार ही साउंड सिस्टम लगाए जाएंगे मौके पर तमाड़ अड़की के सैकड़ों डीजे संचालक उपस्थित थे।

## धूमधाम से मना सरहुल पर्व नगाड़ों से गूंजा पुलिस लाइन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और मध्यप्रदेश के आदिवासियों का एक महत्वपूर्ण पर्व है सरहुल। सरहुल प्रकृति से जुड़ा पर्व है। इस दिन साल के फूल जितनी अहमियत होती है, उतनी ही अहमियत लाल पाड़ वाली सफेद साड़ी की भी है। सरहुल के दिन प्रकृति की पूजा तो होती ही है।आदिवासियों की आजीविका कृषि पर निर्भर है। वे हर शुभ काम प्रकृति की उपासना के साथ करते हैं। सरहुल भी अपवाद नहीं है। सरहुल आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व है। गेहूं (रबी) की फसल की कटाई सरहुल पर्व के बाद ही होती है।

# माह-ए-रमजान शुरू, जुम्मा में नमाजियों की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** मुस्लिम समुदाय की इबादत के पर्व रमजान की शुरुआत गुरुवार को चांद दिखने के साथ हुई। पाक माह के पहली जुमे पर मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के दौरान मस्जिदें खचाखच भरी रहीं और अल्लाह की रजा में रमजान का पहला जुमा बीता। रमजान के पहले जुमा की नमाज के लिए मस्जिदों में भीड़ उमड़ पड़ी। झरिया शहर की छोटी बड़ी तमाम मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। जामा मस्जिद के कमिटी ने बताया की आज चांद दिखाई देने के साथ ही रमजान मुबारक के पाक महीने की शुरुआत हो गई।



रोजेदार खुशनसीब हैं जिसके लिए हर रोज जन्नत सजायी जाती हैं। रोजेदार की मगफिरत के लिए दरिया की मछलियां दुआ करती हैं। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण का जरिया है। असल रोजा तो वह है जिससे अल्लाह राजी हो जाए। जब हाथ उठे तो भलाई के लिए, कान सुने तो अच्छी बातें, कदम बढ़े तो नेकी के लिए, आंख देखे तो जायज चीजों को। डॉक्टर एस हैदर बताते हैं कि रमजान माह की 27वीं रात को शब ए क़द्र के मौके पर पूरी रात जाग कर इबादत कर अपने गुनाहों की माफी तलाफी कर अल्लाह को राजी किया जाता है। इस महीने में साहिब ए निसाब लोग अपने माल की जकात निकाल कर गरीबों में बांटते है। रमजान माह में पूरे महीने रोज़े रखने के बाद ईद का चांद दिखाई देने पर 21 या 22 अप्रैल को सभी ईद उल फितर का त्योहार मनायेंगे।

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, एक फरार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम कारीटांड से साइबर अपराधी गोविंद एवं उनके पुत्र अजय मंडल को कल देर रात टुंडी पुलिस गिरफ्तार कर थाना लायी थी मगर पुत्र पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा भागने के क्रम में अजय का मोबाइल फोन गिर गया जिससे टुंडी पुलिस उक्त फोन को खंगालना शुरू कर दिया है एवं पिता को टुंडी थाना में ही रखकर गहन पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि कल टुंडी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिता पुत्र दोनों अभी पैतृक गांव में ही है जिससे थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह ने दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया था जहां से पुत्र अजय मंडल भागने में सफल रहा वहीं पिता गोविन्द टुंडी पुलिस की गिरफ्त में हैं और उससे साइबर क्राइम के बारे में पुछताछ जारी है टुंडी पुलिस को गोविंद की गिरफ्तारी से कई अहम सुराग का पता चल सकता है।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में गांधी शिल्प बाजार का महत्वपूर्ण प्रयास

### कूच बिहार के स्टॉल में उपलब्ध है मनलुभावन बेंत से बनी लेडीज पर्स, हेंडबैग आदि

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** गोल्फ ग्राउंड में लगे 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार के एक स्टॉल में नार्थ बंगाल के कूच बिहार में बने बेंत के खूबसूरत और आकर्षक पर्स, वैलेट, फाइल बैग, बोटल बैग महिलाओं एवं युवतियों को काफी पसंद आ रहे हैं। स्टॉल संचालक शिव शंकर ने कहा भारतीय हैंडीक्राफ्ट हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मेरा विकलांग कार्ड बनाया और एक अच्छा प्लेटफार्म गांधी शिल्प बाजार उपलब्ध कराया जिसमें निश्शुल्क स्टॉल प्रदान किया, जिसके जरिये केन के बनाए गए वस्तुओं का व्यवसाय और बिक्री कर पा रहा हूं और अब जीवन यापन करना भी आसान हुआ है। स्टॉल के सहयोगी अनूपमा कुजूर ने बताया केन के द्वारा तैयार किया हुआ हर आइटम लचीला और मजबूत होता है और बारिश के मौसम में भी इसे अपने साथ बाजारों में, यात्रा में, शादी-पार्टियों अनुष्ठानों में ले जाया जा सकता है। केन से बने वस्तुओं की खासियत है कि यह वाटर प्रूफ है तथा बहुत नवीनतम डिजाइनों में और दिखने में भी आकर्षक है।

## डीएवी स्कूल महुदा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महुदा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल के सकुशल निर्देशन में कक्षा/श्रेणी एल.के.जी.से नौवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य ने प्रत्येक वर्ग के रैंक होल्डर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं एवं उनके माता -पिता को सम्मानित किया। प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने स्टेज से परीक्षा परिणाम एवं उत्साहवर्धक भेंट प्रदान करते हुए सभी शुभ चिंतक अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने अभिभावकों एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे इस स्टेज तक नहीं आ पाए हैं, उन्हें कोशिश करना चाहिए कि अगले साल वे सभी छात्र अपनी -अपनी कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने कि कोशिश करें और जो बच्चे अपनी कक्षा में स्थान प्राप्त किए हैं वे सभी छात्र इससे भी बेहतर करने कि कोशिश करें।

## सिनीडीह मंडल भाजपा बुथ कमिटी की बैठक सम्पन्न

**मधुडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिनीडीह मंडल भाजपा की बैठक बंजरंगी मोड़ पार्टी कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किया । इस बैठक में मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो मुख्य रूप से उपस्थिति हुए बैठक में शत्रुघ्न महतो ने कहा कि यह बैठक में आगामी चुनाव लोकसभा एवं विधानसभा को देखते हुए तैयार की जा रही है हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है बाघमारा में भाजपा बहुत मजबूत स्थिति में है सभी को तीन दिनों के अंदर बुथ कमिटी और पन्ना प्रमुख बनाकर सिनीडीह मंडल अध्यक्ष को देंगे इस बैठक में सभी शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता के साथ साथ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौर चन्द बाउरी विधायक प्रतिनिधि अनील उपाध्यक्ष सोनु श्रीवास्तव मंडल प्रभारी कंचन चौरसिया उत्तम गयाली राजेश सिंह हरि साव जितेश रजवार टिंकू तिवारी मुन्ना चौहान संजय रजवार शैलेंद्र यादव रामनारायण गुप्ता मदन पासवान सदानंद पासी ईश्वर दयाल सिंह जितेश पाठक निरंजन गोप बाबु चन्द दास बिनोद सिंह नागेश्वर पासवान बंटी बाउरी आनंद बाउरी योगेश रजक आदि लोग मौजूद थे।

## पहला जुम्मा पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गाँवों करमा, दुधियानो, चिरूडीह, बलगो, बलिया, खाखीपीपर, मदनगुनडीह, कुम्हारपिटनी, खेदवारा, शाखाबारा, भरकट्टा, थॉरिया, दौनीया, कपीलो, दलांगी आदि में शुक्रवार को पवित्र रमजान माह के पहले दिन इस्लाम धर्मावलंबियों ने रोजे रखे हैं जिसमें रात में तरावीह की नमाज पढ़ना और कुरान तिलावत करना भी शामिल है. आपको बता दें कि मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सूरज निकलने से लेकर डूबने तक कुछ भी नहीं खाते पीते हैं. साथ में महीने भर इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं. रमजान के दौरान रोजा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है. इस पूरे महीने में मुस्लिम संप्रदाय से जुड़े लोग अल्लाह की इबादत करते हैं. इस माह मे सेहरी की भी एक परंपरा रही है. इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, रमजान माह में सूर्य उगने से पहले खाना खाया जाता है. इसे सेहरी के नाम से जाना जाता है. वहीं इफ्तार दिनभर बिना खाए-पिए रोजा रहने के बाद शाम को नमाज पढ़ने के बाद खजूर खाकर शाम को सूरज ढलने पर मगरिब की अजान होने पर रोजा खोला जाता है. इसे इफ्तार नाम से जाना जाता है. रमजान में मुसलमान समुदाय के लोग पांच समय की नमाज़ पढ़ते हैं. सुबह की नमाज जिसे फज्र, दोपहर की नमाज जिसे ज़ुहर (दुहर), शाम से पहले की नमाज जिसे असर, शाम के वक्त की नमाज जिसे मगरिब और शाम के बाद रात में पढ़ी जाने वाली नमाज जिसे इशा कहते हैं. ये पांचों वक्त का नमाज इस्लाम में बेहद महत्वपूर्ण है।

## गिरिडीह विधायक ने किया मांझी थान का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा बस स्टैंड गिरिडीह के समीप एक मांझी थान का शिलान्यास किया गया ।विधायक निधि से निर्माण होने वाले शहर के बीचो बीच इस मांझी थान की महता और मांग वर्षो से रही है। शहर और इसके आसपास बसने वाले आदिवासी समुदाय के लिए यह स्थान काफी पवित्र और महत्वपूर्ण हैं। विधायक ने कहा है यहां एक भव्य मांझी थान बनेगा जो दूसरे जिलों के लिए एक उदाहरण बने और इनका फायदा आदिवासी समाज उठाए। मौके पर जिलाध्यक्ष संजय सिंह के अलावा, दिलीप मुर्मू, महेश मरांडी कौलेश्वर सोरेन, प्रधान मुर्मू, महालाल सोरेन, गौरव कुमार, दिलीप मंडल,



ज्योतिन्दर प्रसाद, महावीर मुर्मू, रामदेव मुर्मू, बबली मरांडी, हिंगामुनि मुर्मू, गोपाल शर्मा, अभय सिंह, शोभा यादव, नुनुराम किस्कू, बिनोद मुर्मू, आदि के अलावा आदिवासी समुदाय एवं झामुमो के अगुवा साथी समेत सैकड़ों की संख्या आदिवासी महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे ।

## राहुल गांधी पर कार्रवाई प्रतिशोधात्मक व तानाशाहीपूर्ण : बृजेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राहुल गांधी जी पर की जा रही कार्यवाही प्रतिशोधनात्मक व तानाशाहीपूर्ण करवाई है। आगे श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अन्याय और तानाशाह के खिलाफ आवाज उठाने का काम कर रहे हैं तो उन्हें सीबीआई, ईडी, इन्कम टैक्स यहाँ तक की एफआईआर करके मोदी सरकार उनको डराने का काम कर रही है। राहुल गांधी को सच बोलने की तानाशाह के खिलाफ आवाज बुलंद करने की सजा मिल रही है। राहुल जी का आंदोलन धर्म, सत्य और अहिंसा



पर आधारित है। राहुल गांधी जी एवं कांग्रेस पार्टी फासिस्ट ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ते रहेगी। भाजपा की राहुल जी पर यह कार्रवाई प्रतिशोधनात्मक व तानाशाही पूर्ण कार्यवाही है। मोदी सरकार को पार्टी से ऊपर उठ कर उन पर ईमानदारी पूर्वक कार्रवाई करनी चाहिए। जिन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा जी, राजीव गांधी जी एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के प्रति असंसदीय व असंवैधानिक टिप्पणी करने का काम किया है उन पर गलत टिप्पणी करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। आगे सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी सत्य एवं अहिंसा के सिपाही है। सरकार और सरकारी तंत्र के दबाव और असत्य के सामने राहुल गांधी जी कांग्रेस पार्टी झुकने वाली नहीं है। देश की जनता देख रही है कि किस तरह से सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है और जो सत्य बोलने में साहस करता है और सरकार के खिलाफ बोलने की कोशिश करता है उन पर सीबीआई, ईडी, इन्कम टैक्स लगाया जा रहा है। इसे हम लोग डरने वाले नहीं हैं। प्रेम भाईचारा और सद्भावना का संदेश के साथ-साथ तानाशाह को समाप्त करने के लिए कांग्रेस पार्टी आगे भी संघर्ष करते रहेगी। आगे उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी पर मानहानि का मुकदमा किसी तीसरे व्यक्ति के कहने पर दायर हुआ है। उनका कोई मानहानि नहीं हुआ है इसलिए राहुल गांधी को निचली अदालत से सजा दी गई है। लेकिन मुकदमे के आधार पर मै पूर्ण आश्वस्त हूं कि ऊपरी अदालत में यह मुकदमा निरस्त होगा और माननीय राहुल गांधी जी बरी होंगे।

## बीसीसीएल की प्रताड़ना के खिलाफ धरना

**झरिया( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** बीसीसीएल ने झरिया पोद्दार पारा निवासी बुधन दत्ता की दोबारि स्थित सोलह एकड़ जमीन खेत और घर लेकर बीसीसीएल के बड़े अधिकारियों द्वारा मिलीभगत से फर्जी कागजात बनवा कर बाहरी लोगो को मुअवजा और नौकरी दे दी गई। झारखंड के मूल रैयत बुधन दत्ता के दोनो बेरोजगार पुत्र जिसमे से एक विकलांग भी है, आज दर दर अपने अधिकार के लिए भटक रहे और बीसीसीएल की प्रताड़ना का शिकार हो रहे। इस मामले में बुधन दत्ता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लगभग सवा पांच एकड़ जमीन पर कोर्ट के द्वारा बुधन दत्ता के पक्ष में जमीन का मालिकाना हक का फैसला आने के बावजूद आज बुधन दत्ता और उनका परिवार दर दर भटक रहे। यहां तक कि बीसीसीसीएल के ऑफिस जाने पर अपमानित और गली गलौज भी किया गया। यहां तक कि बीसीसीएल के द्वारा उन्हें जेल भी भिजवाया गया। इन्हीं यातनाओं के विरुद्ध बुधन दत्ता और उनके दोनो पुत्र रणधीर वर्मा चौक पर धरना पे बैठे है। उनका कहना है की अगर इनके साथ न्याय नहीं होगा तो ये भूख हड़ताल और आत्मदाह तक करने पर मजबूर होंगे।

## समस्तीपुर मंडल द्वारा किसी एक दिन में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री का कीर्तिमान स्थापित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** समस्तीपुर मंडल द्वारा दिनांक 23.03.2023 को स्क्रैप बिक्री में रिकॉर्ड कायम करते हुए अब तक की गयी बिक्री की तुलना में किसी एक दिन में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है । दिनांक 23.03.2023 को एक दिन में समस्तीपुर मंडल को स्क्रैप बिक्री से 4.72 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ । जबकि चालू वित्त वर्ष के 23 मार्च तक समस्तीपुर मंडल द्वारा लगभग 9500 टन स्क्रैप का निपटान किया गया जिससे मंडल को 42.81 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ । इसके साथ ही समस्तीपुर मंडल ने स्क्रैप बिक्री के लिए निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है। स्क्रैप बिक्री के लिए आगामी ई-नीलामी की तिथि 31.03.2023 निर्धारित की गयी है ।

## ठेका मजदूर की हुई मौत, कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जोड़ापोखर :** थाना क्षेत्र के नार्थ जेलगोड़ा निवासी बढ़न भुइयां के 30 वर्षीय शादीशुदा पुत्र ठेका मजदूर अरेन्द्र कुमार की मौत रहस्यमय परिस्थिति में इलाज के दौरान अस्पताल में हो गई है। मृतक के बहन अनिता कुमारी का कहना है कि गुरुवार की रात भाई अरेन्द्र शौच करने के लिए आंगन में निकला और गिर गया था। जिसे इलाज के लिए धनबाद एनएमसीएच ले जाया गया।जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अरेन्द्र की शादी आठ माह पूर्व बोधगया के रहने वाले काजल देवी के साथ हुई थी। घटना से दो दिन पूर्व पत्नी को लाने के लिए गया था।

पत्नी साथ में नही लौटी थी। चर्चा है कि जिससे क्षुब्ध होकर नशीला पदार्थ खा लिया होगा। वैसे रिपोर्ट के बाद ही मौत का खुलासा होगा। मृतक का दाह संस्कार पैतृक गाँव गया में होगी। मृतक की माँ लीला देवी, बड़ा भाई उपेन्द्र भुइयां, बीरेंद्र भईया, राजकुमार व बहन अनिता का रो रो कर बुरा हाल है।

## गिरिडीह में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व, निकाली गई शोभायात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में आदिवासी समुदाय द्वारा गिरिडीह के बस स्टेंड स्थित मांझी थान पर प्रकृति पर्व सरहुल बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यहां संस्कृति रितिरिवाज के साथ पूजन भी किया गया जिसमे गिरिडीह विधायक के साथ समाज के युवक-युवतियों ने भी भाग लिया। इस दौरान गिरिडीह विधायक ने अपने विधायक निधि से मांझी थान निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। रीतिरिवाज के साथ पूजा करने के बाद समाज के द्वारा गिरिडीह में सरहुल की शोभायात्रा



निकाली गई जिसमें महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेश भूषा में नृत्य करते हुए शहर का भ्रमण किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह के अलावा, दिलीप मुर्मू, महेश मरांडी कौलेश्वर सोरेन, प्रधान मुर्मू, महालाल सोरेन, गौरव कुमार, दिलीप मंडल, ज्योतिन्दर प्रसाद, महावीर मुर्मू, रामदेव मुर्मू, बबली मरांडी, हिंगामुनि मुर्मू, गोपाल शर्मा, अभय सिंह, शोभा यादव, नुनुराम किस्कू, बिनोद मुर्मू, आदि के अलावा आदिवासी समुदाय के सैकड़ों की संख्या आदिवासी महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

## ग्लाइडर हादसा की जांच शुरू, इंजन के बंद होने से घटी दुर्घटना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद का हवाई सफर कराने वाले ग्लाइडर के दुर्घटनाग्रस्त मामले में शुक्रवार को रांची से एक जांच टीम पहुंची और बारीकी से दुर्घटना की जांच की। जांच अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल जांच के लिए टीम गठित की जा चुकी है। जांच पूरी होने पर ही कुछ जानकारी दी जा सकती है। बता दें कि गुरुवार की शाम धनबाद हवाईअड्डा से ग्लाइडर के उड़ान भरते ही कुछ ही देर में इंजन बंद होने के कारण ग्लाइडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें पायलट सहित एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद आज एक जांच टीम धनबाद पहुंची। जिस घर पर ग्लाइडर गिरा वहां पर पड़े मलबे की जांच के साथ ही कुछ सैंपल भी जांच टीम अपने साथ ले गई। वहीं घटना के संबंध में फिलहाल जांच टीम कुछ भी बोलने से बचती नजर आई। जांच पूरी होने के बाद पूरी जांच रिपोर्ट विभाग को सौंपने की बात कही।

## फंदे से झूलता मिला महिला का शव

### मायके वालों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गांवा :** थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां पटना गांव निवासी दिनेश पंडित उर्फ बूंदी पंडित के 28 वर्षीय पत्नी नीलम देवी का शव गुरुवार को देर रात फंदे से झूलते हुए बरामद किया गया. घटना की जानकारी पाते ही गांवा थाना पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है. गिरिडीह सदर हॉस्पिटल महिला ने आत्महत्या की है या फिर उसे मारकर फंदे से लटका दिया गया है इस पर अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं हो पाया है. महिला के शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप का माहौल है, वहीं



मायके वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है. घटना की जानकारी देती हुई मृतका की बहन ने बताई की उसकी बहन सुबह करीब 10 बजे मां को फोन कर अपने घर बुला रही थी, लेकिन उसकी मां घर में कोई नहीं होने की वजह से अगले दिन आने की बात अपनी बेटी से कही. मृतका की मौत की खबर उसकी माता पिता को डोमी पंडित ने फोन कर दी. जैसे ही माता पिता के पास खबर पहुंची आनन-फानन में भी बेटी के घर पहुंचे तो देखा कि नीलम फंदे से झूल रहे थे, वही उनके पति तीनों बच्चों को लेकर डोमी पंडित के घर में था. जिस कमरे में महिला का शव मिला है उसके दरवाजे बाहर से बंद थे।

## पुलिस ने की भट्ठे में छापेमारी, दो ट्रक सहित एक जेसीबी मशीन जब्त



**एमपीएल/निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत फटका पांडेयडीह बस्ती समीप स्थित महाकाल कोयला भट्ठा में धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर दो कोयला लदा ट्रक सहित एक जेसीबी मशीन सात साइकिल पर लदा कोयला तथा लगभग 40 टन अवैध कच्चा कोयला परिसर में पड़ा हुआ छापेमारी में जब्त किया । वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को यह गुप्त सूचना प्राप्त हो रही थी कि उक्त भट्ठा में अवैध कोयले का संचालन हो रहा है जिसके बाद टीम गठित कर औचक छापेमारी की गई और छापेमारी में कोयला सहित गाड़ियां भी जप्त की गई । जप्त गाड़ियों को निरसा थाना लाया गया वहीं जब्त अवैध कच्चा कोयला को ईसीएल के साइडिंग में पहुंचा दिया गया । पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की प्रक्रिया कर रही है ।

## संक्षिप्त खबरे

### इमरजेंसी केयर सहयोग से कुशवाहा भवन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** ब्लड बैंक और इमरजेंसी केयर के सहयोग से गुरुवार को लव कुश महासभा के तत्वावधान में कुशवाहा भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों के अलावे दूसरे समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में विशेष कैंप के अलावे ब्लड बैंक में कुल 26 लोगों ने रक्तदान किया। इससे पूर्व कुशवाहा समाज के अध्यक्ष शैलेश कुमार महतो, सचिव नंदलाल महतो, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, राजेश महतो सहित अन्य सदस्यों ने पारंपरिक रूप से शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर अध्यक्ष शैलेश कुमार महतो ने कहा कि कुशवाहा समाज हमेशा से ही मानव सेवा को लेकर समर्पित रहा है। जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना हम सभी का दायित्व है। सचिव नंदलाल महतो ने कहा कि रक्तदान महान सेवा कार्य है।

# लोहरदगा केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में निकाला गयी सरहुल की भव्य शोभायात्रा







प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** केन्द्रीय सरना समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को प्राकृतिक के महापर्व सरहुल का भव्य शोभायात्रा स्थानीय झखरा कुबां से पाहन पुजार द्वारा पूजा अर्चना के बाद निकाला गया। जो मेनका रोड,बड़ा तालाब, थाना टोली, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, शुक्र बाजार, अलका सिनेमा हॉल, न्यू रोड, पावरगंज चौक, कोर्ट रोड एवं शहर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए जिला समाहरणालय मार्ग मैना बगीचा में पहुंच कर समापन एवं मेला समारोह में तब्दील हो गयी। शोभायात्रा में आदिवासी छात्र संघ,सरना प्राथना सभा, राजी पडहा सहित अन्य संगठन शामिल हुए। सरहुल शोभायात्रा में आदिवासी अपने वेशभूषा एवं ढोल नगाडो के साथ महिला पुरूष जमकर नाचे। इस मौके पर मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आज प्राकृतिक पर्व सरहुल की शोभायात्रा पर स्वागत के लिए पुष्प वर्षा शरबत पेयजल एवं चना वितरित कर पूरे शोभायात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज किए। समिति आगे भी इस तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्य करती रहेगी। इनके अलावा विभिन्न सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा स्टाल लगाकर स्वागत किया और चना गुड शर्बत दिया गया। इसके पूर्व स्थानीय झखरा कुबां में पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना की गई और सुख समृद्धि की कामना की गई। सरहुल पर्व शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद नजर आयी। शोभायात्रा यात्रा मे मुख्य रूप से मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव, सुखेर भगत, निशित जयसवाल, सूरज अग्रवाल, संदीप कुमार,मनीर उरांव, सुधीर उरांव, मनी उरांव, अरविंद उरांव, लक्ष्मी नारायण भगत, राजकुमार वर्मा, ओम गुप्ता, रमेश उरांव, राजीव रंजन उर्फ पप्पू, एतवा उरांव, हरीश, फूलदेव उरांव, जलेश्वरउरांव, संदीप उरांव, रामलाल उरांव, सोमदेव उरांव, सोमे उरांव, सुरेंद्र उरांव, अरुणा उरांव, आशीष उरांव, भीख उरांव, इदर्जित उरांव, अरबिंद उरांव, तुलसी उरांव, शिव कार्तिक उरांव, राजमुनी उरांव, सुमति उरांव, बसंती उरांव, सुधा उरांव, सुलेखा उरांव, नीलम उरांव, जनकी उरांव, वीणा उरांव, सुशील उरांव, बिसनी उरांव, जयंती उरांव, बसंती उरांव, बसंती उरांव, नीलम उरांव, सुलेखा उरांव, निकिता उरांव, कौशली उरांव, अंजलमेरी उरांव, रणिता उरांवकंचन उरांव, जसमुनी उरांव, बिना उरांव, ममता उरांव, सालमी उरांव के अलावे हजारों की संख्या में सरना-सनातन के लोग शामिल हुए।

## बॉक्साइट लोडेड ट्रक खाई में गिरा, कोई हताहत नहीं



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के जोबांग थाना क्षेत्र अंतर्गत पाखर रिचुघुटा मुख्य सड़क के बहाबार में बॉक्साइट लोडेड ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। जिससे चालक को हल्की चोटें लगी है। बताया जा रहा है कि घटना बीते रात्रि में पाखर से बॉक्साइट लोड लेकर रिचुघुटा अनलोड करने जाने के क्रम में बहाबार के समीप स्थित घाटी में ट्रक वाहन अनियंत्रित हो जाने से घटना घटी। साथ ही इस घटना में ट्रक वाहन नम्बर जेएच 07 डी 9427 को काफी क्षति पहुंची है। वहीं लोगों का कहना है कि बॉक्साइट ट्रक चालकों के द्वारा लापरवाही एवं तेज गति में वाहन चलाने के कारण आए दिन घटनाएं घटती रहती है।वहीं अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार का कहना है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वालों पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## लोहरदगा जिला में नल-जल योजना सफेद हाथी साबित होगी : रामचंद्र गिरि



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला आजसू पार्टी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने कहा है कि लोहरदगा जिला में बड़े पैमाने पर बनाए जा रहे नल-जल योजना सफेद हाथी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस निमित्त जो जल-मीनार बनाए जा रहे हैं वह काफी घटिया स्तर के बन रहे हैं। उसमें प्राक्कलन के अनुसार छड़, सीमेंट नहीं दिए जा रहे हैं और ना ही टंकी निर्माण में उपयोग किए जा रहे ईटों की क्वालिटी अच्छी है। मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग किया जा रहा है जिससे टंकी का रिसाव होना तय है। मिट्टी युक्त बालू के संबंध में ग्रामीणों के द्वारा सवाल उठाए जाने पर संवेदक के द्वारा कहा जाता है कि ऐसा बालू विभाग के आदेश से दिया जा रहा है। रामचंद्र गिरि ने कहा कि जहां-जहां जल-मीनार बनाए जा रहे हैं उसी के अगल-बगल से किसी नाले से मिट्टी युक्त बालू उठाकर लाए जा रहे हैं और उसी का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। कार्य को देखने वाला विभागीय अभियंता को कोई मतलब नहीं है। संबंधित अभियंता या तो कार्यस्थल पर जाते नहीं है और यदि जाते भी है तो संवेदक से अपना मतलब निकाल कर चल देते हैं। रामचंद्र गिरि ने कहा कि बोरिंग कि गहराई निर्धारित मापदंड के अनुसार नहीं हुआ है। कई स्थानों में तो नया बोरिंग भी नहीं हुआ है और जल-मीनार बनाए जा रहे हैं। शायद बगल में बरसों पहले कराए गए काम चलाऊ बोरिंग में हीं मशीन डालकर इतिश्री करने की योजना हो। रामचंद्र गिरि ने कहा कि यदि कार्य में गुणवत्ता नहीं लाया गया तो बहुत जल्द आजसू पार्टी जिला में हो रहे सभी जल-मीनार एवं खोदे गए बोरिंग की उच्चस्तरीय जांच करा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं संवेदको पर कार्रवाई कराने को बाध्य होगी।

# महिलाओं को दी गई वित्तीय साक्षरता व डिजिटल ट्रांजेक्शन की जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जेएसएलपीएस जलडेगा द्वारा जलडेगा पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को आरबीआई द्वारा दिए गए संदेश वित्तीय अनुशासन, चिंता मुक्त जीवन का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया बालमुनी लुगुन ने की। कार्यक्रम जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकुल खाखा, लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, पंचायत सचिव इनोसेंट बा, बीसी सखी हीरामुनी गुड़िया, रोशन ठाकुर, दीपक बड़ाईक ने महिलाओं को वित्तीय जानकारी प्रदान की और उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होने कहा कि इस माध्यम से लोगों को डिजिटल जमा निकासी समेत बैंक द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं प्रति ग्राहकों को जागरूक करना है। जिससे वह जालसाजी एवं धोखाधड़ी से बच सके। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि की जानकारी दी गई। शिविर में महिलाओं को संबोधित करते हुए केसीसी ऋण, उसकी अदायगी व उद्यमिता विकास के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। बीपीएम मुकुल खाखा ने कहा कि हमेशा अधिकृत संस्थाओं से ही ऋण लें। जब भी कोई व्यक्ति ऋण लें तो अपनी देय मासिक किश्त और देय राशि का भुगतान समय से करें ताकि सिबिल स्कोर खराब न हो व आगे कभी भी बैंक से ऋण लेने में उन्हें कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि बैंक से ऋण लेने में सीबिल स्कोर की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीबिल एक तरह कि क्रेडिट इनफार्मेशन कंपनी है। कोई भी अधिकृत संस्थान आवेदक को लोन देने से पहले जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए उसके क्रेडिट स्कोर की जांच करता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसी बेलमती बोदरा, मुंगेश्वर साहु, आईपीआरपी वसुंधरा कुमारी, लाइवलीहुड सीआरपी संगीता कुमारी, बीएपी ललिता हेमरोम, एडमिन वीरेंद्र तीडू, बसंत लुगुन, बैंक सखी राधा देवी, ममता देवी, किरण देवी, मार्सेला तिग्गा, पुष्पा देवी की सहयोग रहा।

# लापता युवक का शव कुएं से बरामद कारवाई में जुटी पुलिस





प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** गढ़गांव सरना टोली से लापता युवक का शव गांव के ही खेत में स्थित कुंआ से हुआ बरामद सूचना पर पुलिस पहुंच शव को कुएं से निकलवा कर अग्रतर कारवाई में जुटी। सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत गढ़गांव सरना टोली का गढ़गांव दोहर स्थित भीखू उरांव के कुआं से लापता युवक का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान एवं आयता खेस दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को बरामद करते हुए जांच पड़ताल में जुट गये। वहीं मृतक का पहचान स्वर्गीय बुधवा उरांव के 30 वर्षीय पुत्र कामेश्वर उरांव के रूप में किया गया। बताया जाता है कि मृतक कामेश्वर उरांव सोमवार रात्रि में लगभग 10 बजे बिना बताए घर से निकला था जो मंगलवार सुबह तक लौट कर घर नही आया उसके बाद परिजनों ने इधर उधर एवं परिवार में छानबीन करने लगा परंतु कहीं पता नही चला छानबीन के दौरान शुक्रवार को गांव के चरवाहा लोगों के द्वारा भीखू उरांव के कुंआ में तैरता हुआ शव देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों को मिलते ही गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस शव को कुएं से निकलवा कर अग्रतर करवाई में जुट गई। घटना की सूचना पर पंचायत मुखिया बूढ़ेश्वर उरांव, पंचायत समिति सदस्य अनूपा लकड़ा मृतक के घर पहुंच शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि युवक की मौत कुएं में डूबने से होने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## रमजान माह प्रारम्भ शुक्रवार को पढ़ी गई जुम्मे की पहली नमाज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार शाम में चांद देखते ही मुस्लिम धर्मावलंबियों का रमजान माह शुरू हो गया। वही शुक्रवार को रमजान माह का पहला जुम्मा शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के उगरा, सेरेंगहातु, झखरा, कल्हेपाट, अरु, सेन्हा, तोड़ार सहित अन्य मस्जिदो में नमाज अदा किया गया। पहले जुम्मे के मौके पर मौलाना गुलाम सरवर और मौलाना समसुद्दीन ने कहा कि रमजान का महीना मुसलमानों के लिये पाक पवित्र का महीना है। इस माह में अपने दिल ईमान पर काबू रख कर रोजा रखना पड़ता है। यह महीना मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिये अत्यंत ही पाक व बरकत का महकना होता है। साथ ही कहा कि रमजान के महीने में अधिक से अधिक इबादत में वक्त गुजरना चाहिये। उन्होंने रोजेदारों को इफ्तार कराने के बारे में जानकारी देते हुए अल्लाह के बताये मार्ग पर चलने की भी बात रमजान माह में जुम्मे की नमाज अदा कर सुख शांति, अमन चैन के लिये दुआएँ मांगी गई। मौके पर सदर, सेक्रेट्री के अलावे शौकत अन्सारी, रिजवान अहमद, इम्तियाज अन्सारी, गफार अन्सारी, जैनुल आबेदीन, शाहिद अन्सारी, दस्तगीर अन्सारी, मेराज अन्सारी, रेयाज खान, ताहिर अन्सारी, यूनुस अन्सारी, समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रवासी मजदूर के लापता होने की पत्नी ने थाना में अर्जी देते हुए खोज बिन की लगाई गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** भड़गांव ग्राम से पांच माह पूर्व राजस्थान कमाने गए प्रवासी मजदूर का लापता होने की सूचना थाना को देते हुए पत्नी ने लगाई खोज बिन करने की गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव निवासी जलेश्वर महली के पुत्र जगजीवन महली आज से पांच माह पूर्व कमाने राजस्थान गया था। जो लापता हो गया है। जगजीवन महली के पत्नी किरण देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच माह पूर्व मेरा पति कमाने राजस्थान गया था। इस बीच लगतार बात चीत एवं पैसा भेजते रहता था। उसने कहा कि होली पर्व में अपने पति से बात किया उसके बाद 19 मार्च को भी बात हुई थी। बात चीत के दौरान कहा गया था कि ठीकेदार से पैसा मांग कर जल्द घर आ रहें है। लेकिन उसके बाद से आज तक उससे बात चीत नही हो रहा है। और न ही उसके मोबाइल पर फोन लग रहा है। प्रवासी मजदूर से संपर्क परिवार वालों को नही होने से चिंतित हो सेन्हा थाना में अर्जी लगते हुए प्रशासन से सहयोग का गुहार लगाई है। किरण देवी ने कहा कि मेरे पति का दिमागी हालत बीच में खराब था। ठीक होने के बाद बाहर कमाने गए थे। और अच्छे से काम कर रहा था। लेकिन घर आने की बात बोला उसके बाद से संपर्क नही हो रहा है। और न ही किसी प्रकार से जानकारी मिल रहा है।

## अविराम कॉलेज में धूम धाम से मनाया गया सरहुल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में बीएड और डी एल एड संकाय के द्वारा सम्मिलित रूप से सरहुल का पर्व धूम धाम और पूरी आस्था के साथ मनाया गया। ज्ञात हो के प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय में पहान के द्वारा सरहुल की लुका की गई जिन्हे सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा पारपरिक धोती गमझा प्रदान किया गया और सूप की अगवानी की गई। इस अवसर पर बढ़ी तादाद में ग्रामीण बच्चे, महिला और पुरुष उपस्थित थे। सचिव इंद्रजीत कुमार ने उपस्थित अतिथियों डॉ धर्मेश, अमित आदि का स्वागत किया और उन्हें सरहुल के महात्म्य और आदिवासी समाज का प्रकृति के प्रति प्रेम, आदिवासी संस्कृति, धुमकुड़िया, अखरा, जतरा आदि के विषय में बताया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु समेत डॉ प्रतिमा, रेणुका, आफताब, जंगबहादुर, पवन, पंकज, रितिका, ममता, ऋतु, रितिका, शिव, बिनोद, अजॉय, मनु, शशि, चिनिबास आदि ने अतिथियों के साथ मिला कर अखरा जो महाविद्यालय में बनाया गया था उसमे पारंपरिक नृत्य किया और सरहुल की शुभकामनाएं दी, शहीद दिवस के उपलक्ष्य में भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के विषय में राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध द्वारा अवगत कराया गया और पुष्पांजलि दी गई साथ ही सरहुल की शुभकामनाएं दी गई।

## कैरो में प्रकृति का पावन पर्व सरहुल हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्वक हूआ सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 24 मार्च शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय कैरो मे प्रकृति का पावन पर्व सरहुल हर्षोल्लास के साथ सरहुल समिति के अध्यक्ष परमेश्वर भगत की अध्यक्षता में हूई सम्पन्न। इस अवसर पर सर्वप्रथम गाँव के पहांन वीरेंद्र उराँव, पुजार विष्णु उराँव, महतो राम किशून उराँव के द्वारा झखरा स्थल पर विधि विधान से पुजा अर्चना की गई। तत्पश्चात इस अवसर पर आगंतुक अतिथि क्षेत्र के विधायक सह मंत्री डा0 रामेश्वर उराँव के पुत्र रोहित प्रियदर्शी उराँव, विधायक के प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत, जिला परिषद सद्स्य सुखदेव उराँव प्रखण्ड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड 20-सुत्रि अध्यक्ष बुधुवा उराँव, शरत कुमार विद्यार्थी, समाजिक कार्यकर्ता किशोर उराँव, अनिता साहू,थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव,पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार,बजरंग उराँव, मुखिया वीरेंद्र महली,उप मुखिया रवि प्रजापति समेत गणमान्य व महाबीर मंडल के पदाधिकारी, पत्रकार बंधुओ, पुर्व पहान पुजारो एवं खोड़हा दल के लोगों को सरहुल समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## एकल अभियान के तहत अयोध्या नगरी से रामरथ का आगमन, कोलोमडेगा में हुआ भव्य आयोजन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकल अभियान के तहत अयोध्या नगरी से रामरथ का आगमन हुआ, यह रथ प्रत्येक वैसे गांव में भ्रमण करेगा जहाँ एकल विद्यालय संचालित होता है।अभियान के तहत रामरथ कोलोमडेगा गांव पहुंचा, जहां स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के तहत कोलोमडेगा नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव की पूजा पश्चात आरती की गई। आरती के बाद नगर भ्रमण किया गया। गांव में पुनः संध्या भजन, आरती के बाद रात्रि में भगवान राम से संबंधित रामायण की प्रस्तुति दिखाया जायेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने कार्यक्रम में बढचढ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय लोगों सहित अयोध्या नगरी से पधारे बाबा शिवराम जी, संचप्रमुख रामलखन सिंह, संत्यसंग प्रमुख श्रवण साय, आलोक साहू, देवाशीष सरकार, बहाल मोदी, सुरज साहू, पूजा कुमारी, सुरेखा देवी, मुन्नी देवी, अमित बडाईक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चैत्र नवरात्र व रामनवमी को लेकर जलडेगा में हुआ भागवत पुराण कथा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** शैलपुत्री मां दुर्गा मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी महोत्सव को लेकर दुर्गा पूजा आयोजन समिति एवं नवयुवक संघ जलडेगा के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय देवी भागवत पुराण कथा के पहले दिन कथा वाचक ब्यास भागवताचार्य श्री दिनेशानंद मृदुल ने देवी भागवत पुराण कथा का इतिहास वर्णन किया गया। कहा मां भगवती जी की महिमा अनंत है। मां में ही पुरे ब्रह्मांड समायोजित है। सर्वप्रथम इस पृथ्वी में मां का ही आवरण होता है, ऐ प्राकृतिक क्या है हमारी मां है, अन्नपूर्णा, बसुन्धरा, पृथ्वी हमारी मां है, जिसने नौ महीने गर्भ में लाती है, जन्म होने के बाद स्तन को पिलाया, अन्गुली पकड़कर चलाया, जिसका नाम पहली बार मुख आया वो हमारी मां है कहा मां इतनी बड़ी शब्द है जिसमें प्रेम ही प्रेम है। ब्यास जी महाराज गितो के लय में मां को कहते हैं तुम कितनी अच्छी है, प्यारी प्यारी है वो मां, वो मां पर श्रोताओं काफी भावनात्मक लगे। कथा पुर्व समिति अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने ब्यास भागवताचार्य श्री दिनेशानंद मृदुल जी की एवं ब्यास पीठ की पुजन के बाद कथा प्रवचन का शुभारंभ किया गया। भजन गायक मण्डली गायक अरविंद अनमोल द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई । ढोलक में मुकेश ढोलकिया, आटो पैड में मनिष कुमार, आचार्य अमित तिवारी, दुर्गेश शुक्ला ने साथ दिया। मौके पर काफी संख्या श्रोता उपस्थित थे।

# मारवाड़ी समाज की महिलाओं का 18 दिनों से चल रही गणगौर पूजा हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मारवाड़ी समाज की 51 महिलाओं के द्वारा अपने परंपरिक राजस्थानी वेशभूषा के साथ धूमधाम से,एक दूसरों को गुलाल लगाकर एवं अपनी लोकगीत गीत गाते हुए ठाकुरबाड़ी तलाब गुदरी बाजार लोहरदगा में गणगौर जी की प्रतिमा को विसर्जन की। यह गणगौर पर्व होली के दूसरे दिन से अपने घरों पर कुंवारी लड़कियां अपने अच्छे मनचाहे वर की कामना को लेकर और नवविवाहित कन्या अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर अपने मायके में पहला गणगौर की पूजा अर्चना करती है, जो कि अट्ठारह दिनों तक चलती है, और उसके उपरांत मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अपने प्रामपरिक तरीकों से धूमधाम से विसर्जन किया जाता है? यह उत्सव लगातार राजस्थान में 18 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है प्रीति केडिया एवं सीमा केडिया के द्वारा सबसे सुंदर एवं मनमोहक रूप से गणगौर जी को सजाया गया था जिन्हें सम्मानित रूप से सभी ने झूला पर बैठा कर झूला झुलाया। इस परंपरिक महागणगौर महोत्सव पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आज गणगौर जी की विसर्जन कार्यक्रम पर शकुंतला राजगढ़िया, ममता बंका,कल्याणी पोद्दार, अनीता पोद्दार, अंजली सर्राफ, दीपा पोद्दार, मंजू मोदी, मीना बंका, मंजू पोद्दार, अंकिता बंका, नीतू पोद्दार, रेनू सराफ, प्रीति केडिया, नीलू शर्मा, रखिया पोद्दार, रितु शर्मा,मोनिका पोद्दार, मीना पोद्दार, निधि बंका, सीमा केडिया, मीनू सिन्हा, रेखा बंका, प्रीति केडिया, शिल्पा पोद्दार, रज्जू मोदी, रश्मि अग्रवाल, संगीता मित्तल, रिशु पोद्दार, कृष्णा केडिया, अंकिता बंका, अंजू सर्राफ, रितु शर्मा, आशा पोद्दार, दीप्ति शर्मा, रितु अग्रवाल आदि शामिल थी।

## युवक ने अपनी ही बहन को कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत की घाट



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई पंचायत अंतर्गत पंडरिया टाना टोली में गुरुवार की देर रात मानसिक रुप से कमजोर युवक ने अपनी छोटी बहन को कुल्हाड़ी से काटकर मौत का घाट उतार दिया है। इसकी सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने घटनास्थल पहुंच मानसिक रुप से कमजोर युवक व घटना में प्रयुक्त हथियार कुल्हाड़ी को जब्त कर लिया है। साथ ही आरोपित पंडरिया निवासी लल्लू भगत के पुत्र सुनील भगत (20 वर्ष) को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा की पंडरिया टाना टोली में बीती रात लल्लू टाना भगत के पुत्र सुनील टाना भगत ने अपने घर में दूसरे कमरे में सो रही छोटी बहन सुमति कुमारी (16 वर्ष) को कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि विगत तीन-चार वर्षों से सुनील की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इधर भंडरा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर भेज दिया है। साथ ही आरोपित को जेल भेजा जा रहा है। घटना के दौरान घर के सभी सदस्य सोए हुए थे।



# झारखण्ड सोरकार अबुआ: बजट 2023-24

## बजट रेया: मूड़ बिंदु

### कृषि

- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना रे 4.5 लाख ऐ,ते पुरे: किसान को ₹1,727 करोड़ रेया: ऋण माफी
- सुखाड़ राहत योजना लागिड 13 लाखकिसान कोवा: खाता रे ₹461 करोड़ रेया: राशि हस्तांतरित जाना ओन्डो: सारे:या कन को देंगा को एमो:वा
- 5 एकड़ेते कोम क्षेत्र रेया बांदा रेया: लोसोड आतोमे लागिड ओन्डो: डीप बोरिंग लागिड ₹500 करोड़
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना रे लाखों किसान को जुड़ी ने ऐना लागिड ₹300 करोड़ रेया बजट मेना:
- गिरिडीह ओन्डो: जमशेदपुर रे नामा डेयरी प्लांट ओन्डो: रांची रे दूध उत्पाद प्लांट स्थापित होबाना
- लाखों दूध उत्पादक को ना:एते ₹3 प्रति लीटर रेया: दर ते प्रोत्साहन राशि को नामेया
- मिलेट उत्पादन रेया: प्रोत्साहन लागिड झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन रेया: शुरुवात होबाना

### ग्रामीण विकास

- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन पायेते 1 लाख किसान कोवा: निजी ओते रे सिंचाई कूप रेया: निर्माण होबाना
- पी एम आवास - ग्रामीण इलाका रे ओवा: बई लागिड ₹3,542 करोड़ रेया: प्रस्ताव होबाकाना

### ग्रामीण कार्य

- पी एम ग्राम सड़क अंतर्गत 3,100 किमी होरा ओन्डो: 143 पुल बाई तेया: योजना मेना:
- सी एम ग्राम सड़क अंतर्गत साबिन स्वास्थय उपकेंद्र, बाजार-हाट , पंचायत कार्यालय, मिडिल-हाई स्कूल, पोस्ट-ऑफिस, बैंक को पक्का होरा लो:ते जोड़ावे तेया योजना
- पापारी होरा को बाईउरे लागिड होरा रेया: सतह नवीकरण ओन्डो: विशेष मरम्मति रेया: योजना शुरु होबाना

### स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा

- 80 उत्कृष्ट स्कूल ओन्डो: 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल को लो: ते 4,091 ग्राम पंचायत स्तर रे आदर्श स्कूल रेया: पनाइटी होबान तना
- नेतरहाट स्कूल लेका चाईबासा, दुमका ओन्डो: बोकारो रे आवासीय विद्यालय रेया: निर्माण होबाना
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना ओन्डो: एकलव्य प्रशिक्षण योजना पायेते करीब 37,000 छात्र -छात्रा को लाभ एमा को तेया: लक्ष्य मेना:

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग

- मुख्यमंत्री सारथी योजना पायेते 14,0000 सेपेड-हापानुम को कौशल प्रशिक्षण को नामेया।
प्रशिक्षण तायोम ते रोजगार का नामो: रे 6 महीने लागिड सेपेड को ₹1,000 ओन्डो: हापानुम ओन्डो: दिव्यांग को ₹1,500 प्रति महीने को नामेया

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण

- वित्तीय वर्ष 2022-23 रे प्री मेट्रिक छात्रवृति तहत 22 लाख ऐते पुरे: पटुवा को ₹462 करोड़ ऐते पुरे: को भुगतान याना
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (ब्जम्ळच्) पायेते 5,600 युवा को ना: जोन्ग लाभ को नामा कड़ा। 2023-24 रे योजना पायेते 2 लाख युवा को लाभ एमा को तेया: लक्ष्य मेना:
- साबिन छात्रावास रे छात्र -छात्रा को नि:शुल्क जोमा:-मांडी ओन्डो: हॉस्टल रे रसोईया ओन्डो: एमन कर्मी को टाइने
- हॉस्टल रे मॉडल लाइब्रेरी रेया स्थापना रेया: लक्ष्य मेना:
- जनजातीय संस्कृति ओन्डो: कला केंद्र रे पारम्परिक वाद्ययंत्र रेया: आपूर्ति रेया: प्रस्ताव मेना:
- मानकी, मुंडा, डाकुआ एमन को न्यायिक, प्रशासनिक ओन्डो: वित्तीय पनाइटी लागिड दोपहिया वाहन एमा को तेया: प्रस्ताव मेना:

### स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण

- बेकारो ओन्डो: रांची रे मेडिकल कॉलेज रेया: स्थापना होबाना
- पलामू, चाईबासा ओन्डो: दुमका रे मनोचिकत्सा केंद्र रेया: स्थापना प्रस्तावित मेना:
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक रेया: सञ्चालन ओन्डो: प्रबंधन
- नामा नर्सिंग ओन्डो: फार्मेसी कॉलेज रेया: स्थापना होबाना

### महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा

- सर्वजन पेंशन योजना लागिड ₹2,131 करोड़ प्रस्तावित मेना:
- महिला ओन्डो: किशोरी कल्याण योजना रेया: शुरुवात होबाना
- 800 नामा आंगनवाड़ी भवन रेया: निर्माण होबाना

### जल संसाधन

- पटमदा ओन्डो: पलामू रे मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना प्रस्तावित मेना:। दुमका रे मसलिया-रानेश्वर ओन्डो: देवघर-जामताड़ा रे सिकटिया रे मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना रेया: पनाइटी होबान तना

### पथ निर्माण

- रांची रे सिरमटोली चैक ऐते राजेंद्र चैक जोका फ्लाईओवर, कांटाटोली फ्लाईओवर ओन्डो: विकास विद्यालय ऐते नामकुम जोका फोरलेन रेया: पनाइटी होबान तना
- नेन होरा को बाइओतेया: मेना:
  1.साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा-दुमका-गोविंदपुर
  2.कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुंडी-गोविन्दपुर (SH-13)
  3. सतसंग-भिरखीबाद

### ऊर्जा

- 100 यूनिट नि:शुल्क बिजली योजना रे 18 लाख उपभोक्ता को लाभ को नामे ताना।
वत्तिीय वर्ष 2023-24 रे योजना लागिड ₹2,300 करोड़ रेया: बजट मेना:

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य

- खेलकूद को बढ़ाओ लागिड ग्रास रुट ट्रेनिंग सेंटर ओन्डो: सिद्धो-कान्हू युवा क्लब रेया: स्थापना होबाना

### नगर विकास एवं आवास

- रामगढ़ ओन्डो: सिमडेगा शहरी जलापूर्ति ओन्डो: 45 बाँदा को रेया: जीर्णोदार होबाना
- झुमरीतिलैया ओन्डो: मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना ओन्डो: रांची इंटेक वर्क्स रेया: निर्माण होबाना
- JHARKHAND MUNICIPAL DEVELOPMENT PROJECET (JMDP) रे लोहरदगा, गुमला ओन्डो: कपाली नगर निकाय रे शहरी जलापूर्ति योजना रेया: पनाइटी आयोबो: लागिडकोरे कमी एयहोबोआ

### वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन

- लघु वन उत्पाद कोवा: प्रसंस्करण इकाई कोवा: प्रोत्साहन
- बुरु बितर मेना: हातु को, ओकोन रे ना: जोका पक्का होरा का सेटेरा काना, एन साबिन हातु को पक्का होरा लो: जोड़ावे तेया: लक्ष्य

PR NO-293407(IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार